सुप्रभात
रांची, रविवार
16.06.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net जेष्ठ, शुक्ल पक्ष, दशमी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 332



12 सनी लियोनी ने स्कूल में बच्चों के साथ की मस्ती

## न्यूज डायरी

### चालक की झपकी ने ले ली 14 श्रद्धालुओं की जान

**देहरादून (उत्तराखंड)।** रुद्रप्रयाग में एक सड़क हादसे में अभी तक 14 लोगों की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि रुद्रप्रयाग में यह हादसा ड्राइवर की आंख लगने से हुआ। चालक को नींद की झपकी आ गयी और अलकनंदा नदी में जा गिरा।

### गिरिडीह में संत मोरारी बापू की रामकथा शुरू

**गिरिडीह।** जैनियों के विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल मधुबन में शनिवार से प्रसिद्ध रामकथा वाचक मोरारी बापू की नौ दिवसीय रामकथा शुरू हुई। शनिवार की शाम जैसे ही मोरारी बापू कार्यक्रम स्थल पहुंचे, वैसे ही लोग जय श्रीराम और जय हनुमान के जयकारा लगाने लगे। रामकथा में उन्होंने कहा, सम्मेद शिखर स्थित इस रामकथा में हमारा केंद्रीय विषय मानस सम्म शिखर रहेगा। सम्मेद शिखर का अर्थ समता का शिखर भी है। इसका एक और अर्थ करुणा का शिखर, संवेदना का शिखर भी है।

### 18 को पीएम मोदी 9 करोड़ किसानों को देंगे खुशखबरी

**नयी दिल्ली।** देशभर के 9 करोड़ से ज्यादा किसानों को अगले हफ्ते अच्छी खबर मिलने वाली है। पीएम-किसान सम्मान निधि स्कीम की 17वीं किस्त 18 जून को वाराणसी से मोदी लाभार्थी किसानों के लिए 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की 17वीं किस्त जारी करेंगे।

### सिमडेगा में सड़क हादसा बाइक सवार दो की मौत

सिमडेगा। कोलेबिरा थाना क्षेत्र के एनएच 143 पर स्थित मां गायत्री फ्यूल सेंटर के पास एक ट्रेलर ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में सवार दो लोगों की मौत हो गयी। दोनों एक ही बाइक से कोलेबिरा किसी के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। इस दौरान तेज गति से आ रही ट्रेलर ने बाइक को सीधी टक्कर मार दी। घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गयी।

### बालू माफिया दारोगा की दो उंगलियां काटी

**पटना।** बेतिया में अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई के दौरान पिपरा गांव में बालू माफियाओं ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। अपराधियों ने पुलिसकर्मियों को बुरी तरह पीटा। इतना ही नहीं, उन्होंने एक दारोगा की उंगलियां तक काट डालीं।




दिल्ली लौटे मोदी, कहा जी-7 शिखर सम्मेलन काफी उपयोगी

# हमारा लक्ष्य भावी पीढ़ियों को एक बेहतर दुनिया देना

### ऐसे समाधान तैयार करना है, जिससे पूरी दनिया को लाभ हो

**एजेंसी**

**अपुलिया/नयी दिल्ली।** पीएम मोदी जी7 शिखर सम्मेलन की समाप्ति के बाद शुक्रवार को इटली से स्वदेश लौट आये। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट किया, अपुलिया में जी7 शिखर सम्मेलन में बहुत ही उपयोगी रहा। विश्व नेताओं से बातचीत की और विभिन्न विषयों पर चर्चा की। साथ हम सब को बेहतर दुनिया के लिए मिल कर काम करना है। हमारा लक्ष्य अपनी भावी पीढ़ियों के लिए एक बेहतर दुनिया का निर्माण हो। वहां उन्होंने आउटरीच शिखर सम्मेलन में भाग लिया और कई विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। आउटरीच सत्र कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ), ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर पर केंद्रित था। सम्मेलन में मध्य पूर्व, गाजा और यूक्रेन में चल रहे संघर्षों पर चर्चा हुई। विश्वभर के नेता इन जटिल भू-राजनीतिक चुनौतियों से निपटने और समाधान के तरीकों पर बात की।

**सफल रहे जी 7 सम्मेलन :** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने एक पोस्ट में कहा कि इस यात्रा से शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले देशों के साथ भारत की साझेदारी गहरी हुई है। उन्होंने कहा, पीएम मोदी की नयी दिल्ली के लिए उड़ान भरने के साथ ही इटली की सफल यात्रा संपन्न हुई। जी7 मंच के तहत प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर सार्थक बातचीत हुई और शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले देशों के साथ भारत की साझेदारी गहरी हुई। मोदी ने अन्य भाग लेने वाले नेताओं के साथ जी7 में एक ग्रुप फोटो भी खिंचवाया है। इटली की पीएम के निमंत्रण पर जी7 शिखर सम्मेलन में मोदी ने भाग लिया था।

## फिर चर्चा में मोदी-मेलोनी की सेल्फी

### मोदी बोले अमर रहे भारत और इटली दोस्ती

**नयी दिल्ली।** इटली में उस समय एक बार फिर 'मेलोडी' मोमेंट देखने को मिला, जब इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने पीएम मोदी के साथ सेल्फी ली। इटली के पुगलिया में जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए पीएम मोदी इटली सम्मेलन के मौके पर पीएम मोदी मोदी और उनकी इतालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी ने एक सेल्फी क्लिक की। सेल्फी में दोनों नेता मुस्कुराते देखे गये। जॉर्जिया मेलोनी ने मोदी के साथ सेल्फी का वीडियो शनिवार को साझा किया। पांच सेकंड का यह वीडियो शनिवार को मेलोनी ने अपने एक्स अकाउंट पर शेयर किया। फिर पीएम मोदी ने वीडियो को फिर से शेयर किया और लिखा, 'भारत-इटली की दोस्ती अमर रहे! इटली की पीएम ने मोदी को तीसरे कार्यकाल की बधाई डी दी। पिछले साल दिसंबर में दोनों नेताओं ने दुबई में 28वें कॉन्फ्रेंस ऑफ द पार्टीज (सीओपी 28) के मौके पर एक सेल्फी क्लिक की थी। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय रक्षा और सुरक्षा सहयोग पर चर्चा की और रक्षा औद्योगिक सहयोग को और बढ़ाने की उम्मीद जतायी। बयान में कहा गया कि इस साल के अंत में इतालवी विमानवाहक पोत आईटीएस कैवूर और प्रशिक्षण जहाज आईटीएस वेस्पुची भारत आयेंगे।



# जमीन हेराफेरी में नपे राज्य सेवा के अफसर

## सीएम की पहल पर आरके सिंह के खिलाफ चलेगी विभागीय कार्यवाही

### खासमहाल जमीन को दिखाता था रैयती

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। राज्य प्रशासनिक सेवा (राप्रसे) के अधिकारी राजीव कुमार सिंह (आरके सिंह) पर सरकारी गाज गिरी है। सीएम के आदेश पर सरकार ने राजीव कुमार सिंह के खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है। उनपर खासमहाल की जमीन को रैयती दिखा कर जमाबंदी कराने समेत कई गड़बड़ी का आरोप था। उल्लेखनीय है कि हजारीबाग सदर के तत्कालीन अंचल अधिकारी आरके सिंह हजारीबाग कैंटोनमेंट खाता संख्या-68, प्लॉट संख्या-366-387, रकबा क्रमशः 0.24 एकड़ और 0.28 एकड कुल रकबा 0.52 एकड़ भूमि, जो खास महाल थी, उसे रैयती भूमि दिखाकर जमाबंदी करने के आरोप में मामला दर्ज है। इसके अलावा सरकारी भूमि का गलत तरीके से खरीद-बिक्री को प्रोत्साहन देने और सरकारी भूमि को नुकसान पहुंचाकर सरकारी लीज भूमि से प्राप्त हाने वाला राजस्व को क्षति पहुंचाने का भी आरोप है। प्रथम दृष्टया में इनके ऊपर लगे आरोप प्रमाणित पाये गये हैं। सरकार के स्तर पर आरोपों की जांच के लिए रिटायर्ड आईएएस गणेश कुमार को जांच पदाधिकारी बनाया गया है।

**जमीन घोटाला मामले में दर्जनों बैंक खाते फ्रीज :** वहीं दूसरी ओर इडी ने जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाने वाले सिंडिकेट के सदस्यों के दर्जनों बैंक खाते फ्रीज कर दिये हैं। इस मामले में रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के प्रधान सहायक असित बरन दास, रांची नगर अंचल के सीओ मुंशी राम समेत दो दर्जन बैंक अधिकारी गवाह बनाये गये हैं। कोलकाता और रांची से जुड़े कई लोग जमीन घोटाले मामले में गवाह भी बन गये हैं। ईडी ने रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के दो कर्मचारियों संजीत कुमार और तापस घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस की ओर से हेयर स्ट्रीट थाने में एक मामला भी दर्ज कराया गया था, जिसमें रांची की जमीनों से जुड़े फजीर्वाड़े की जांच की जा रही है।

**किस-किस के खाते में कैसे हुआ पैसों का लेन-देन :** ईडी ने शहर अंचल के क्लर्क व चार्जशीटेड मनोज कुमार यादव के बैंक खातों की पड़ताल में पाया है कि 2 नवंबर 2023 व उसके बाद की दो तारीखों में 1.50 लाख व साल 2018-22 के बीच कुल 3.59 लाख रुपए का भुगतान जमीन सिंडिकेट के आरोपियों ने किया था। मो इरशाद के एक्सिस बैंक के खाते में आरोपी मो सद्दाम हुसैन, अफसर अली ने 12.25 रुपए डाले थे। बदले में इरशाद फर्जी डीड की राइटिंग करता था। संजीत घोष को कागज उपलब्ध कराने के एवज में महज 60 हजार दिए गए थे। सिंडिकेट सदस्य सद्दाम हुसैन के एचडीएफसी बैंक के खाते से अंतु तिर्की, प्रियरंजन सहाय, शेखर कुशवाहा, मो इरशाद के साथ ट्रांजेक्शन के साक्ष्य मिले हैं। बरामद डायरियों में बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से कैश लेन-देन के साक्ष्य एजेंसी को मिले हैं।

**इनके खाते किये गये फ्रीज :** इडी चार्जशीट में बताया है कि जमीन घोटाला मामले में प्रियरंजन सहाय और उनकी पत्नी के तीन बैंक खातों में जमा 24.90 लाख रुपये और छापेमारी के दौरान मिले छह लाख रुपये फ्रीज कर दिये गये। वहीं नगर अंचल के लिपिक मनोज कुमार यादव का बैंक खाता भी फ्रीज कर दिया गया है।

जमीन सिंडिकेट के सदस्यों ने मनोज यादव और उनकी पत्नी रेखा यादव के बैंक खातों में अलग-अलग तिथियों में कुल 5.07 लाख रुपये जमा कराये थे। प्रियरंजन सहाय के इंडियन बैंक खाते में जमीन सिंडिकेट के लोगों ने 11 सितंबर 2019 से 11 जुलाई 2023 के बीच 15.18 लाख रुपये जमा कराये थे। इडी के अनुसार पैसों का लेन-देन 4.83 एकड़ जमीन को लेकर किया गया था, जिसका एग्रीमेंट शेखर कुशवाहा व प्रियरंजन सहाय ने किया था। वहीं विपिन सिंह के खाते में 1 फरवरी 2019 से 30 दिसंबर 2023 तक 15.84 लाख रुपए जमा किये गये थे। जमीन के लिए सादे पन्नों का जुगाड़ करने वाले रजिस्टार ऑफ एश्योरेंस के कर्मी तापस घोष व उसकी पत्नी के खाते में अलग-अलग तारीखों में कुल 8 लाख जमा कराये गये थे।

# मुठभेड़ में आठ नक्सली ढेर, एक जवान शहीद

**एजेंसी**

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर नारायणपुर के अबूझमाड़ के कुतुल इलाके में शनिवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच दुबार हुई मुठभेड़ आठ नक्सली मारे गये है। मुठभेड़ में नक्सलियों की गोली से एक एक जवान शहीद हो गया और दो अन्य घायल हो गये हैं। मारे गये नक्सलियों की संख्या और बढ़ सकती है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक पी सुंदरराज ने बताया कि नक्सल विरोधी संयुक्त अभियान बुधवार से ही जारी है। इसी क्रम में शनिवार को फिर मुठभेड़ हुई। अभियान में नारायणपुर, बस्तर, कोण्डागांव, कांकेर, दंतेवाड़ा जिला में रिजर्व पुलिस फोर्स, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल और तिब्बत सीमा सुरक्षा बल के जवान शामिल हैं।

**1400 जवान अभियान में शामिल**

उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुतुल, फरसबेड़ा, कोड़तामेटा इलाके में



भारी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। मुखबिर की इसी सूचना के बाद बस्तर संभाग के जगदलपुर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव और कांकेर से करीब 1400 जवानों को अभियान में शामिल किया गया है। पुलिस और जवानों की संयुक्त टीम ने नक्सलियों के ठिकाने को घेर रखा है। एक दिन पहले भी जवानों की इस संयुक्त टीम के साथ दिनभर रुक-रुककर गोलीबारी होती रही थी।

### कस्तूरबा विद्यालय की गर्भवती बच्ची की मौत

**हजारीबाग।** बरकट्ठा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की नौंवी की छात्रा की मौत हो गयी। वह सात माह की गर्भवती थी। जानकारी के अनुसार तबीयत बिगड़ने के बाद उसे हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां से आनन-फानन में उसे रिम्स रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में ही छात्रा ने दम तोड़ दिया। छात्रा के पिता ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। बताया गया कि कस्तूरबा गांधी की छात्रा ने 28 मार्च को बरकट्ठा थाना में लिखित आवेदन देकर कहा था कि करीब दो वर्ष पूर्व उसका फेसबुक के माध्यम से ग्राम तेलोडीह बरही निवासी रूपेश राम (पिता महेंद्र राम) से प्रेम प्रसंग चल रहा था। शादी का प्रलोभन देकर उसने बार-बार उसने यौन शोषण किया। इससे वह गर्भवती हो गयी। इसकी जानकारी जब रूपेश राम को दी गयी तो वह शादी मुकर गया। पीड़िता ने घटना की पूरी जानकारी अपने परिजनों को भी दी थी। इस संबंध में बरकट्ठा थाना में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

सिकल सेल एनीमिया जागरूकता दिवस

सभी सरकारी अस्पताल में निःशुल्क जाँच कराएं

**सिकल सेल रोग क्या है?**
- सिकल सेल अनुवांशिक रोग होता है.
- जब तक खून की जाँच नहीं करायी जाए रोग का पता नहीं चलता.
- परिवार के वैसे सदस्य, जिनकी उम्र शून्य से 40 वर्ष हो, सिकल सेल जाँच अवश्य कराएं.
- जाँच जरूरी है, नहीं तो मरीज को अन्य शारीरिक जटिलताओं का सामना करना पड़ सकता है.
- परिवार में किसी को सिकल सेल एनीमिया हो, तो परिवार के सभी सदस्य सिकल सेल जाँच जरूर कराएं.

**सिकल सेल एनीमिया के लक्षण**
- एनीमिया/पीलापन दिखाई देना.
- बार-बार संक्रमण/बीमार होना.
- थकान, बुखार एवं सूजन तथा कमजोरी महसूस करना.
- रोग प्रतिरोधक क्षमता घट जाना.
- जोड़ों में दर्द या सूजन.
- छाती में दर्द, साँस फूलना, पीठ/पेट में दर्द.

**रोगी क्या नहीं करें :-**
- ज्यादा गर्मी या धूप में बाहर नहीं निकलें.
- ज्यादा ऊँचाई वाले पहाड़ों, हिल स्टेशन पर न जाएँ.
- ज्यादा ठण्ड में बाहर जाने से बचें.
- समय-समय पर डॉक्टर की सलाह लें.

**बच्चों की देखभाल :-**
- बच्चे को सिकल सेल एनीमिया हो, तो स्कूल के प्रिंसिपल/प्राचार्य तथा कक्षा शिक्षक को इसकी जानकारी दें.
- स्कूल में शारीरिक श्रम/व्यायाम या भारी काम न करवाने की जानकारी शिक्षक को दें.
- कक्षा में पीड़ित बच्चे को बार-बार पेशाब आने पर शिक्षक शौच जाने की अनुमति दें.
- शिक्षक को आपातकालीन लक्षणों की जानकारी दें.

आपातकालीन स्थिति में किसी भी मरीज़ को एम्बुलेंस द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पर पहुँचाने हेतु निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 108 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन-आरोग्य योजना की जानकारी हेतु निःशुल्क डायल करें (टॉल फ्री) नम्बर-14555/10883456540

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी/शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
PRNO 326601 (Health Med Edu and Family Welfare) IPRD 24-25

# झारखंड को एक और वंदे भारत ट्रेन की सौगात

## यात्री हित में कवच सिस्टम शीघ्र, ट्रेनों के रद्द होने की सूचना 120 दिन पूर्व : जीएम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर, रांची।** झारखंड को एक और वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिलनेवाली है। यह ट्रेन टाटानगर स्टेशन से जल्द ही शुरू होगी। बोर्ड स्तर पर फैसले के बाद यह वंदे भारत ट्रेन कहां से कहां तक चलेगी, इसकी जानकारी दी जायेगी। यह जानकारी शनिवार को दक्षिण-पूर्व रेलवे के जीएम अनिल कुमार मिश्रा ने दी। उन्होंने यह भा बताया कि दक्षिण-पूर्व रेलवे, यात्री ट्रेनें और मालगाड़ियों के परिचालन को सुचारू करने के लिए चौथी लाइन तैयार की जायेगी। श्री मिश्र ने शनिवार को टाटानगर स्टेशन के निरीक्षण के दौरान उन्होंने पत्रकारों से ये उक्त बातें कही। जीएम ने कहा कि दक्षिण पूर्व रेलवे को कई वंदेभारत ट्रेन मिली हैं। उन्होंने कहा कि टाटानगर रेलवे स्टेशन पर तीन नये प्लेटफॉर्म और आदित्यपुर में दो अतिरिक्त



प्लेटफॉर्म बनाया जायेगा।

**दक्षिण-पूर्व रेलवे में लागू होगा कवच :** जीएम ने कहा कि बालेश्वर हादसे के बाद यत्रियों की सुरक्षा के लिए कवच सिस्टम लॉन्च किया गया था। दक्षिण-पूर्व रेलवे में भी कवच सिस्टम लागू किया जा रहा है। 160 केएमपीएच वाले एरिया में अभी दिल्ली से हावड़ा और दिल्ली से मुंबई तक कवच लगाया जा रहा है, ताकि ट्रेनों की दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इसे लगाने के लिए सर्वे का काम शीघ्र पूरा जायेगा।

(शेष पेज 11 पर)

### समय पर चलेंगी ट्रेनें, चौथी लाइन की भी तैयारी शुरू

जीएम ने कहा कि यह सही है कि ट्रेनें देर से चल रही हैं। स्पेशल ट्रेनों के कारण रेगुलर का परिचालन भी प्रभावित हुआ। अब इसको दुरुस्त करने का काम चल रहा है. देश को अगर विकास के पथ पर ले जाना है, तो संसाधन तैयार करना होगा. इसके कारण ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है। समय पर ट्रेनें चले, यह सुनिश्चित कराया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि रेलवे ने तय किया है कि किसी भी ट्रेन के रद्द होने की सूचना 120 दिन पहले दे दी जायेगी, ताकि यात्री अपनी सहूलियत के अनुसार टिकटों की बुकिंग कर सकें।

# झारखंड में 18 जून तक रहेगा हीट वेव का असर इस दौरान कुछ हिस्सों में बारिश की भी संभावना

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्यवासियों को अभी गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। मौसम विज्ञान केंद्र ने 18 जून तक राज्य में हीट वेव चलने की जानकारी दी है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य के उत्तर पश्चिमी हिस्से में 18 जून तक हीट वेव का असर देखा जायेगा। इसमें पलामू, चतरा, गढ़वा, लातेहार जिला सबसे



अधिक प्रभावित होंगे। 18 जून तक के लिये इन जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, 16 और 17 जून को राज्य के अधिकांश हिस्से में हीट वेव की जानकारी दी गयी है। इसमें उत्तर प>िम, दक्षिण और निकटवर्ती मध्य हिस्से में हीट वेव की जानकारी दी गयी है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 17 जून से कुछ हिस्सों में बारिश होने की जानकारी दी जा रही है। लेकिन मानसून प्रवेश 20 जून तक करेगा। ऐसे में लोगों को 20 जून तक गर्मी और उमस का कहर झेलना होगा।

हालांकि मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 16 जून दोपहर बाद राज्य के कुछ हिस्सों में मौसम में बदलाव होगा। इस दौरान राज्य के उत्तर पूर्वी, दक्षिणी और मध्य हिस्से में तेज हवाओं के साथ वज्रपात की संभावना व्यक्त की गयी है। इस दौरान हवा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलेगा। राजधानी रांची की बात करें तो 16 जून से राजधानी में बादल छाये रहने के साथ ही हल्के दर्जे की बारिश की जानकारी दी गयी है। इसके साथ ही 17 जून से तापमान में कमी होने की जानकारी दी गयी है। जो तीन से चार डिग्री तक की गिरावट होगी।

# बकरीद के मद्देनजर पूरे राज्य में सुरक्षा बढ़ायी गयी, रैफ और बम निरोधक दस्ते की हुई तैनाती

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बकरीद 17 जून को है। बकरीद पर्व के मददेनजर राज्यभर में सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। मुस्लिम समुदाय के त्योहार ईद-उल-अजहा के मद्देनजर पुलिस मुख्यालय ने सुरक्षा-व्यवस्था के चाक-चौबंद इंतजाम किये हैं। ईद-उल-अजहा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस 2300 अतिरिक्त जवानों के साथ साथ रैफ और बम निरोधक दस्ता की तैनाती की गई है। डीजीपी के आदेश पर आईजी अभियान ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। शनिवार से लेकर आगामी मंगलवार तक राज्य के विभिन्न जिलों में तैनाती की गई है। राज्य भर के थानों में सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील स्थान चिह्नित किये गये हैं। रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, गिरिडीह में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है। इन जिलों में रैफ की कंपनी को भी तैनात किया गया है।



**सुरक्षा उपकरण के साथ तैनात रहेंगे जवान :** बकरीद को लेकर सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। जो जिले में तैनात रहकर अराजक तत्वों पर नजर रखेगा। जिले के एसपी को बकरीद के दौरान जवानों की प्रतिनियुक्त सभी सुरक्षा उपकरणों के साथ आवश्यकतानुसार स्थानों पर करने का आदेश जारी किया गया है। संवेदनशील इलाको में दंगा नियंत्रण उपकरणों, लाठी, हेलमेट, बाडी प्रोटेक्टर, केन शील्ड, टियर गैस गन समेत अन्य उपकरण के साथ जवान तैनात रहेंगे। ड्रोन कैमरों के माध्यम से भी उपद्रवी तत्वों पर निगरानी रखी जाएगी।

## खबर एक नजर में

### कैबिनेट की बैठक 19 को, मिलेगी विकास योजनाओं को स्वीकृति

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 19 जून को बुलायी गयी है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट भवन में शाम चार बजे से बुधवार को होनेवाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जाने की संभावना है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग में इस संबंध में सभी विभाग को सूचित कर दिया है। कैबिनेट की बैठक में विकास कई योजनाओं को स्वीकृति मिलेगी। सड़क, पुल सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं को मंजूरी दी जायेगी।

### आजसू केंद्रीय समिति की बैठक आज रांची में

**रांची।** आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के अध्यक्षता में रविवार को कांके रिंग रोड, रांची स्थित सुनैना बैंक्वेट हॉल में केंद्रीय समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, विधानसभा प्रभारी, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष एवं सचिव, जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य, प्रमुख एवं उपप्रमुख, महानगर अध्यक्ष एवं सचिव भाग लेंगे।

### राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष सीएम से मिले, आयोग के कार्यों की जानकारी दी



**रांची।** राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम न शनिवार को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात कर आयोग के क्रियाकलापों की जानकारी दी और अल्पसंख्यकों की समस्याओं पर चर्चा की। इसमें प्रमुख रूप से झारखंड राज्य अन्तर्गत प्रस्तावित 46 मदरसा एवं 38 संस्कृत विद्यालय में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों की लंबित मांग इनको मिल रहे अनुदान को बिहार के तर्ज पर वेतन मद में करने का आग्रह किया। साथ ही 10 जून 2022 को रांची मेन रोड में घटित घटना पर हो रही जाँच एंव निर्दोष लोगों पर दर्ज प्राथमिकी एवं कार्रवाई पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट किया। पूरे घटना की सीआईडी जांच की भी मांग की। लंबित उर्दू शिक्षकों की बहाली एवं उर्दू आचार्य के टीवी नियुक्ति को लेकर यथाशीघ्र कार्रवाई करने का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने सारी बातों को गंभीरता से सुना एवं यथाशीघ्र कार्रवाई करने का आशवासन दिया।

### लैंड स्कैम केस में राजकुमार पाहन की अग्रिम जमानत पर 6 जुलाई को सुनवाई

**ईडी को दिया जवाब दाखिल करने का निर्देश**

**रांची।** लैंड स्कैम केस के आरोपी राजकुमार पाहन की अग्रिम जमानत पर अब छह जुलाई को रांची के पीएमएलए की विशेष कोर्ट में सुनवाई होगी। शनिवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मालूम हो कि ईडी ने हेमंत सोरेन से जुड़े लैंड स्कैम केस में पीसी दायर की है, जिसपर पीएमएलए कोर्ट ने संज्ञान लिया है। इसके बा आर्किटेक्ट विनोद सिंह और राजकुमार पाहन पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है, क्योंकि अदालत ने आर्किटेक्ट विनोद सिंह और राजकुमार पाहन के खिलाफ समन जारी कर दिया है।

## झारखंड में सिर्फ 12 नक्सलियों का दस्ता सक्रिय, सबसे बड़ा दस्ता चाईबासा में

# केंद्रीय गृह मंत्रालय ने किया स्वीकार झारखंड के पांच जिले नक्सल प्रभावित

**गृह मंत्रालय की समीक्षा बैठक**

**झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम, गिरिडीह, गुमला, लातेहार और लोहरदगा माओवाद प्रभावित जिले**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्रालय की समीक्षा बैठक हुई। बैठक के बाद देश के 9 राज्यों के 38 जिलों में अब सिर्फ माओवाद प्रभाव होने की बात सामने आयी है। इनमें झारखंड के पांच जिले भी शामिल हैं। केंद्र सरकार ने माओवाद प्रभाव के आधार पर एलडब्लूई (लेफ्ट विंग एक्सट्रीम) जिलों को तीन श्रेणियों में बांटा है। पहले श्रेणी में नक्सल प्रभावित वाले जिलों को शामिल किया गया है। दूसरी श्रेणी में उन जिलों को रखा गया है, जो अति माओवाद प्रभावित हैं। तीसरी श्रेणी उन जिलों की है, जहां माओवाद का प्रभाव कम हो गया है, लेकिन अब भी वहां नजर रखने की जरुरत है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के मुताबिक, झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम, गिरिडीह, गुमला, लातेहार, लोहरदगा माओवाद प्रभावित जिले हैं। इनमें पश्चिमी सिंहभूम को अति माओवाद प्रभावित जिले की सूची में रखा गया है, जबकि शेष चार नक्सल प्रभाव वाले जिलों गिरिडीह, गुमला, लातेहार व लोहरदगा को डिस्ट्रिक्ट आफ कंर्सन (डीओसी) की सूची में रखा गया है।



झारखंड में भाकपा माओवादी नक्सलियों का सिर्फ 12 दस्ता ही सक्रिय है। यह दस्ता चाईबासा के अलावा बोकारो, लातेहार, चतरा और पलामू जिले में सक्रिय है। नक्सलियों का सबसे बड़ा दस्ता चाईबासा जिले के जराइकेला व टोंटो थाना क्षेत्र में सक्रिय है। जबकि सबसे छोटा दस्ता चतरा जिले के लावालौंग थाना में सक्रिय है।

**यहां-यहां एक्टिव है नक्सलियों का दस्ता :** चाईबासा जिले के जराइकेला और टोंटो थाना क्षेत्र में मिसिर बेसरा, पतिराम मांझी, सिंगरई, अजय महतो का दस्ता सक्रिय है। इस दस्ते में 65 नक्सली कैडर के शामिल होने की बात कही गयी है।

चाईबासा जिले के गोइल केरा और सोनूवा थाना क्षेत्र में अमित मुंडा का दस्ता सक्रिय है। दस्ते में 30 नक्सली कैडर शामिल है।

बोकारो जिले के जगेश्वर बिहार थाना क्षेत्र में विवेक और रघुनाथ का दस्ता सक्रिय है। इस दस्ते में 23 नक्सली कैडर शामिल है। लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में रविन्द्र गंझू का दस्ता सक्रिय है। इस दस्ते में पांच नक्सली कैडर शामिल है। नेतरहाट थाना क्षेत्र में छोटू खेरवार का दस्ता सक्रिय है। दस्ते में 10 नक्सली कैडर शामिल हैं। चतरा जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र में मनोहर गंझू का दस्ते में तीन नक्सली कैडर शामिल है। पलामू जिले के मोहम्मदगंज और हैदरनगर थाना क्षेत्र में नितेश यादव छह कैडर के साथ भ्रमणशील है।

### पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी के कंप्लेन केस पर 28 को सुनवाई

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग के आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री और बरहेट के विधायक हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की ओर से दर्ज शिकायत वाद (कंप्लेन केस) पर रांची सिविल कोर्ट के एमपी एमएलए कोर्ट में अब 28 जून को सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने हेमंत सोरेन को अपना पक्ष रखने के लिए समन जारी किया था। निचली अदालत द्वारा समन जारी किये जाने के आदेश को हेमंत सोरेन ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

**हेमंत सोरेन ने ईडी के समन का किया उल्लंघन :** अब तक हुई सुनवाई में कोर्ट ने प्रथम द्रष्टया (प्राइमा फेसी) यह माना है कि हेमंत सोरेन ने ईडी के समन का उल्लंघन किया है। मालूम हो कि जमीन घोटाले से जुड़े मामले में ईडी ने हेमंत सोरेन को अलग अलग तारीखों में 10 बार समन जारी किया था। लेकिन हेमंत सोरेन सिर्फ दो समन पर पेश हुए थे। आठ समन पर वह एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे। इसे समन की अवहेलना माना गया है।

# टेंडर घोटाला मामले में मंत्री आलमगीर समेत सभी 9 आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ी

**टेंडर घोटाल में ओएसडी संजीव लाल, निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम समेत 9 हैं आरोपी**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** टेंडर घोटाला मामले में मंत्री आलमगीर आलम समेत 9 आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गई है। अब इनकी अगली पेशी 29 जून को होगी। मंत्री आलमगीर आलम, उनके ओएसडी संजीव लाल एवं सहायक जहांगीर आलम, निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम समेत सभी 9 आरोपियों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पीएमएलए की विशेष कोर्ट में शनिवार को हुई।

मालूम हो कि टेंडर घोटाला मामले में ईडी की पहली कार्रवाई 21 फरवरी 2023 को की थी। इस समय ग्रामीण विकास विभाग के तत्कालीन चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के कई ठिकाने पर ईडी ने छापेमारी की थी। इसके बाद 23 फरवरी 2023 को ईडी ने वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इसके बाद वीरेंद्र राम के करीबी और सहयोगियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

### 37 करोड़ रुपये से अधिक मिले थे कैश

वीरेंद्र राम को रिमांड पर लेकर हुई ईडी की पूछताछ में टेंडर कमीशन में कई लोगों के शामिल होने की जानकारी ईडी को मिली थी। इसी के आधार पर ईडी ने कार्रवाई करते हुए 6 मई 2024 को कई इंजीनियर ठेकदार, कॉन्ट्रेक्टर और मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम के ठिकाने पर छापेमारी की थी। उस छापेमारी में संजीव लाल के सहायक जहांगीर आलम के आवास से 37 करोड़ से अधिक कैश ईडी की टीम ने बरामद किया था। 6 मई को मंत्री संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम को पूछताछ के बाद 7 मई को ईडी ने दोनों को गिरफ्तार किया था और 14 दिनों तक रिमांड पर लेकर ईडी ने दोनों से पूछताछ की थी। वहीं, इस मामले में मंत्री आलमगीर आलम को दो दिनों की पूछताछ के बाद 15 मई को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था और 14 दिनों तक रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई थी। 30 मई को आलमगीर आलम को पीएमएलए की विशेष कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन से मिलीं राजद की प्रदेश महिला अध्यक्ष रानी कुमारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजद की महिलाओं ने महिला प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी के नेतृत्व में शनिवार को गांडेय की नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की और बधाई दी। इस दौरान रानी कुमारी ने कहा कि कल्पना सोरेन की राजनीति में कदम रखने से काफी कम दिनों में अप्रत्याशित लोकप्रियता बढ़ी है। उनकी मेहनत और लगन के कारण महिलाओं ने भी गत चुनाव में विशेष भागीदारी का परिचय देते हुए इण्डिया गठबंधन ने 5 लोकसभा सीट में जीत दर्ज करने में सफल रही। स्वयं अपने भी गांडेय विधानसभा से जीत



दर्ज कर मजबूती का परिचय दिया है। इस कारण राज्य की महिलाएं काफी गौरान्वित महसूस कर रही हैं। मुलाकात करने पहुंचे महिलाओं में विशेष रूप से राजद महिला जिला अध्यक्ष अनवरी खातून, रामगढ़ जिला अध्यक्ष सुषमा देवी , प्रीतम कुमारी, सरिता देवी, सीता देवी, सुषमा भारती, पूनम देवी, प्रतीक सिंह, सुनीता देवी, मोनिका देवी, कल्पना देवी, प्रिया देवी, शबनम परवीन, सुल्ताना बेगम, शामिल थीं।

# डीआरडीए कर्मियों के विलय फामूर्ले पर जिप के जनप्रतिनिधि हुए नाराज

**ग्रामीण विकास विभाग की ओर से निकाले गये संकल्प में विसंगति होने की बात उठायी**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डीआरडीए कर्मियों के जिला परिषद में समायोजन के फॉमूर्ले से जिला परिषदों के अध्यक्ष और जनप्रतिनिधि खुश नहीं हैं। ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा निकाले गये संकल्प में कई विसंगती बता रहे हैं और इसे तत्काल दूर कराने के लिए आवाज भी अब उठाने की तैयारी में हैं। केंद्र के फैसले के बाद ग्रामीण विकास विभाग ने जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के सरकारी कर्मचारी को छोड़कर शेष संविदा कर्मियों का समायोजन समस्त आस्तियों व निधि के साथ जिला परिषद में कराने का निर्णय लिया है और इस संबंध में विगत दिनों आदेश जारी किया।

380 पदाधिकारी और कर्मचारी का समायोजन जिला परिषद के एक कोषांग में करना बताया है और इन पर नियंत्रण पूरी तरह से संबंधित जिले के डीडीसी और निदेशक लेखा नियोजन को दिया गया है। जिप अध्यक्षों की भूमिका काफी कम रखी गयी है। जिप अध्यक्षों का कहना है कि संकल्प में आस्तियां-निधि और कर्मियों का समायोजन तो जिला परिषद में करने की बात कही गयी है, परंतु उनके द्वारा क्रियान्वित किये जाने वाले कार्यो का उल्लेख नहीं किया गया है। कृत्य को छोड़ दिया गया है। जिसके कारण जनकल्याणकारी एवं महत्वकांक्षी योजनाओं के संचालन में कठिनाई होगी।

हालांकि, संकल्प में यह स्पष्ट किया गया है कि डीआरडीए कर्मियों का समायोजन के बाद कार्य आवंटन जिला परिषद कार्यालय द्वारा किया जायेगा, लेकिन यह भी कहा गया कि कोषांग में समायोजित डीआरडीए कर्मी जिला परिषद के स्थायी कर्मचारी नहीं समझे जायेंगे। अतः उनपर बिहार पंचायत समिति एवं जिला परिषद सेवाशर्त नियमावली प्रभावी नहीं होगा। ऐसे में जिप को पूरा अधिकार भी इनपर नहीं दिया गया है।

डीआरडीए कर्मियों को जिला परिषद में समायोजन का निर्णय तो लिया गया है, लेकिन इसके साथ ही ग्रामीण विकास विभाग ने यह स्पष्ट कर दिया कि जो काम वे जिला ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत रहकर करते आ रहे थे उन कार्यों को अब जिला परिषद से नहीं कराया जायेगा।

मनरेगा, पीएम आवास, जलछाजन, एनएलआरएम, जोहार, विधायक योजना, एनआरईपी सहित प्रखंड और पंचायत स्तरीय योजनाएं व केंद्र और राज्य संपोषित योजनाओं का काम जो ग्रामीण विकास विभाग के जरिये होता था उन कार्यों को जिला परिषद से नहीं कराना है। इन कार्यों के लिए अब जिला उपायुक्त के अधीन जिला ग्रामीण विकास शाखा का गठन कर कराया जायेगा।

### कोषांग में होगा विलय, जिला परिषद में नहीं

ग्रामीण विकास विभाग के संकल्प में विसंगति बताते हुए अध्यक्षों का कहना है कि डीआरडीए कर्मियों के विलय के लिए जिला परिषद में कोषांग को गठित करना है जबकि कर्मियों को सीधे जिला परिषद की कर्मियों के रूप में समायोजित किया जाना चाहिए था।

### अन्य राज्यों के नियम को नजरअंदाज किया गया

विलयन के लिए राज्य सरकार ने दूसरे राज्यों के नियमों का अध्ययन कराया था। केंद्र के निर्देश पर अन्य राज्यो में भी डीआरडीए कर्मियों का विलय जिला परिषद में किया गया है। समिति द्वारा अन्य राज्यों जैसे राजस्थान, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, असम एवं उड़ीसा में डीआरडीए की जिला परिषद में अपनाई गयी प्रक्रिया का अध्ययन कर डीआरडीए कर्मियों को जिला परिषद में विलय की प्रक्रिया पूर्ण किया गया है। जबकि इन राज्यों में डीआरडीए कर्मियों राज्य सरकार के कर्मियों के रूप मे समायोजन किया गया है। जिसे विभागीय संकल्प में नजर अंदाज किया गया है।

# दुर्भाग्य से दायर मामले में अदालत सावधानी से जांच करें ताकि निर्दोष व्यक्ति पर आपराधिक मामले में मुकदमा न चलाया जा सके : हाईकोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने एक मामले में कहा है कि यदि दुर्भाग्यपूर्ण रूप से मामला दायर किया जाता है और उसे हाई कोर्ट में चुनौती दी जाती है तो हाई कोर्ट की जिम्मेदारी है कि वह सावधानी के साथ इसकी जांच करें जिससे किसी निर्दोष व्यक्ति पर आपराधिक मामले में



मुकदमा न चलाया जा सके। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने मामले में टिप्पणी करते हुए कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि यदि कोई मामला बनता है तो हाई कोर्ट को कार्यवाही रद्द करने के लिए सावधानी के साथ आगे बढ़ाने की आवश्यकता होती है। दरअसल, मामले में पैतृक संपत्ति के बंटवारे की शिकायतकर्ता की मांग से आरोपी व्यक्ति नाराज हो गए थे जिसके कारण आपराधिक घटना घटी थी। इस घटना में आरोपी ने शिकायतकर्ता और उसकी पत्नी पर कथित रूप से हमला किया और पैसे और कीमती सामान चुरा लिये। प्रार्थी ने इस पूरी आपराधिक कार्रवाई रद्द करने का आग्रह करते हुए कहा था कि दिल्ली और नोएडा में रहने वाले व्यक्तियों को भी बिना किसी आधार के फसाया गया। यह संपत्ति से जुड़ा मामला है जिसमें कोई चोट रिपोर्ट नहीं है। कोर्ट ने ऑब्जर्व किया कि इस मामले में प्रार्थी के खिलाफ दुर्भाग्यपूर्ण रूप से वर्तमान आपराधिक मामला दर्ज किया गया। इसे देखते हुए वर्तमान कार्यवाही को आगे जारी रखने की अनुमति देना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा। कोर्ट में याचिका स्वीकृत करते हुए संज्ञान लेने के आदेश सहित पूरी आपराधिक कार्यवाही रद्द कर दी। बता दें कि मामले को लेकर अवध किशोर लाल की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी।

## गोमिया विधायक ने सीएम से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं सहित प्रदेश के मुद्दों पर की चर्चा

# जनजातीय भाषाओं के लिए अकादमी का हो गठन, शिक्षकों की भी हो बहाली : डॉ लंबोदर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव व गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मिलकर अपने विधानसभा क्षेत्र की जन समस्या व राज्य के ज्वलंत मुद्दों को लेकर चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्री का ध्यान झारखंड की जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के लिए अलग-अलग भाषा अकादमी का गठन करने की ओर आकृष्ट कराया और उनसे कहा कि ऐसा होने से भाषाओं का विकास और संवर्द्धन हो सकेगा।



उन्होंने मुंडारी, कुडुख, हो, खड़िया, संथाली, कुरमाली, खोरठा, नागपुरी व पंचपरगनिया भाषा की पढ़ाई क्लास वन से लेकर पीजी तक सुनिश्चित करने पर भी बल दिया है और जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा के शिक्षकों की पद को स्वीकृति करते हुए इन पदों पर शिक्षकों की बहाली की मांग की है। कहा कि ऐसा करना आवश्यक है। उन्होंने जातीय जनगणना कराने और लंबित विधेयक को स्वीकृत करने की भी मांग की है। लंबित विधेयक के लिए कानूनी दृष्टिकोण अपने का आग्रह किया है।

उन्होंने 1932 खतियान आधारित स्थानीय व नियोजन नीति बनाने की दिशा में जरूरी कार्य करने और राज्य में डीएमएफटी में पड़े करोड़ों की राशि को विकास योजनाओं के लिए जारी करने, तेनुघाट डैम को पतरातू डैम की तर्ज पर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के सरकारी प्रस्ताव को मूर्तरूप रूप देने और बेरमो अनुमंडल को जिला बनाने की दिशा में सकारात्मक पहल की अपेक्षा जताई है।

साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री का ध्यान गझंडी से हरलुंग भाया चतरो चट्टी और रजरप्पा से लेकर ललपनिया भाया बड़की पन्नू सड़क निर्माण की लंबित प्रशासनिक स्वीकृति की ओर भी ध्यान आकृष्ट कराया और उनसे इस विषय पर शीघ्र समुचित कदम उठाने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने डॉ लंबोदर महतो की बातों व मांगों को ध्यान पूर्वक सुनकर सभी विषयों पर संबंधित विभाग को समुचित दिशा निर्देश देने को लेकर आश्वस्त किया।

# बकरीद में असामाजिक तत्वों और सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर : डीसी

- डीसी और एसएसपी ने केंद्रीय शांति समिति सदस्यों संग की बैठक
- सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील, सहयोग करें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) को लेकर रविन्द्र भवन सभागार में डीसी अनन्य मित्तल एवं सीनियर एसपी किशोर कौशल ने केन्द्रीय शांति समिति सदस्यों के साथ बैठक कर विधि व्यवस्था संधारण में सहयोग की अपील की। इस दौरान शांति समिति सदस्यों का पेयजल, बिजली, साफ-सफाई, असामाजित तत्वों पर कार्रवाई संबंधी शिकायत एवं सुझावों को सुना गया तथा समयबद्ध कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया गया। जिले के वरीय पदाधिकारियों ने अपील किया कि जिलेवासी शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनायें, सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण के दृष्टिकोण से प्रशासन द्वारा सभी एहतियाती कदम उठाये जा रहे हैं। नगर निकाय पदाधिकारियों को शहरी क्षेत्र में साफ-सफाई सुनिश्चित करने, पेयजल विभाग को क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था समुचित रखने व विद्युत विभाग को बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने तथा आवश्यकता के अनुसार स्ट्रीट लाईट व हाईमास्ट लाईट की मरम्मत का निर्देश दिया।


बैठक में भाग लेते शांति समिति के सदस्यगण।

बैठक में डीसी ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने पर संबंधित व्यक्ति, पेज व ग्रुप एडमिन पर विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। सोशल मीडिया पर डेडिकेटेड टीम द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है। उन्होने जिलेवासियों से अपील किया कि किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें, कोई आपत्तिजनक या भ्रामक सूचना प्राप्त होती है तो प्रशासन से पुष्टि जरूर करा लें। उन्होने प्रतिनियुक्ति दण्डाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी को ससमय प्रतिनियुक्ति स्थल पर उपस्थित होने के निर्देश दिये।

एसएसपी किशोर कौशल ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पर्याप्त संख्या में दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। बकरीद के दिन खुले स्थान में कुर्बानी ना दी जाए, थाना प्रभारी इसपर विशेष निगरानी रखेंगे। साथ ही कुर्बानी के बाद वेस्ट मेटेरियल का निपटारा समुचित ढंग से किया जाए जिससे गंद्गी न फैले तथा कोई विवाद की स्थिति उत्पन्न नहीं हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होने सभी डीएसपी एवं थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए धार्मिक स्थलों में निगरानी रखे जाने का निर्देश दिया।

मौके पर डीडीसी मनीष कुमार, सिटी एसपी मुकेश लुणायत, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, एडीएम ल एंड अर्डर अनंत कुमार, अपर उपायुक्त रोहित सिन्हा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# आज जिलावासियों को योजनाओं की सौगात देंगे सीएम चंपई सोरेन

## जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

### गांधी मैदान, मानगो में कार्यक्रम प्रस्तावित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री, झारखंड श्री चम्पाई सोरेन द्वारा पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन तथा परसम्पत्ति वितरण 16 जून को गांधी मैदान, मानगो में किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर की जा रही तैयारियों का निरीक्षण जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल ने किया।

मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिटी एसपी मुकेश लुणायत मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण, कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, पार्किंग व्यवस्था, लाभुकों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता, चलंत शौचालय, मेडिकल टीम, एंबुलेंस की उपलब्धता, आवश्यक जगहों पर बैरिकेडिंग के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा कर जरूरी दिशा-निर्देश दिये।


कार्यक्रम स्थल पर सिटी एसपी और डीडीसी के साथ विमर्श करते डीसी अनन्य मित्तल।

डीसी ने भीषण गर्मी को देखते हुए पंडाल के अंदर विभाजित सभी जोन में पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता के निर्देश दिये। कहा कि विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति बांटना है, उनके बैठने की व्यवस्था, सुगम आवागमन, पार्किंग आदि की पुनर्समीक्षा कर तैयारियों को मूर्त रूप दें। कार्यक्रम को लेकर सभी संबंधित विभाग अपने स्तर से तैयारी पूरी कर लें। मुख्यमंत्री के आगमन पर जिले में सुगम यातायात व्यवस्था, सोनारी हवाई अड्डा से कार्यक्रम स्थल तक सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण के दृष्टिकोण से सभी आवश्यक तैयारियों को दुरुस्त करने का टास्क पदाधिकारियों को दिया गया तथा हर स्तर पर पुनर्समीक्षा का निर्देश दिया गया। मौके पर डीटीओ धनंजय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव, नगर निकाय के पदाधिकारी, थाना प्रभारी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सविता बनीं महिला एवं बाल विकास समिति की सभापति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**चांडिल।** झारखंड विधानसभा की प्रक्रिया कार्य संचालन के नियम 264 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए माननीय अध्यक्ष झारखंड विधान सभा द्वारा वर्ष 2024 के लिए पंचम् झारखंड विधानसभा की शेष अवधि हेतु महिला एवं बाल विकास समिति का गठन किया गया है, जिसमें ईचागढ़ विधायक सविता महतो को सभापति, डॉ नीरा यादव को सदस्य, कुशवाहा शशि भूषण मेहता को सदस्य, सुनीता चौधरी व कल्पना मुर्मू सोरेन को भी सदस्य बनाया गया है। सविता महतो इस समिति के सभापति एवं सभा सचिव इसके सचिव होंगे। विधायक सविता महतो को महिला एवं बाल विकास समिति के सभापति बनाए जाने पर ईंचागढ़ विधानसभा के झामुमो नेता राहुल वर्मा ने विधायक को बधाई दी। उन्होंने कहा विधायक सविता महतो के नेतृत्व में ईंचागढ़ विधानसभा क्षेत्र का चौमुखी विकास हो रहा है।



# ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल का रोड सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** ब्रह्मानंद नारायणा हस्पिटल, जमशेदपुर द्वारा रोड सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड, गम्हारिया में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड के जनरल मैनेजर प्रशांत चौधरी एवं मैनेजर एच आर एंड एडमिन भुवनेश पारीक ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में न्यूरोसर्जन ड राजीव महर्षि ने उपस्थित कर्मचारियों को रोड सेफ्टी के बारे में बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश से इस दिन को मनाया जाता है। भारत में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या दुनिया में सबसे अधिक है और यह एक गंभीर चिंता का विषय है। सड़क सुरक्षा दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमारी और दूसरों की सुरक्षा हमारे हाथ में है। डॉ महर्षि ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें प्रमुख हैं:- अधिक गति से वाहन चलाना दुर्घटनाओं का एक मुख्य कारण है। शराब या अन्य नशीली पदार्थों के सेवन के बाद वाहन चलाना बेहद खतरनाक है। मोबाइल फोन का उपयोग, संगीत सुनना, या अन्य किसी प्रकार की असावधानी से भी दुर्घटनाएं हो सकती हैं।




# हमने तो कांग्रेस जिलाध्यक्ष पर कोई आरोप नहीं लगाया है : समीर महंती

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा सीट पर भाजपा से मिली करारी हार के बाद इंडिया समर्थित झामुमो प्रत्याशी समीर महंती के द्वारा एक सप्ताह से चुनाव में कांग्रेस जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दूबे द्वारा जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा सीट पर दगाबाजी करने के मामले में सफाई दी है। उन्होंने कहा है कि उन्होंने कांग्रेस जिला अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई करने अथवा चुनाव में 25 लाख रुपये देने संबंधी कोई भी पत्र कांग्रेस संगठन अथवा झामुमो केंद्रीय अध्यक्ष को नहीं लिखा है। जो लेटर सोशल मीडिया में घुम रहा है उसकी सत्यता की जांच होनी चाहिए। पत्रकारों से बात करते हुए समीर महंती ने कहा कि कल से विभिन्न समाचार पत्र, न्यूज पोर्टल एवं सोशल मीडिया साइट्स पर एक मेरे लेटर हेड की हू ब हू एक लेटर हेड पर बिना पत्रांक संख्या के एक पत्र काफी वायरल हो रहा है। आपको बता दें कि यह पत्र मेरे द्वारा नहीं लिखी गयी है और न ही दी गई है। किसी भी पार्टी के पदाधिकारी को नहीं दिया गया है। यह पूर्ण रूप से हमारी इंडिया गठबंधन के तमाम सहयोगी दलों और नेताओं के बीच में तोड़ डालने का प्रयास किया जा रहा है।


पत्रकारों से बात करते समीर महंती।

# एक झूठ छिपाने के लिए कई झूठ का सहारा ले रहे समीर महंती : कन्हैया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आजसू जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि चुनावी दौर खत्म होते ही झामुमो और कांग्रेस की लड़ाई खुल कर सामने आई एक तरफ झामुमो विधायक समीर महंती ने वर्तमान कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनंदबिहारी दुबे पर पैसे लेकर कार्य नहीं करने का आरोप लगा आनुशासनहीनता के दायरे मे कार्य करने की लिखित शिकायत झामुमो के शीर्ष नेताओं से की, जिसमें खुलेआम 25 लाख का जिक्र किया गया है। जिसपर चुनाव आयोग को त्वरित संज्ञान लेने और कार्रवाई करने की जरूरत है कि ये पैसा आखिर आया कहां से और इसमें कौन-कौन से माफियाओं का पैसा लगा है। इसकी भी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए, बगैर आधिकारिक प्रेषित खबर कैसे छपी? कन्हैया सिंह ने कहा कि ये गठबंधन नहीं बे मेल गठबंधन है इसके सभी नेता भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।



# रेडक्रॉस ने किया रक्तदान से जुड़ी संस्थाओं और रक्तदाताओं का सम्मान

- विश्व रक्तदाता दिवस पर आयोजित हुआ सम्मान समारोह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रस सोसाइटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा डीसी अफिस रोड स्थित रेड क्रस भवन में विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून के अवसर पर रक्तदान करने वाली संस्थाओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला के उपायुक्त सह अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसायटी पूर्वी सिंहभूम अनन्य मित्तल मुख्य अतिथि के रूप में तथा यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के महाप्रबंधक एमके सिंघाई सम्मानित अतिथि के रूप में भाग लिया।

सर्वप्रथम अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित किया। कार्यक्रम के मुख्य कड़ी में रेड क्रस के साथ पूर्वी सिंहभूम जिले में रक्तदान अभियान को एक ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए कार्य करने वाली 100 संस्थाओं को सम्मानित करते हुए रेड क्रस के अध्यक्ष सह उपायुक्त ने जमशेदपुर में रक्तदान के जज्बे को सराहा और कहा कि यह शहर न सिर्फ रक्तदान के मामले में अव्वल है बल्कि यहां रक्तदाताओं की संख्या भी निसंदेह सबसे अधिक है। उन्होंने रेड क्रस के कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा की संस्था द्वारा मानव सेवा के कार्य निरंतर होते रहते है। कार्यक्रम का संचालन रेड क्रस सोसाइटी पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने किया। सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित यूरेनियम कारपोरेशन अफ इंडिया लिमिटेड के महाप्रबंधक एमके सिंघाई ने रक्तदाताओं के महत्व को विस्तार से बताया और कहा की रक्त जागरुकता के कारण ही अनेकों लोगों का जीवन बच पा रहा है।





रामकृष्ण मिशन के स्वामी जी को सम्मानित करते अतिथि और ह्यूमन वेल्फेयर ट्रस्ट के चेयरमैन मतीन भाई और सचिव मुख्तार आलम को सम्मानित करती हुई जमशेदपुर ब्लड बैंक की चेयरमैन श्रीमती नलिनी राममूर्ति, डीसी अनन्य मित्तल व अन्य।

## स्पीड न्यूज

### नयी सरकार ने युवा सपनों को रौंदना शुरू कर दिया : डॉ अजय

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के पूर्व चर्चित एसपी और पूर्व सांसद ड.अजय कुमार वापस जमशेदपुर आ गये हैं और कल उन्होंने जमशेदपुर के साकची में एक प्रेस कन्फ्रेंस की, जहां उन्होंने नीट परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला। डा अजय ने कहा कि नीट यूजी का आयोजन 5 मई 2024 को देश भर में 4,750 केंद्रों पर किया गया.जिसमें 23 लाख से अधिक बच्चे शामिल हुए थे। डा अजय ने साफ कहा- अगर नीट में पेपर लीक नहीं हुआ था तो इस मामले में बिहार में 13 आरोपियों को क्यों गिरफ्तार किया गया? गुजरात के गोधरा में नीट यूजी में धोखाधड़ी करने वाले रैकेट का भंडाफोड़ क्यों हुआ। प्रेस कंग्रेस वार्ता में धर्मेंद्र सोनकर, का जिला अध्यक्ष नगर, वरिष्ठ कंग्रेस नेता रबीन्द्र झा, बबलू झा, जिला उपाध्यक्ष भी उपस्थित थे।

### म्यूजिकल कार्यक्रम में कलाकारों ने शमा बांधी

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर म्यूजिक सर्किल कुछ समर्पित सज्जनों द्वारा हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के संस्थापना के उद्देश से प्रायोजित, एक संकल्पित संस्था है जो पिछले 8 वर्षों से निरंतर किसी भी प्रकार से हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत संवर्धन के प्रयास में प्रयासरत रही है। इसी क्रम में आज 15 जून के तपती दोपहरी के उपरांत बारिश के चंद बूंदों से सुसज्जित सुखद संध्या को, गोलमुरी स्थित द इवनिंग क्लब के सहयोग से, भारतवर्ष के ख्यातिप्राप्त अनुपम कलाकारों के अद्वितीय सांगीतिक कला सुनने का मौका दिया। कार्यक्रम में अनिरुद्ध सेन, पूरबी घोष, विभा मिश्रा, सत्यप्रकाश तिवारी, भारत सेवाश्रम संघ के अनिल महाराज आदि मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य मंत्री बन्ना ने 765 लाभुकों को दिया पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट

**जमशेदपुर।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने शनिवार को अपने कदमा स्थित कार्यालय में जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांगजनों के बीच सर्वजन पेंशन योजना के तहत पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट वितरित कियाप्रमाण पत्र पाकर सभी जरूरतमंद काफी खुश थे। मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि बुजुर्गों एवं विधवा माताओं के चेहरे पर मुस्कान लाना उनकी प्राथमिकता है। पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट में वृद्धा व विधवा के कुल 755 तथा दिव्यांगता के 10 लोग शामिल हैं। मौके पर मनोज झा, संजय तिवारी, बबुआ झा, रवि दुबे, नूरजहां, सिंह सिंस, निरंजन प्रसाद,राकेश अग्रवाल, डंपी अग्रवाल, राजकुमार दास, इरशाद हैदर, जितेंद्र सिंह, तुला दा भी थे।

### कोलेबिरा में धूमधाम से मनाया गया रजोत्सव

**गम्हरिया।** सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड के कोलाबीरा स्थित शिव मंदिर प्रांगण में उत्साहपूर्वक रजोत्सव मनाया गया। मौके पर मंदिर प्रांगण में सांसतिक कार्यक्रम छऊ नृत्य का आयोजन किया गया। मौके पर राजनगर की आंतुसाई सार्वजनिक छऊ नृत्य पार्टी व खरसावां के हर-हर महादेव उप्रर टोला समेत चिलकू के छऊकलाकारों को आमंत्रित किया गया था। कलाकारों ने भगवान गणेश का द्वितीय जन्म, अंबार हरण, शिव धनुष, नाग-नागिन, रक्षाबंधन, जय माता दी, शिवरात्रि, माया शबरी आदि शैली पर मनमोहक नृत्यों की प्रस्तुति कर दर्शकों का दिल जीता।

### गम्हरिया थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**गम्हरिया।** बकरीद पर्व को लेकर शनिवार को गम्हरिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी राजू ने की। उन्होंने उपस्थित लोगों को आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की परंपरा रही है कि लोग सभी पर्व-त्योहारों को अपसी प्रेम और सद्भावना के साथ मनाते रहे हैं। यह परंपरा आगे भी जारी रहे, इसके लिए सभी को अपना दायित्व निभाना होगा। थाना प्रभारी ने लोगों से किसी भी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील कर कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने पर संबंधित व्यक्ति पर कार्रवाई की जायेगी।

## एक नजर में

### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का नारायण आइटीआई में किया गया जोरदार स्वागत



**चांडिल।** शनिवार को चांडिल के लुपुंगडीह स्थित नारायण आईटीआई में रांची के भाजपा सासंद सह केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ का भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ जटाशंकर पांडे के नेतृत्व में गाजे बाजे के साथ आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया गया। मौके पर लुपुंगडीह ग्राम प्रधान लक्ष्मण गोप, कालीपद गोप, प्रशांत गोप, विद्याधर गोप, अरुण गोप, ऐडवोकेट निखिल कुमार, उत्तम दास, पवन महतो, कृष्ण पद महतो, अजय मंडल, गौरव महतो व कई लोग उपस्थित थे।

### भोजपुरिया बयार के रमेश कुमार ने डेनमार्क में संघचालक से मुलाकात की



**जमशेदपुर।** भोजपुरिया बयार के राष्ट्रीय अध्यक्ष और जमशेदपुर के बर्मामाइंस निवासी रमेश कुमार ने डेनमार्क में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा में डेनमार्क के संघचालक मंगतराम शर्मा से मुलाकात की। गौरतलब है कि डेनमार्क में आरएसएस को हिंदू स्वयंसेवक संघ के नाम से जाना जाता है। इस मुलाकात के दौरान दोनों महापुरुषों ने दोनों देशों में हिंदू संगठनों सहित संघ की गतिविधियों के बारे में अपने अनुभव साझा किये। श्री कुमार ने इस मुलाकात को यादगार और गौरवपूर्ण क्षण बताया। मालूम हो कि श्री कुमार पिछले माह डेनमार्क गये थे। फिलहाल वह डेनमार्क में हैं। वह जुलाई माह में स्वदेश लौटेंगे।

### रेडक्रॉस और यूसील ने आहार गुटटू में लगाया मेडिकल कैंप, 52 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के सहयोग से यूरेनियम कारपोरेशन अफ इंडिया लिमिटेड के सीएसआर कार्यक्रम के तहत आहारगुट्टू कम्युनिटी क्लब में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जहां चिकित्सक डॉ जया मोइत्रा एवं रेडक्रॉस के सहयोगी कार्यकर्ताओं ने 52 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें जरूरत के अनुसार दवा प्रदान किया गया। शिविर का संचालन रेड क्रस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के वरीय सदस्य चन्द्रमोहन सिंह ने किया। शिविर में राधेश्याम कुमार, राजेश मोहन प्रसाद, हीरालाल ने अपनी सेवा प्रदान की।

### मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा के रक्तदान शिविर में हुआ 75 यूनिट रक्त संग्रह



**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा ने विश्व रक्तदाता दिवस एवं फादर्स डे पर शनिवार को रक्तदान शिविर सह सशक्त संबल सम्मान समारोह का आयोजन किया। साकची रेडक्रस भवन में आयोजित इस रक्तदान शिविर में रक्तदान करने हेतु अपने पिता के साथ आने वाले लगभग एक दर्जन पुत्र, पुत्री को भी सम्मानित किया गया। स्व.सागरमल अग्रवाल की पुण्य स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर प्रातः 10 बजे से संध्या 4 बजे तक चला, जिसमें 75 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। शिविर सह सम्मान समारोह का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर बतौर अतिथि विधायक मंगल कालिंदी, मारवाड़ी युवा मंच के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अरूण गुप्ता, समाजसेवी डा.आरके अग्रवाल, संतोष अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। आज के सभी कार्यक्रम सुरभि शाखा अध्यक्ष कविता अग्रवाल और संयोजिका ज्योति अग्रवाल के संयुक्त नेतृत्व में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। सम्मान समारोह का सफल संचालन शाखा सदस्य शालिनी गुप्ता ने किया। सभी अतिथियों ने रक्तदान को महादान बताया और सुरभि शाखा द्वारा जनहित में किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

**इनको मिला सशक्त संबल सम्मान :** कमल अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल (गोल्डी) उमेश शाह, मोहित शाह, छीतरमल धूत, नितेश धूत, नंदकिशोर अग्रवाल, डा.अदिति अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, सार्थक अग्रवाल, विनीत सरायवाल, कैलाश सरायवाला, वत्सल सिंघानिया, अनिल सिंघानिया, विमल रिंगसिया, दिव्या अग्रवाल, मुरलीधर केडिया, मानव केडिया, राजकुमार चंदुका एवं स्नेहा चंदुका को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सशक्त संबल सम्मान से सम्मानित किया गया। इसे सफल बनाने में पूजा अग्रवाल, पायल अग्रवाल, मनीषा संघी, उषा चौधरी, सार्थक अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

## स्पीड न्यूज

### 18 को कल्पना का हुसैनाबाद आगमन



**हुसैनाबाद (पलामू)।** रूद्र होटल सभागार में शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक हुई। यह बैठक 18 जून को गांडेय विधायक सह झामुमो की वरिष्ठ नेत्री कल्पना मुर्मू सोरेन के हुसैनाबाद आगमन को लेकर हुई। अध्यक्षता अल्पसंख्यक मोर्चा के सचिव डॉ ऐजाज आलम व संचालन जिला संगठन सचिव विवेकानंद सिंह ने किया। इसमें कल्पना सोरेन के आगमन को लेकर की जा रही तैयारी पर विस्तृत चर्चा हुई। जिप उपाध्यक्ष आलोक सिंह उर्फ टूटू ने कहा कि बहन कल्पना सोरेन का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। मौके पर नेहाल असगर, अशोक सिंह, रामबचन बैठा, जाकिर अली, प्रमोद सिंह, योगेंद्र सिंह, बीरेंद्र सिंह, संजय पाठक, सरवरी खातुन आदि भी थे।

### गर्मी के कारण किसान महापंचायत टली



**हुसैनाबाद (पलामू)।** किसान ब्रिगेड ने 19 जून को हुसैनाबाद अनुमंडलीय मैदान में होनेवाले किसान महापंचायत कार्यक्रम को स्थगित कर दिया है। यह जानकारी किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने द्वारा हिट वेव व भीषण गर्मी की चेतावनी जारी कर लोगों को घरों में रहने की हिदायत दी है। सबों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए किसान महापंचायत कार्यक्रम स्थगित करने का निर्णय लिया है। मौसम अनुकूल होते ही नई तिथि कि घोषणा कर दी जायेगी।

### बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**चैनपुर।** चैनपुर-रमकंडा मुख्य मार्ग पर रामगढ़ थाना क्षेत्र के तिनकोनिया तेलमरवा के पास बस के धक्के से बाइक सवार बभंडी के छोटू कुमार (18) पिता मिठू राम की मौत हो गयी। वह अपनी बहन के घर हरहे में रह रहा था। वह बभंडी से नावाडीह अपनी दूसरी बहन के घर बाइक से जा रहा था। इसी क्रम में वह दुर्घटना का शिकार हो गया। सूचना पर पहुंची रामगढ़ थाना पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच में भेज दिया है।

### सदर हॉस्पिटल में बंटा पानी-ओआरएस



**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर शनिवार को सदर अस्पताल में भीषण गर्मी को देख मरीजों के बीच पानी और ओआरएस बांटा गया। मौके पर पीएलभी मुनेश्वर राम व भागीरथी दुबे ने 75 लोगों को शुद्ध पानी व ओआरएस के पैकेट दिया। पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि पलामू में काफी गर्मी पड़ रही है, जिससे यहां का टेंपरेचर 45 डिग्री के पार रह रहा है। लोगों को सुरक्षित व स्वस्थ रहने के लिए डालसा की ओर से शुद्ध पेयजल व ओआरएस का पैकेट वितरण किया जा रहा है।

### विशेष आम सभा में पथ निर्माण की मांग



**पाटन पलामू।** प्रखंड के खामही रजहारा में विशेष आम सभा की अध्यक्षता राजहरा मुखिया अजय पासवान ने की। जिसमें पाटन प्रमुख शोभा देवी, पाटन बीडीओ अमित झा, पाटन बीपीओ स्वीटी सिन्हा, पंचायत सचिव विनय शर्मा, जेपीएस अहमद हुसैन, पंचायत सचिव अमीन हसन अंसारी, शिव प्रसाद मेहता, राधेश्याम मेहता, भाजपा नेता अशोक तिवारी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। विशेष ग्राम सभा में ग्रामीणों ने राजहरा से खामही पाण्डेय पुरा होते सहदेवा तक रोड निर्माण की मांग की गयी। ग्रामीणों ने कहा कि बरसात के दिनों में दर्जनों गांवों को आवागमन में दिक्कत होती है।

### पूर्व सांसद मनोज कुमार को दी बधाई



**पाटन पलामू।** पूर्व सांसद मनोज कुमार को जन्म दिन पर पाटन भाजपा मंडल के लोगों ने शुभकामनाएं दी एवं उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। वहीं पूर्व सांसद मनोज कुमार ने सभी लोगों को आभार व्यक्त किया तथा लोगों के साथ केक काटकर जन्म दिन मनाया। मौके पर पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी भी उपस्थित थी। विधायक ने भी पूर्व सांसद मनोज कुमार के स्वस्थ जीवन एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर पाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, भाजपा नेता एवं विधायक जिप प्रतिनिधि उमेश सिंह, भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य अशोक तिवारी, भाजपा नेत्री पिंकी विश्वकर्मा, पाटन भाजपा मंडल मंत्री आनंद सिंह, जितेंद्र सिंह, गुडु सिंह व कई भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

### आठवले के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष ने की अधिकारिता राज्यमंत्री से मुलाकात



**मेदिनीनगर।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सह मजदूर नेता राकेश सिंह ने केंद्रीय सामाजिक न्याय अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले से नयी दिल्ली आवास पर मुलाकात कर सर्वप्रथम तीसरी बार मोदी सरकार के कैबिनेट में शामिल किये जाने एवं मंत्रालय का कार्य भार सौंपे जाने पर पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दी। श्री सिंह ने मंत्री से कहा कि झारखंड सहित पलामू जिला अंतर्गत दलित, पिछड़ा, अति पिछड़ावर्ग के विकास थम गया हैं। आज सारे जनप्रतिनिधि दलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा वर्गों के नाम पर मात्र अपनी राजनीति चमकाने में लगे हुए हैं परंतु किसी को इस समुदाय से लेना देना नहीं है। इन समुदायों के संपूर्ण विकास हेतु कार्य करने की इच्छा शक्ति मर गयी है।

# प्रथम महापौर ने फीता काटकर किया हस्तशिल्प मेला का विधिवत उद्घाटन

- मेला के आयोजन से शहर की बढ़ती है खुबसूरती : अरूणा शंकर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के कोयल नदी तट पर स्थित राजा हाता में हस्तशिल्प मेला का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन प्रथम महापौर अरूणा शंकर एवं सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मेला में हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, कश्मीरी टॉपर, बाटी चुरमा, बनारसी शिल्प साड़ी, पिलखुआ हैंडलूम बेडशीट, राजस्थानी अचार, आर्टिफिसियल ज्वेलरी के साथ बच्चों व युवाओं के मनोरंजन के लिए झूला सहित कई मनोरंजन के सामान लगाये गये हैं। इस मौके पर प्रथम महापौर ने कहा कि इस प्रकार के मेले के आयोजन से शहर की खुबसुरती ही नहीं बढ़ती है बल्कि पलामूवासियों को भारत देश के विभिन्न राज्यों में निर्मित वस्तुएं आसानी पूर्वक मिल जाता है। उन्होंने कहा कि हस्तशिल्प मेला से जहां एक ओर शहरवासियों को भरपूर मनोरंजन का लाभ मिलेगा वहीं छोटे छोटे लोगों को रोजगार भी मिलेंगे। इसके साथ ही मेला में लगाये गये विभिन्न स्टॉलों पर जो सामग्री है वह लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। उन्होंने कहा कि मेला को देखने से लोगों के मन में स्वरोजगार की भावना भी जागृत होती है। कारण कि हस्तशिल्प मेला में अधिकांश सामग्री हस्तनिर्मित होता है। जिसमें अचार, पापड़, आर्टिफिसियल ज्वेलरी समेत कई ऐसे वस्तुएं हैं जिसे लोग देखकर उसका अनुकरण कर सकते हैं।

# बघमनवा पंचायत में जल नल योजना के जलमीनार अधिष्ठापन में भारी अनियमितता

- पंचायत में कुल 57 जलमीनार स्वीकृत, 45 लगे, मात्र 24 ही दे रहा पानी, 21 बेकार
- करोड़ों खर्च के बावजूद प्यासे रह गये पंचायतवासी, ग्रामीणों ने एजेंसी पर की कार्रवाई की मांग

**महेंद्र प्रजापति**



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर प्रखंड के बघमनवा पंचायत में जल नल योजना के तहत जल मीनार अधिष्ठापन में व्यापक अनियमितता बरती जा रही है। प्राक्कलन की अनदेखी करते हुए मनमाने तरीके से कार्य कराया जा रहा है। बोरिंग 300 फिट के बजाए 90 फिट से 150 फिट तक ही किया गया है। फटा पुराना और गुणवताविहीन पाइप लगाया गया है। इतना ही नहीं पानी चढ़ाने वाला मोटर भी निम्न से निम्नतर कंपनी का लगाया गया है जिसके कारण अधिष्ठापन के तीन माह के अंदर ही लगभग आधे जल मीनार मृतप्राय हो गया। करोड़ों खर्च के बावजूद भी पंचायतवासी पानी के लिए तरस रहे हैं।

#### अबतक 21 जलमीनार हो चुके हैं मृतप्राय

बघमनवा पंचायत में पीएचडी विभाग द्वारा कुल 57 जल मीनार स्वीकृत हुए हैं जिसमे से तीन बड़े जल मीनार हैं जिनकी लागत प्रति जल मीनार 24 लाख 76 हजार है। वहीं 30 मध्यम साइज का है, जिनकी लागत प्रति जल मीनार दस लाख से भी ज्यादा है। जबकि 24 की लागत प्रति जल मीनार छः से सात लाख रुपये तक है। जल मीनार अधिष्ठापन का कार्य मेसर्स विकास कुमार नामक एजेंसी को दी गयी है। एजेंसी पंचायत में अभी तक लगभग 45 जल मीनार का अधिष्ठापन किया गया है जिसमे से 21 जल मीनार मृतप्राय भी हो चुका है। बाकी 24 भी दम तोड़ने के ही कगार पर है। रुक रुक कर घंटा दो घंटा ही पानी दे पा रहा है। पंचायत समिति सदस्य प्रीति देवी ने कहा कि नल जल योजना बघमनवा पंचायत में भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गया। लगभग सभी जल मीनार सिर्फ अस्तित्व का बोध करा रहा है। उन्होंने कार्य एजेंसी पर कार्रवाई की मांग की है। पीएचडी विभाग के कनीय अभियंता कुणाल कुमार ने इस बाबत पूछने पर कहा कि स्थलीय निरीक्षण के बाद अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री को डॉ ईश्वर ने दिया विश्रामपुर आने का निमंत्रण

- उनका निमंत्रण स्वीकार करते हुए विश्रामपुर आने का भरोसा दिलाया
- शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से शिक्षा से जुड़ी कई मुद्दों पर हुई गंभीर चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी आज दिल्ली में केंद्र के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मुलाकात की। तथा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को विश्रामपुर आने का निमंत्रण भी दिया।



दिल्ली प्रवास के दौरान मंत्री से मिलते डॉ ईश्वर सागर।

यहां उल्लेखनीय है कि भाजपा नेता सह आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी इनदिनों दिल्ली प्रवास पर है। दिल्ली प्रवास के दौरान आज वे केंद्र के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता भेंट किया एवं मंत्री बनने पर बधाई दी। ईश्वर सागर चंद्रवंशी मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से शिक्षा से जुड़ी कई मुद्दों पर चर्चा करते हुये उन्हें विश्रामपुर आने का निमंत्रण भी दिया।

धर्मेंद्र प्रधान ने भी श्री चंद्रवंशी के बातों से काफी खुश दिखे तथा उनका निमंत्रण स्वीकार करते हुये विश्रामपुर आने का भरोसा दिलाया। श्री प्रधान ने कहा कि विश्रामपुर शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर दिखाई देगा। शिक्षा पर विशेष बल दिया जायेगा। जो भी कमी होगी उसे दूर किया जायेगा।

# कौशल विकास योजना के तहत चार युवाओं का चयन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मोहम्मदगंज पलामू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कार्यालय में जेएसएलपीएस के माध्यम से 4 युवाओं को पंडित दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना के तहत चयनित किया गया। जिनको स्मार्ट ब्रांड इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड (रांची) में एसी कुलर टेक्नीशियन ट्रेड में 6 माह का प्रशिक्षण दिया जायेगा। बाद में उन्हें प्लेसमेंट के माध्यम से बाहर के राज्यों में नौकरी का अवसर मिलेगा। जेआरपी उदय कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इन चयनित युवाओं में दीपक कुमार राम लोहरदगा सहित नवीन कुमार, समीर कुमार और मनीष कुमार (सभी पतीला, बेलहत प्रखंड कांडी, जिला-गढ़वा) के नाम शामिल हैं। सभी को उनके अभिभावकों की सहमति और पुलिस/प्रशासन को सूचित करने के साथ प्रशिक्षण के लिए भेजा गया है। प्रशिक्षण के बाद ऐसे अभ्यर्थियों का अच्छा सेंटर में प्लेसमेंट होता है। जॉब के बाद स्टार्टिंग सैलेरी 10 से 15 हजार रुपए मिलेगी। हर 6 महीना में उनकी सैलरी बढ़ती चली जाएगी। इस मौके पर उनके अलावा पीआइए विकास कुमार दीक्षित, ब्लॉक एडमिन मुकेश कुमार और ऑफिस ब्वॉय आलोक कुमार उपस्थित थे।

## हरिहरगंज : उपायुक्त के निर्देश पर डीटीओ ने की वाहन जांच, चार वाहन हुए जब्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर 14 जून की रात्रि में ज़िला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा अवैध परिवहन को लेकर वाहनों का सघन जांच अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान कुल 4 वाहनों को जब्त किया गया। इस दौरान वाहनों को हरिहरगंज थाना परिसर में जब्त कर रखा गया एवं सभी वाहनो पर दंड शुल्क लगाया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि यह अभियान व्यवसायिक वाहन के विरुद्ध लगातार चलाया जायेगा। इससे वाहनों में क्षमता से अधिक माल ढुलाई पर भी रोक लगेगी। मौके पर अन्य लोग मौजूद थे।



## हुसैनाबाद के लोग आपसी भाईचारा की मिसाल हैं : पुलिस निरीक्षक

- शांतिपूर्वक बकरीद मनाने को लेकर हुसैनाबाद थाना में बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** ईद उल अजहा (बकरीद) पर्व को सौहार्दपूर्ण मनाने को लेकर हुसैनाबाद थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने की। थाना प्रभारी ने शांतिपूर्ण व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने का अपील की। ईदगाह कमेटी के सदस्यों ने नमाज अदा की समय भी बैठक में रखी। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि पर्व को लेकर पुलिस भी मुस्तैद रहेगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भी प्रशासन की नजर बनी रहेगी। किसी भी प्रकार के अफवाहों से बचने की भी अपील की है। मौके पर एसआई शशि शेखर पांडेय, पूर्व वार्ड पार्षद सोहेल आलम, अर्जुन प्रसाद गुप्ता, अजय मोदनवाल, उदय सोनी, अवधेश सिंह, खालिद अंसारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।



### लू लगने से पुलिस जवान की तबियत बिगड़ी



**पाटन पलामू।** पाटन इंस्पेक्टर कार्यालय में कार्यरत पुलिस जवान रंजीत कुमार की तबियत लू लगने से खराब हो गयी। उन्हें आनन-फानन में ईलाज के लिए पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया, जहां उनका ईलाज चल रहा है। कई लोग लू लगने से इलाजरत हैं।

### अधिवक्ता लाला प्रसाद ने किया आर्थिक सहयोग



**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के निर्देश पर उनके सहयोगी अधिवक्ता लाला यादव ने तरहसी प्रखंड के गवही निवासी सतेन्द्र सिंह को आर्थिक सहयोग किया। श्री यादव मेदिनीनगर में डॉ अरूण शुक्ला के यहां इलाजरत हैं। उन्हें सहयोग राशि भी दी। श्री यादव ने सतेन्द्र सिंह से कुशलक्षेम पूछा और ईश्वर से जल्द स्वस्थ करने की कामना की।

### चापानल मरम्मत होने से हुआ जल समस्या का निदान



**मोहम्मदगंज पलामू।** रविवारीय बाजार के खराब पड़े चापानल की शनिवार को पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की हुसैनाबाद प्रशाखा के मिस्त्रियों की टीम ने मरम्मत कर दी। इससे लोगों को काफी राहत मिली। बताया गया कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रशाखा ने 3 प्रखंडों के लिए 2 गैंग बहाल किया है। जो खराब अथवा बंद पड़े चापानलों की युद्ध स्तर पर मरम्मत करने के कार्य में जुटे हैं। अब तक अप्रैल से जून में हुसैनाबाद के 22 और हैदरनगर-मोहम्मदगंज के 20 पंचायतों में 415 चापानलों की मरम्मत कार्य पूरा कर लोगों को पेयजल संकट से निजात दिलाने का काम किया है।

### शांति समिति की बैठक, शांति से पर्व मनाने का निर्णय



**पाटन पलामू।** नावा जयपुर थाना में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नावा जयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पाण्डेय ने की। बैठक में दोनों समुदायों के लोग एवं नावा जयपुर थाना क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक में बकरीद पर्व आपसी प्रेम एवं भाईचारा के साथ मनाने के लिए कहा गया। थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय ने कहा कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रहना चाहिए। कहीं भी कोई भी व्यक्ति अगर अशांति करने का प्रयास करेगा तो पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

## बकरीद को लेकर थाना में हुई शांति समिति की बैठक

- बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** लेस्लीगंज थाना परिसर में शनिवार को बकरीद को लेकर शांति समिति का बैठक किया गया। बैठक में थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने कहा कि बकरीद को शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाने के लिए सभी सहभागिता महत्वपूर्ण है। साथ हीं कहीं से किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिए सभी के सहयोग की जरूरत है। आप लोगों के सुझाव से ही समस्या का निदान किया जायेगा। वहीं, बैठक में उपस्थित लोगों ने कहा कि हमलोग हरसंभव यह प्रयास करेंगे कि कहीं भी किसी तरह की अनहोनी नहीं हो। बैठक में तारकेश्वर पासवान, अधिवक्ता लाल प्रसाद यादव, मुखिया संघ के अध्यक्ष मनदीप मेहता, वीरेंद्र कुमार, रिंकी यादव, गीता देवी आदि भी थे।



## मोहम्मदगंज : लू लगने से नरेश राम की मौत

**मोहम्मदगंज पलामू।** स्टेशन रोड डाक घर के समीप स्थित अपने आवास पर शुक्रवार की रात ढोल बजाने के पारंगत नरेश राम (55) की मौत लू लगने से मौत हो गयी। मेहनतकश श्री राम अपने जीवन काल में मासिक मजदूरी पर आटा चक्की मील में अपना योगदान देकर अपने परिवार का भरण पोषण किया। प्रारंभ से ही गरीबी की दंश झेलकर अपने जीवन काल का निर्वहन किया। 10 वर्षों से सभी मांगलिक और अन्य कार्यक्रमों में ढोल बजाने के पारंगत गरीब नरेश की पहचान शालीन स्वभाव के व्यक्तित्व में थी।

## सुंदरीकरण के नाम पर बर्बाद हो गया बक्शी उवि का ऐतिहासिक खेल मैदान

- नगर पंचायत के निक्कमी व्यवस्था के कारण धरोहर हो रहा है विनाश

**गौतम पटेल**

**हुसैनाबाद पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र का बक्शी उच्च विद्यालय मैदान सुंदरीकरण के नाम पर बर्बाद हो गया। जी हां विकास के नाम सरकारी पैसे का दुरुपयोग ही नहीं बल्कि शहर के ऐतिहासिक धरोहर के नाम से जाने पहचाने वाले अंग्रेजी हुकूमत के समय से स्थापित यह विद्यालय अपने आप में ऐतिहासिक धरोहर रहा है जहां के मैदान पूर्व बड़े-बड़े नेता हेलीकॉप्टर से मंच साझा करते थे। खेल के लिए यह हुसैनाबाद का एक मात्र मैदान था, जहां जिला-राज्य स्तरीय फुटबॉल व क्रिकेट प्रतियोगिताएं होती थीं। लेकिन वर्तमान में यह मैदान में नगर पंचायत व शहरी विकास मद से सुंदरीकरण किया जा रहा जिसमें न तो एईई और न जेईई कभी जमीन पर उतर कर उसके अनुकूल योजना बनाये और न निर्माण कार्य की सुद्धि लेने कभी आये हैं।



### बकरीद को लेकर सदर थाना में की गयी शांति समिति की बैठक

# दोनों समुदायों ने लिया मिल जुलकर पर्व मनाने का निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार ने की। बैठक में सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश राम, दुर्ग विजय ठाकुर, एएसआई भरत भूषण समेत दोनों समुदाय के लोग शामिल थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद पर्व मनाया जायेगा।



शांति समिति की बैठक में शामिल दोनों समुदायों के लोग।

पर्व के दौरान सोशल मीडिया व व्हाटस अप पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। मौके पर सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने कहा कि मुस्लिम समुदाय के लोग समय से मस्जिदों में जाकर नमाज पढ़ेंगे। उन्होंने शांति से पर्व मनाने की अपील की। कहा कि पर्व के दौरान शांति भंग करनेवालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी।

कहा कि पुलिस हमेशा लोगों की सेवा में उपलब्ध है। किसी तरह की सूचना पुलिस को दें ताकि कार्रवाई की जा सके। मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश राम ने कहा कि हिंदू व मुस्लिम दोनों समुदाय एक दूसरे को पर्व को मिलजुलकर मनाते हैं। यह एकता का मिसाल है। कहा कि पुलिस हरसमय सभी के साथ है। बैठक में बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर, जैरून निशा, राजमणि देवी, कमरूदीन अंसारी समेत काफी संख्या में दोनों समुदाय के लोग शामिल थे।

# जनकल्याण ट्रस्ट ने ताज मोहम्मद की बेटी की शादी में किया 3100 रुपये का सहयोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर पलामू।** चैनपुर प्रखंड के ग्राम पूर्वडीहा में ताज मोहम्मद अंसारी के लड़की की शादी में जनकल्याण ट्रस्ट ने 3100 रुपये का आर्थिक सहयोग किया। मौके पर ट्रस्ट के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे, समाजसेवी हरिकिशोर दुबे, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे, सदस्य संतोष दुबे, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष आशीष पासवान, राजू दुबे उपस्थित थे। मौके पर समाजसेवी हरिकिशोर दुबे ने कहा कि हर समाज गरीब घर की लड़कियां समाज निर्माण करने में उनका बहुमूल्य योगदान रहा है। सभी को मिलजुल कर बेटी को उचित शिक्षा दिलाने का कार्य करना चाहिए। जनकल्याण ट्रस्ट सामाजिक कार्यों के अलावा निरंतर गरीब हित के लिए कार्य करते आ रहा है जो काफी सराहनीय है। सामाजिक कार्य सक्षम लोगों व संगठनों को भी करने की जरूरत है। ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे ने बताया कि ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य कर्तव्य निष्ठा से कार्य करते हैं। समाज के विकास के लिए अपना बहुमूल्य ाmय निकाल कर जगह-जगह पर जाकर चिन्हित करते हैं जिस संस्था के द्वारा हम लोग उस परिवार को ज्यादा से ज्यादा मदद कर सके। साथ ही सभी पदाधिकारी ने ताज मोहम्मद अंसारी के संपन्न शादी समारोह में यथाशीघ्र और भी सहयोग करने का भरोसा दिलाया। इसकी जानकारी जन कल्याण ट्रस्ट के केंद्रीय संगठन सचिव नंदलाल दुबे ने



बेटी की शादी के लिए सहयोग राशि देते ट्रस्ट के लोग।

# परिवर्तन सोसायटी द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है : डॉक्टर रणजीत सिंह

**श्रेया तीवारी ने परिवर्तन सोसाइटी रांची के द्वारा राजमहल में प्रस्तावित पर्यावरण संरक्षण हेतु जनजागरण कार्यक्रम की जानकारी दी गयी**

**परिवर्तन सोसाइटी रांची द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन**



खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** शनिवार को साहिबगंज नगर स्थित विकास भवन में परिवर्तन सोसाइटी रांची द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस वार्ता में उपस्थित प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया बन्धुओं को सम्बोधित करते हुए सोसाइटी की सचिव श्रेया तीवारी ने परिवर्तन सोसाइटी रांची के द्वारा साहिबगंज जिले के राजमहल में प्रस्तावित पर्यावरण संरक्षण हेतु जनजागरण, कार्यक्रम की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 16 जून की संध्या 5 बजे से कार्यक्रम की शुरूआत होंगी। इसमें संस्कृतिक कार्यक्रम, महाआरती, लेजर शो एवं प्रसाद वितरण होना है। साथ ही सोसाइटी के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए कार्यक्रम प्रमुख आसी शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों द्वारा समाज में पर्यावरण संरक्षण हेतु जनजागृति लाना है। मौके पर उपस्थित मॉडल कॉलेज राजमहल के प्राचार्य डॉक्टर रणजीत सिंह ने कहा कि सोसायटी द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है इस प्रकार के कार्यक्रमों में सभी की भागीदारी होनी चाहिए उन्होंने बताया कि सोसाइटी द्वारा कॉलेज व मंदिरों में सामाजिक सहयोग एवं कॉलेज विद्यार्थियों द्वारा वृक्षारोपण व तट की सफाई का कार्यक्रम भी होना है। इस आयोजित प्रेस वार्ता में सोसाइटी की कोषाध्यक्ष डॉक्टर पूजा सिन्हा, पूनम कुमारी, निशा, मुख्य रूप से उपस्थित थीं। सोसाइटी द्वारा साहिबगंज जिले वासियों को कार्यक्रम में आने का आह्वान किया साथ प्रिंट मीडिया व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया बन्धुओं को

# डीवीसी बोकारो थर्मल कोनार नदी में बहा रहा है छाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** डीभीसी बोकारो थर्मल के द्वारा कोनार नदी मे बहाई जा रही छाई के बारे मे जब डीभीसी के सीनियर मैनेजर (मैकनिकल) के टी रहमान से मिडिया के लोग सवाल किए तो उन्होंने कहा कि पूरे डीभीसी बोकारो थर्मल क्षेत्र का निरीक्षण करने के बाद ही डीभीसी बोकारो थर्मल के द्वारा छाई को बहाया जा रहा है। कहीं पर भी वैसा छाई लीकेज देखने को नहीं मिला, जैसा सूत्रों से जानकारी मिली थी। इस संदर्भ में उप मुख्य अभियंता का कहना था कि चालू प्लांट में अगर 'एस पाइप' हमारा किसी तरह की क्षतिग्रस्त होती है तो प्लांट से तुरंत सप्लाई कट कर दी जाती है और उसे कुछ मिनटों में मरम्मत कर उसे फिर से सुचारू रूप से बहाल कर दी जाती है।

चुकी प्लांट में छोटी छोटी किसी तरह की टेक्निकल खराबी आने पर उसे अविलंब सुधार कर लिया जाता है।

**बीएंडके मे सीसीएल सीकेएस का कार्यसमिति बैठक सम्पन्न**

# भारतीय मजदूर संघ देश का नंबर वन संगठन है : रविंद्र कुमार पांडे

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** शनिवार को भारतीय मजदूर संघ से संबंद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ की कार्यसमिति बैठक बोकारो एन्ड करगली क्षेत्र के महिला मंडल करगली में सम्पन्न हुई। अध्यक्षता सीसीएल सीकेएस के कार्यकारी अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार मिश्रा तथा बैठक का संचालन सीसीएल सीकेएस के महामंत्री राजीव रंजन सिंह द्वारा किया गया। बैठक में रविंद्र कुमार पाण्डेय और झारखंड प्रदेश संगठन मंत्री ब्रजेश कुमार उपस्थित हुए। ब्रजेश कुमार ने संघ के रीति की जानकारी देते हुए कार्यकर्ता के कर्तव्य का पालन करने पर ध्यान आकर्षित किया। पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडे ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ देश का नंबर वन संगठन है और आज पूरे देश में हर क्षेत्र में भारतीय मजदूर संघ अपने कामगारों का राष्ट्र हित, उद्योग हित और श्रमिक हित के नीति के तहत कार्य कर रही है। बीएंडके क्षेत्र के अध्यक्ष राम निहोरा सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष विनय पाठक और एरिया सचिव दिलीप मारिक ने कहा कि संगठन हमेशा अपने श्रमिकों के हक अधिकार के लिए गंभीर रहता है। मौके पर पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, अरुण सिंह, संजय चौधरी, दिलीप मारिक, राम निहोरा सिंह, विनय पाठक, दिनेश पाण्डेय, अनिल सिंह, संजय पांडेय, जय प्रकाश झा, माया कुमारी, संजय सिंह, शशि सिंह, निर्गुण महतो, मनोज कुमार, रामेश्वर मंडल, विशाल कुमार, दिलीप, शशि भूषण, विनय सिंह, कुलदीप, ललन मल्लाह, दिलीप गोस्वामी, शिव सिंह उपस्थित रहे।

## साहिबगंज : बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

कोटालपोखर। शनिवार की शाम कोटालपोखर थाना परिसर में मुस्लिम समुदाय के लोगों का बकरीद पर्व को लेकर जन प्रतिनिधि व बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता कोटालपोखर थाना के सब इंस्पेक्टर संग्राम कुमार सोय ने की। इस दौरान सोय ने कहा कि बकरीद पर्व को सभी शांतिपूर्ण तरीके के साथ मनाए एवं किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट ना करें।


**कार्यालय :– जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना के लिए प्रकाशित विज्ञापन PR 326273 Fish (24-25) D के द्वारा दिनांक 13.07.2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित की गई थी। अपरिहार्य कारणवश उक्त योजना की अवधि घटाते हुए दिनांक 01.07.2024 तक आवेदन आमंत्रित की जाती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा

PR 326566 Fish(24-25).D


## स्पीड न्यूज

## बेरमो के झामुमो नेता ने कल्पना से मिलकर दी जीत की बधाई



बेरमो। झारखंड मुक्ति मोर्चा बेरमोके नेताओ ने गांडेय विधानसभा के उप चुनाव में जीत पर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी है। झामुमो नेता ने इस जीत के साथ लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के द्वारा जीते गए पांच सीटों के लिए भी कल्पना सोरेन को बधाई दी। उन्होंने स्टार प्रचारक के रूप में कल्पना मुर्मू सोरेन के द्वारा की गई जी तोड़ मेहनत को इस जीत का श्रेय देते हुए विधानसभा चुनाव में और बेहतर परिणाम की उम्मीद जताते हुए अभी से तैयारी में लग जाने का आग्रह भी किया। गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने विधानसभा उपचुनाव और लोकसभा की पांच सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत को कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम बताया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष घुनु हांसदा,वरीय नेता भोलू खान,फुसरो नगर अध्यक्ष दीपक महतो,उपाध्यक्ष टीकू महतो, इमरान खान आदि लोग मुख्य रूप से शामिल हुए।

## राजमहल जेल का औचक निरीक्षण, नहीं मिला कोई आपत्तिजनक सामान



राजमहल। राजमहल उप- करावास में शनिवार को राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी कपिल कुमार के नेतृत्व में राजमहल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी द्वारा संयुक्त रूप से जेल का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से कैदियों का प्रतिदिनो का रूटीन की चेकिंग की गईं एवं जेल के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं की भी जानकारी ली। साथ ही मुलाकातियों के संबंध में रजिस्टर में पुख्ता जानकारी रखने को कहा। एसडीओ ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला है। सुरक्षा पर खास ख्याल रखने की हिदायत दी गई है। निरीक्षण के दौरान उपस्थित राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर, महिला थाना प्रभारी पूजा कुमारी, राधानगर थाना प्रभारी अमित सोनी, राजमहल प्रखंड विकास पदाधिकारी उदय कुमार सिन्हा, अंचल अधिकारी अशोक कुमार सिन्हा, राजमहल नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी स्मृति किरण एवं अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## शांतिपूर्ण तरीके से मनायें बकरीद : इंस्पेक्टर



बोकारो/कसमार। ईद उल जुहा बकरीद का त्योहार शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के साथ मनाने को लेकर कसमार थाना परिसर में शांति समिति की बैठक बीडीओ अनिल कुमार की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान जरीडीह सर्किल इंस्पेक्टर मुकेश कुमार पांडेय ने कहा कि बकरीद कुबार्नी का त्योहार है। इसी आपसी भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। त्योहार के दौरान कानूनी रूप से प्रतिबंधित चीजों का इस्तेमाल करना दंडनीय है। वहीं कुबार्नी के बाद मांस को इधर उधर ले नहीं जाय इससे संदेह पनपता है। वहीं अपशिष्ट चीजों को मिट्टी में ढक दें ताकि इधर उधर दिखे नहीं।

# नाबेट की अधिमान्यता प्राप्त करने वाला झारखंड का पहला विद्यालय है चिन्मय

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय बोकारो को राष्ट्रीय शिक्षा और प्रशिक्षण प्रत्यायन बोर्ड से अधिमान्यता प्राप्त हुई है। चिन्मय विद्यालय झारखंड में इस प्रमाणन को प्राप्त करने वाला बोकारो का पहला विद्यालय है।

एनएबीईटी- नाबेट भारतीय गुणवत्ता परिषद की एक शाखा है जो भारत सरकार के तत्वावधान में काम करती है। यह संगठन राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में गुणवत्ता मानकों को स्थापित करने और बनाए रखने के लिए समर्पित है। विद्यालय के सचिव महेश त्रिपाठी ने इस अधिमान्यता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह मान्यता चिन्मय विद्यालय के उच्च शैक्षिक और परिचालन मानकों के पालन का एक शक्तिशाली समर्थन है जो माता पिता को यह आश्वासन प्रदान करता है कि उनके बच्चे सुरक्षित सक्षम और पालन पोषण करने वाले हाथों में हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि यह सम्मान प्राप्त करने वाले झारखंड के पहले स्कूल होने पर हमें बेहद गर्व है। उन्होंने कहा कि चिन्मय विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति समर्पण जेईई और नीट जैसी राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं में इसके छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से और भी स्पष्ट होता है। शिक्षा के प्रति स्कूल का समग्र दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि छात्र न केवल अकादमिक रूप से उत्कृष्ट हों बल्कि 21वीं सदी में सफलता के लिए आवश्यक आलोचनात्मक सोच समस्या समाधान और नेतृत्व कौशल भी विकसित करें। उन्होंने कहा कि नाबेट से प्रमाणन प्राप्त करने में विद्यालय के 47 वर्षों का शिक्षा एवं समाज के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष बी मुखोपध्याय का कुशल मार्गदर्शन सचिव महेश त्रिपाठी का सहयोग मानव संसाधन विभाग की प्रभारी सुप्रिया चौधरी के वर्षों का अथक परिश्रम एवं स्वामी चिन्मयानंद के दिव्य आशीर्वाद का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

उन्होंने सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों के संरचनात्मक योगदान के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रेस वार्ता में प्राचार्य सूरज शर्मा चिन्मय मिशन बोकारो की आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष बी मुखोपध्याय सचिव महेश त्रिपाठी आरएन मल्लिक उपप्राचार्य नरमेन्द्र कुमार एवं सुप्रिया चौधरी मौजूद थे।


**402 कार्यालय:जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,हजारीबाग**

**–: मनरेगा अन्तर्गत ग्राम रोजगार सेवक के रिक्त पदों पर नियुक्ति संबंधी आवश्यक सूचना :–**

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग मे मनरेगा अन्तर्गत संविदा आधारित ग्राम रोजगार सेवक के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु अवेदन आंमत्रित किये गये थे। अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनो के आधार पर औपबंधिक अहर्त्ता रखने वाले तथा अहर्त्ता नही रखने वाले अभ्यर्थियों कि सूची जिला के वेबसाईट www.hazaribag.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है। प्रकाशित सूची के संदर्भ मे किसी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति दिनांक–20.06.2024 तक कार्यालय अवधि में साक्ष्य सहित सीधे जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग के कार्यालय मे समर्पित कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् अभ्यर्थियों के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक,हजारीबाग

PR 326655 Rural Development(24-25).D


## दुमका : बिजली-पानी की किल्लत से परेशान लोगों ने किया जाम



**दुमका।** चार दिन से पानी और अनियमित बिजली से परेशान बाउरीपाड़ा की महिलाओं ने शनिवार की शाम बायपास गौशाला रोड को जाम कर दिया। जाम की वजह से मार्ग में वाहनों का परिचालन पूरी तरह से ठप हो गया। महिलाओं ने बताया कि चार दिन से मुहल्ले में पानी की आपूर्ति बंद है। लगातार विभाग व नगर परिषद को इसकी जानकारी दी जा रही है, लेकिन किसी ने कुछ नहीं किया। इस गर्मी में बिना पानी के कैसे रात दिन काटना पड़ता है, इसकी कल्पना की जा सकती है। वहीं महिलाओं के घर के सदस्यों ने कहा कि बिजली ने तो जीना मुश्किल कर दिया है। सुबह से लेकर शाम तक लाइट नहीं आती है। अगर कुछ देर के लिए आ भी जाती है तो वोल्टेज इतना कम होता

## झरिया मे मजदूर मसीहा स्व सूर्यदेव सिंह की पुण्यतिथि मनायी गयी



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** पूर्व विधायक सह मजदूर मसीहा सूर्यदेव सिंह की 33 वीं पुण्यतिथि शनिवार को मनाई गई। अपने प्रिय मजदूर नेता को श्रद्धांजलि देने के लिए कतरास मोड़ स्थित सूर्यदेव चौक पर भारी भीड़ जुटी। इस मौके पर स्व सिंह के आदमकद प्रतिमा पर उनकी पत्नी झरिया की पूर्व विधायक कुंती देवी, बहू भाजपा नेत्री रागिनी सिंह, जमसं के महामंत्री सिद्दार्थ गौतम व परिवार के सदस्यों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। स्व सिंह की तस्वीर पर धनबाद के पूर्व सांसद पशुपति नाथ सिंह एवं रविंद्र कुमार पांडेय, पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह, जमसं नेता कमलेश सिंह, विकास सिंह, नवीन श्रीवास्तव, आशीष झा, सहित कई नेताओं ने श्रद्धांजलि दी। उपस्थित अतिथियो ने कहा कि दिग्गज मजदूर नेता से लेकर आम मजदूर उन्हें अपना मसीहा मानते हैं। साथ ही एक विधायक के रूप में उन्होंने झरिया के लोगों के विकास और उनके हित के लिए काम किया। हमेशा उन्होंने गरीबों और मजदूरों के हक के लिए आवाज उठाया। एक किसान परिवार में जन्मे सूर्यदेव सिंह मजदूरों के दिलों पर राज करने लगे थे। पिछले 33 वर्षों से उनकी पुण्यतिथि पर मजदूरों के लिए खास होता है।

## पत्नी की गला दबाकर हत्या के मामले में पति को उम्रकैद की सजा

**दुमका।** तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश राजेश सिन्हा की अदालत ने पत्नी की गला दबाकर हत्या करने के एक मामले में दोष सिद्ध आरोपी को सश्रम आजीवन कारावास और दस हजार रुपया का भुगतान करने का भी आदेश दिया। अदालत में शनिवार को सत्र वाद संख्या 166/2021 (रामगढ़ थाना कांड संख्या। 78/2021) में सजा के बिंदु पर सुनवाई हुई। सरकार की ओर से लोक अभियोजक चंपा कुमारी ने बहस में हिस्सा लिया। न्यायालय ने दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनने के बाद दोषसिद्ध आरोपी सुदर्शन मांझी को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनायी। वहीं 10 रुपए अर्थ दंड का भुगतान करने का भी आदेश दिया। वही अर्थ दंड की राशि का भुगतान नहीं करने पर आरोपी को छह महीने तक अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। इससे पूर्व 10 जून को ही आरोपी सुदर्शन मांझी को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में ले लिया गया था।


**कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा।**

**अल्पकालीन ई–निविदा पुनर्आमंत्रण सूचना संख्या – 12/2023–24**

| क्र0 स0 | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कोडरमा | चाराडीह में नए पंचायत भवन का निर्माण | 9989000.00 | 200000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 02 | डोमचांच | काराखूट में नए पंचायत भवन का निर्माण | 9989000.00 | 200000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 03 | चन्दवारा | चन्दवारा पूर्वी में नए पंचायत भवन का निर्माण | 9989000.00 | 200000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 04 | मरकच्चो | दशारोखुर्द में नए पंचायत भवन का निर्माण | 9989000.00 | 200000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 05 | मरकच्चो | मुर्कमनाय में नए पंचायत भवन का निर्माण | 9989000.00 | 200000.00 | 10000.00 | 12 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 22.06.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 24.06.2024 से 01.07.2024, अपराह्न 05:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 02.07.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– जिला अभियंता, जिला परिशद कोडरमा।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 7903003903 एवं ई–मेल ddczpkoderma@gmail.com
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता/संवेदक की होगी।
8. निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, कोडरमा।

PR 326594 (Panchayati Raj) 24-25 (D)


# गोड्डा : गायत्री प्रज्ञा पीठ में जिला समन्वय समिति का हुआ पुनर्गठन

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** महागामा प्रखंड अंतर्गत मोहनपुर के खदहरा माल स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ में जिला समन्वय समिति, गोड्डा के पुनर्गठन हेतु उपजोन समन्वयक बुधन वर्मा की उपस्थिति में शनिवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गोड्डा जिले के सभी प्रखंडों से करीब सैकड़ों परिजन उपस्थित हुए तथा जिला समन्वय समिति के विभिन्न पदों हेतु व्यक्तियों का चयन किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से पुनः एक बार भवेंद्र कुमार को जिला समन्वयक के रूप में कार्य करने हेतु चुना गया। साथ ही उनके सहयोगी के रूप में जिला उपसमन्वयक विनोद कुमार साह को चुना गया। वहीं अन्य पदों पर जिला महिला समन्वयक वंदना पांडेय, जिला महिला उपसमन्वयक आरती शर्मा, जिला युवा समन्वयक नीतीश कुमार सिंह, युवा उपसमन्वयक धर्मेंद्र प्रसाद सिंह, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा समन्वयक अनिरुद्ध प्रसाद यादव, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा उपसमन्वयक हलधर प्रसाद यादव, जिला समन्वयक किरण देवी महतो, जिला उपसमन्वयक रेखा देवी, गृहे- गृहे गायत्री यज्ञ, उपासना समन्वयक दिलिप कुमार, गृहे गृहे गायत्री यज्ञ, उपासना उपसमन्वय लक्ष्मी कुमारी, सप्त आंदोलन समन्वयक राकेश रंजन, सप्त आंदोलन उपसमन्वयक कौशल किशोर भंडारी को पदभार दिया गया। वहीं बैठक की व्यवस्था बनाने में सीताराम सिंह, कृष्ण मुरारी, कैलाश मंडल, उदय भगत, उदित नारायण, सत्यनारायण कुमार, धनंजय कुमार, वंदना पांडेय का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## श्रमिक नेता ने इस्पात मंत्री को दी शुभकामनाएं



**बोकारो।** बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ के महामंत्री सुमन सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री के पुत्र व कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नव नियुक्त भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी से दिल्ली में मुलाकात कर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस दौरान सिंह ने बोकारो स्टील प्लांट की विभिन्न महत्वपूर्ण समस्याओं पर उनका ध्यान आकृष्ट कराया। इस्पात मंत्री ने इस पर जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया। यह जानकारी संघ के सचिव सह मीडिया प्रभारी गंगेश कुमार पाठक ने दी।


**झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्**
जे.एस.सी.ए. स्टेडियमरोड, सेक्टर– 3, धुर्वा, राँची– 834004
दूरभाष - 0651-2444501, 0651-2444502 फैक्स: 0651-2444506 ई–मेल: jepcranchi1@gmail.com

An ISO 9001:2015 certified

पत्रांक:JEPC/CIV/03/1026/2024/2031 दिनांक: 13.06.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 02.07.2024 को 5:00 (पाँच) बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :दिनांक 03.07.2024 को 2:00 (दो) बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :दिनांक 04.07.2024 को 3:00 (तीन) बजे अपराह्न।
5. निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का सीान : राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, सेक्टर–3, जे.एस.सी.ए. स्टेडियम रोड, धुर्वा, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, सेक्टर–3, जे.एस.सी.ए. स्टेडियम रोड, धुर्वा, राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, सेक्टर–3, जे.एस.सी.ए. स्टेडियम रोड, धुर्वा, राँची।
8. **कार्यों की विवरणी :–**

| Sl. No. | Name of Work | Bid Ref. No. | Estimated Cost of Work (In Rs.) | Bid Security (In Rs.) | Cost of Document (In Rs.) | Period of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Strengthening of **Sud-Divisional Education Office** located in **Ranchi** District of **South Chotanagpur** Division of Jharkhand. | JEPC/RY/RNC/01/2024-25 | 10,22,822.00 | 21,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |

**नोट :– यूकैन निबंधित निविदा का रही निविदा डाल सकते है।**

- ➢ निविदा की शर्तें अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचनापट्ट पर उपलब्ध है।
- ➢ एक निबंधन पर दो से अधिक कार्यों का परिमाण विपत्र देय नहीं होगा।
- ➢ अनुसूचित भारतीय बैंक द्वारा निर्गत बैंकड्रॉफ्ट/डिमाण्ड ड्रॉफ्ट ही मान्य होगा। बैंकड्रॉफ्ट/डिमाण्ड ड्रॉफ्ट राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पक्ष में भुगतेय होगा, जिसे लौटाया नहीं जायेगा।
- ➢ झारखण्ड सरकार, पथ निर्माण विभाग के संकल्प सह ज्ञापांक–2146 (S)राँची, दिनांक–09/09/2020 के आधार पर निविदा का निष्पादन किया जायेगा।
- ➢ अग्रधन के रूप में NSC/TD/FD (Validity) 3 Years & Duly Pledged मान्य होगा। जो राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के नाम से प्रतिज्ञित होगा।
- ➢ Years & Duly Pledged मान्य होगा। जो राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के नाम से प्रतिज्ञित होगा।
- ➢ संवेदक को आवेदन के साथ इस आशय का शपथ–पत्र देना होगा की उनका कोई भी कार्य एकरारित समय सीमा बीत जाने के बाद लंबित नहीं है।

निविदा की शर्ते विभागीय वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
राज्य परियोजना निदेशक
झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची।

PR 326474 (Jharkhand Education Project Council) 24-25 (D)

## समय संवाद

जाने–अनजाने चेहरों में किसने क्या रिएक्शन दिया? कैसा कमेंट किया? जैसी बातें भी तनाव और एंग्जायटी भी बढ़ाते हैं। जर्नल ऑफ क्लिनिकल एंड सोशल साइकॉलॉजी में छपी रिसर्च के मुताबिक सोशल मीडिया लत का बेचैनी और अवसाद से सीधा संबंध है। हरदम यहां मौजूद रहना कार्टिसोल और एड्रेनेलिन हार्मोन्स का स्तर बढ़ता है। ये तनाव बढ़ाने वाले हार्मोन्स हैं। इसीलिए अपने अपडेट्स पर मिले सकारात्मक फीडबैक को लेकर हद से ज्यादा उत्साहित होने या नेगेटिव कमेंट्स को लेकर तनाव में आने से बचें। आज तनाव का यह एक बड़ा कारण है।

# सोशल मीडिया पर मौजूदगी हो गुमशुदगी नहीं

**मोनिका शर्मा**



**सोशल** मीडिया पर हद से ज्यादा एक्टिव रहने के खमियाजे अब सामने आने लगे हैं। शारीरिक-मानसिक और व्यवहारगत समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। खासकर ऐसे यूजर्स में जिनकी जिंदगी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स तक ही सिमट गई है। कोरोना काल में तो हर उम्र के लोगों का स्क्रीन टाइम बढ़ गया है। आंकड़े बताते हैं कि 3.6 अरब लोग दुनियाभर में रोज 144 मिनट सोशल मीडिया पर बिता रहे हैं। हर उम्र, हर वर्ग के लोग इन यूजर्स की फेहरिस्त में शामिल हैं। हालांकि अब यूजर्स इन वर्चुअल मंचों पर ओवर एक्टिव रहने के नुकसान भी समझने लगे हैं पर यह भी सच है कि आज के दौर में वर्चुअल प्लेटफॉर्म्स से पूरी तरह कटकर भी नहीं रहा जा सकता। हां, समझ और सजगता के साथ यहां मौजूद रहना अनगिनत समस्याओं से बचाते हुए आपको वर्चुअली सक्रिय रख सकता है

### सही प्लेटफॉर्म्स चुनें

वर्चुअल दुनिया में हर मंच पर अपनी मौजूदगी रखना अपना समय गंवाने के रास्ते खोलने जैसा है। इसीलिए अपनी पसंद या अपने वर्किंग फील्ड के मुताबिक ऐसे वर्चुअल प्लेटफॉर्म चुनें, जो आपको अपग्रेड कर सकें। वहां बिताये जा रहे समय के बदले आपके काम की सूचनाएं आपको मिल सकें। ध्यान रहे कि आज सोशल मीडिया के अनगिनत एप्स और साइट्स पर लोगों का बहुत सा समय खप जाता है। यह तय करना वाकई जरूरी है कि सूचनाओं के महासागर में कौन सी जानकारी आपके काम की है। कुछ पढ़ना समझना हो या शेयर करना आपकी प्राथमिकता क्या है?

### अपडेट कम कीजिये

सोशल मीडिया पर आपकी मौजूदगी का सीधा रिश्ता आपके अपडेट्स से है। हद से ज्यादा अपडेट्स की आदत हरदम आपको स्क्रीन की दुनिया में गुम रखती है। बार- बार लाइक, कमेन्ट या रियेक्शंस को देखने के जाल में उलझाए रखती है। इसीलिए आम जिंदगी से जुड़े वाकये हों या सार्वजनिक घटनाओं से जुड़े विचार, हर दिन, हर बात, हर विषय को लेकर अपडेट्स करने की आदत यूजर्स को सबसे ज्यादा व्यस्त रखती है। अगर आप खुद अपने अपडेट्स को सीमित रखते हैं, तो इन प्लेटफॉर्म्स पर आपका होना लत नहीं बनता। सार्थक जुड़ाव और जागरूकता भर के लिए वर्चुअल प्लेटफॉर्म्स पर समय देने के लिए अपने पोस्ट्स, अपडेट्स और स्क्रीन स्क्रॉलिंग को सीमित रखना बेहद जरूरी है। सोशल साइट्स पर बढ़ती मौजूदगी के अनुपात में ही दुनिया में तनाव, अवसाद, और हाइपरटेंशन के मामले भी बढ़े हैं।

### स्क्रीन टाइम तय कीजिये

बच्चों के लिए ही नहीं बड़ों एक लिए भी स्क्रीन टाइम तय करना जरूरी है। सोशल मीडिया से सधी हुई दूरी बनाना चाहते हैं तो पहले अपना हर दिन का स्क्रीन टाइम जानें। फिर सर्फिंग के लिए एक खास और नियत समय निकालें। ताकि ना तो आपकी काम की प्रोडक्टिविटी पर असर पड़े और ना ही आप साइबर संसार के लती बनें। किंग्स कॉलेज लंदन द्वारा किये गए फ्रंटियर्स इन साइकाइट्री जर्नल में प्रकाशित ताजा अध्ययन के मुताबिक वैश्विक स्तर पर करीब एक तिहाई युवा स्मार्ट फोन की लत का शिकार हैं। जिसके चलते अनिद्रा के साथ ही दूसरी बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। अध्ययन में शामिल 39 फीसदी प्रतिभागियों में बार - बार फोन देखना , नियमित रूप से सोशल मीडिया पर सूचनाएं देखते रहना, मैसेज या नोटिफिकेशन आते ही जल्द से जल्द फोन देखने की तलब रहना जैसे लक्षण दिखाई दिए हैं। ऐसे सभी लक्षण अपने फोन को लेकर नियंत्रण खोने के लक्षण माने जाते हैं।

# मानवता का विकास हो

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



विकास किसे कहते है? आज विकास को लेकर जो परिभाषा गढ़ी जा रही है वह ह्दय को कितना बड़ा बना पाने में सक्षम है? स्वामी सत्यानंद परमहंस ने कहा कि आज जिस विकास की परिभाषा गढ़ी जा रही है वह भौतिकता से प्रभावित है। क्या हमारा मन बड़ा हो गया है। क्या हम और अधिक उदार होते जा रहे हैं। हमारी भक्पि परम्परा में उदारता और दास भाव की जो बात कही गयी है क्या उन बातों पर अमल हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज भाई-भाई का प्रेम कहा टिका है। पहले लोग जिस प्रकार से मदद करते थे आपत स्थिति में, शादी ब्याह में, बीमारी में वह शहरों में खत्म ही हो रहा है। आज किसी की मौत के बाद उसे चार आदमी कंधा देने के लिए नहीं मिलते उसे रिक्शा या गाड़ी पर ले जाना होता है। मन, मथुरा और दिल द्वारिका हो तब शरीर काशी बन जाता है। व्यक्ति का मन कितना बड़ा है, कितना उदार है, कितना निष्कंलक है, कितना पवित्र है उसने अपने मन का कितना विकास किया की वह ज्यादा से ज्यादा लोगों के काम आ सका अगर यह विकास नहीं हो सका तो किस विकास की बात करते हैं। आज एक भाई अभाव में बीमारी में पेरशान होता है तो दूसरा अपने में खोया रहता है।

समाज सुविधाओं से नही सहयोग से चलता है। सहयोग का भाव समर्पण से पैदा होता है। समर्पण उसी के समक्ष किया जाना चाहिए जो इन गुणों से युक्त हो। अर्जुन ने कृष्ण, राम और विश्वामित्र ने गुरु वशिष्ट के आगे समर्पण किया। भक्ति का भाव अतःकरण में पैदा हो जाये यह विकास सबसे आवश्यक है। सामाजिक अवस्था पर उन्होंने कहा कि मगध और मिथिलाचंल में भक्ति सदैव प्रकट हुई। विश्वामित्र ने वक्सर में गायत्री मंत्र की रचना की। बक्सर के बारे में उन्होंने कहा कि प्राचीन, आधुनिक और वर्तमान तीनों काल में वहां घटनाएं घटित होती रही है। ताड़का बध से लेकर गायत्री मंत्र की रचना और इतिहास की कई लड़ाईयों में बक्सर का योगदान रहा है। परमहंस दयाल जी की भक्ति भी टेरी पंजाब से होती हुई वाराणसी से बक्सर आई और यहां के लोगों को भक्ति की प्रेरणा दी। समाज में विकास का अर्थ मानवीय गुणों का विकास है जिससे उसकी बुराइयों पर वह विजय प्राप्त कर सके।

ब्रह्य विद्यालय और आश्रम 18 वी सदी के मध्य से अब तक तत्व ज्ञान पर आधारित सन्यास की परम्परा को आगे बढ़ा रहा है जिसे परमहंस दयाल जी ने छपरा, बिहार से टेरी, अब पाकिस्तान में है वहां तक का विस्तार कराया। उस समय आश्रम में आठ हजार सन्यासी थे। यह राम कृष्ण परमहंस के लगभग समकालिन थे। परमहंस जी के गुरु तोतापुरे थे। इसके बाद स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मठ की कलकता में स्थापना की। ब्रंह्म विद्यालय गढ़वा घाट वाराणसी के विस्तार के बाद स्वामी शिवधर्मानंद जी के प्रबल प्रयास से बक्सर के छोटका राजपुर गांव में विस्तार पाया। भक्ति, गुरु आश्रम की सबसे बड़ी सेवा है। युवा वस्था में ही भक्ति पर विशेष जोर देते हुये स्वामी जी ने कहा की जीर्ण शरीर से कुछ भी संभव नहीं है मुक्ति भी नहीं हो सकती है। किसी भी कष्ट के पीछे कामना ही उसका कारण बनती है। बसारगढ़ स्थित ब्रंहाविद्यालय और आश्रम में स्वामी सत्यानंद ने कहा कि कष्ट इसलिए ज्यादा है क्योंकि हमलोगों ने अपनी कामना बढ़ा ली है। समाज में ज्यादा से ज्यादा सांसारिक वस्तुओं की इच्छा करने से कष्ट बढ़ रहा है। हमें उतने ही पैर पैसारने चाहिए जितने लंबे सौर हो। हमारे पूर्वजों ने हर चीज में अपनी कामना पर नियंत्रण रखते थे। यही नहीं वे अपने दिनचर्या और खान-पान को भी सीमा में रखते थे। आज हम अपनी कामनाओं को नियंत्रित करने में असफल हो रहे हैं यह सबसे बड़ा दुख का कारण बन रहा है। कष्ट कामना से होता है और कामना के नियंत्रण के लिए भक्ति का संग होना अनिवार्य है। भक्ति गुरु के माध्यम से ही स्थापित होती है। (ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर)

# सही बेसन की पहचान



**बेसन** का सेवन तो किसी न किसी रूप में लगभग हर घर में ही किया जाता है। किसी को इसके लड्डू पसंद हैं तो किसी को पकौड़े, तो किसी को इसकी कढ़ी बेहद पसंद है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आप जो बेसन खा रहे हैं वो मिलावटी भी हो सकता है? दरअसल बाजार में इन दिनों मिलावटी बेसन भी खूब मिल रहा है। जो आपके टेस्ट के साथ आपकी सेहत को बिगाड़ने का काम भी कर सकता है। इसको खाने से जोड़ों का दर्द, विकलांगता और पेट की बीमारियों सहित कई और गंभीर बीमारियां भी हो सकती हैं। इसलिए बेसन खरीदने से पहले ये बात समझना जरूरी है कि बेसन असली है या नकली। जिससे आपकी सेहत खराब होने से बची रह सके। आइये आपको बताते हैं कि असली और नकली बेसन की पहचान किस तरह से की जा सकती है।

असली बेसन के लिए चने की दाल इस्तेमाल होती है। लेकिन नकली बेसन तैयार करने के लिए मुनाफाखोर 25 प्रतिशत चने के आटे में 75 प्रतिशत तक सूजी, मटर दाल, चावल पाउडर, मक्के और खेसारी का आटा और कृत्रिम रंग मिला देते हैं। इसके साथ ही गेहूं के आटे में भी क्रत्रिम रंग मिलाकर बेसन तैयार किया जाता है।

बेसन असली या नकली इसकी जांच करने के लिए आप हाइड्रोक्लोरिक एसिड का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक बोल में दो चम्मच बेसन लें और इसमें दो चम्मच पानी मिला कर पेस्ट बना लें। अब इसमें दो चम्मच हाइड्रोक्लोरिक एसिड डालें और पांच मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। कुछ देर बाद बेसन में अगर लाल रंग दिखाई दे तो समझ जाएं कि बेसन में मिलावट की गयी है।

बेसन में मिलावट है या नहीं है ये जांचने के लिए आप दो चम्मच बेसन लें। अब इसमें दो चम्मच नींबू का रस मिला दें. साथ ही इसमें दो चम्मच हाइड्रोक्लोरिक एसिड भी मिला दें। इसको कुछ देर के लिए रखा रहने दें। कुछ देर बाद अगर बेसन लाल या भूरे रंग का नजर आता है तो इसका मतलब है कि बेसन नकली है।

# पक्षियों की रोचक दुनिया के रोमांच

**के.पी. सिंह**



पक्षी इंसानों की तरह ही न केवल दिमागदार होते हैं बल्कि जरूरत पड़ने पर त्वरित तौर पर सीखते भी हैं। इसीलिए प्राचीन काल में पक्षियों को गुप्त सन्देश लाने ले जाने के लिए बकायदा ट्रेंड किया जाता रहा है। माना जाता है कि आधुनिक संचार व्यवस्था की शुरूआत इन्हीं से हुई है।

क्या आपने कभी सोचा है कि पक्षी आखिर संदेश किस तरह पहुंचाते रहे होंगे? जी नहीं ये सिर्फ चोंच में दबाकर चिट्ठियां भर इधर से उधर नहीं ले जाते थे। दरअसल, ये विभिन्न तरीकों तथा आवाज, अभिनय तथा अपने शरीर पर पहनाये गये अलग-अलग तरह के अभूषणों द्वारा संदेश लाने और ले जाने का काम किया करते थे। तोते जैसे कुछ पक्षी तो अपनी विशिष्ट आवाज से बकायदा बातें कर लेते थे। इस्त्राइल के ज्ञानी राजा सोलोमन के बारे में तो कहा जाता है कि वह पक्षियों से घंटों बातें किया करते थे। पक्षी वैज्ञानिकों ने अपने विस्तृत ऑब्जर्वेशन और अध्ययन में पाया है कि पक्षी भी दोस्ताना भावनाएं रखते हैं, जो कि उनके द्वारा सीखी गयी होती हैं। पक्षी सीमित मात्रा में सीखने की अद्भुत क्षमता रखते हैं। यहां तक कि इनमें दोस्त व दुश्मन को भी पहचानने की सलाहियत होती है। यही कारण है कि कुछ पालतू पक्षी अपने राजाओं को समय-समय उनके कपटी दोस्तों और शुभचिंतकों से सावधान भी करते थे।

पक्षियों के पास संचार के लिए दर्जनों हावभाव और संकेत होते हैं। जब सिखाये पढ़ाये यानी ट्रेंड पक्षी अपने कान खुजलाते हैं तो वह खुजलीभर नहीं मिटा रहे होते बल्कि कोई संदेश पास कर रहे होते हैं। पक्षियों में जन्म से ही अपने माता-पिता को पहचानने की अद्भुत क्षमता होती है। पक्षियों के बच्चे, जहां भी मां-बाप जाते हैं, उनके पीछे-पीछे ही घूमते रहते हैं। इसका मतलब है कि पक्षियों में सोचने, समझने की शक्ति होती है। अधिकतर पक्षी अपने रहने के लिए घोसले इतने मजबूत बनाते हैं कि ये कई साल तक हर मौसम में टिके रहते हैं। सभी पक्षियों के पंख हम इंसानों को देखने में एक जैसे लगते हैं, लेकिन ये एक जैसे होते नहीं। इनमें उड़ने की क्षमताएं भी अलग-अलग होती हैं। कुछ पक्षी बिना पंख फड़फड़ाये अधिक ऊंचाई पर लम्बे समय तक वातावरण के ऊष्मीय वायु प्रवाह की मदद से उड़ते रहते हैं। लेकिन कुछ केवल छोटी उड़ान ही भर सकते हैं।

# चप्पा- चप्पा खूबसूरती समेटे है हिमाचल का चम्बा

**अमिताभ**

हिमाचल प्रदेश की गोद में बसा चम्बा कुदरती खूबसूरती का धनी है। चारों ओर से ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों से घिरा है और बीचोंबीच विशाल मैदान है। मैदान को कहते हैं चौगान और इसे चम्बा का दिल ही समझिए। शुरूआती दौर में, यह खासा बड़ा मैदान था, लेकिन बाद के सालों में यह छोटे-छोटे 4 मैदानों में तब्दील हो गया। हर साल जुलाई में, यहीं जाने-माने मिंजर मेले का भव्य आयोजन किया जाता है। मैदान में खेल-कूद के टूनार्मेंट भी होते रहते हैं।

### चौगान मैदान और मन्दिर

चौगान मैदान के सामने ही लक्ष्मी नारायण मन्दिर समूह के दर्शन होते हैं। मन्दिर परिसर में 6 मन्दिर हैं और हर मन्दिर चट्टानी पत्थरों से बना है। तीन मन्दिर भगवान शिव को समर्पित हैं, तो तीन भगवान विष्णु को। कुछेक तो 10वीं सदी के निर्मित हैं। श्री लक्ष्मी दामोदर मन्दिर, महामृत्युंजय मन्दिर, श्रीदुर्गा मन्दिर, गौरी शंकर महादेव मन्दिर, श्रीचन्द्रगुप्त महादेव मन्दिर और राधा कृष्ण मन्दिर हरदम भक्तों से भरे रहते हैं।

इनके समेत समूचे चम्बा में कुल 75 प्राचीन मन्दिर हैं। करीब एक किलोमीटर परे मां चामुण्डा देवी मन्दिर के दर्शन होते हैं। यहीं रावी नदी का दिलकश नजारा भी मंत्रमुग्ध करता है। रावी नदी पंजाब को सींचती 5 नदियों में से एक है। इसका स्त्रोत बड़ा बंगल पर्वत पर है। वहां से चम्बा को निहारना अनुभव है। मदमस्त बहती रावी नदी चम्बा की खूबसूरती में रंग भर देती है।

### म्यूजियम है खास

चम्बा के अतीत और इतिहास की झलक पाने के लिए भूरी सिंह म्यूजियम की सैर सैलानियों को लुभाती है। चौगान से पैदल दूरी पर है और गुलेर शैली की तमाम पेंटिंग्स से सजा है। और हां, यहां चम्बा शहर की कई हेरिटेज और दुर्लभ तस्वीरें देखने का निराला मौका मिलता है। यहां कागड़ा के राजा संसार चंद कटोच और चम्बा के राजा राज सिंह के बीच समझौते का ताम्बे पर बना सन्धि पत्र भी संगृहीत है। रंग महल पैलेस की कई प्रतिमाओं और अन्य दुर्लभ वस्तुओं को यहां देखा जा सकता है।



इसमें टहलते-टहलते हम हिमाचल के आर्ट, क्राफ्ट और कल्चर की रंगारंग दुनिया के तमाम रंगों से रूबरू होते हैं। एक और म्यूजियम है लक्ष्मी नारायण मन्दिर के परिसर में। बेशक छोटा है, लेकिन कई दिलचस्प जानकारियां समेटे है। म्यूजियम की दीवारों पर उल्लेख है कि कोलकाता के बाद चम्बा बिजली से जगमगाने वाला हिन्दुस्तान का दूसरा शहर है। इसे मुमकिन करने में राजा भूरी सिंह का बड़ा योगदान रहा। वैसे, भूरी सिंह संग्रहालय की स्थापना 1908 में राजा भूरी सिंह के हाथों हुई थी।

### चम्बा रुमाल

चम्बा की शालें और जूतियां खास हैं ही, लेकिन उनसे बढ़ कर चम्बा रुमाल का तो दुनिया में नाम है। कहते बेशक रुमाल हैं, लेकिन जेब में रखने वाला रुमाल नहीं है, बल्कि दीवार पर सजाने वाली पेंटिंग्स हैं। शानदार कढ़ाई का उत्कृष्ट नमूना कह सकते हैं। एक-एक रुमाल बनाने में 2-2 महीने तक लगते हैं। कुछेक रुमालों पर श्रीकृष्ण की रासलीला समेत विभिन्न धर्मग्रंथों के प्रसंगों का बखूब चित्रण है।

इस रुमाल का सबसे पुराना रूप 16वीं सदी में गुरु नानक देव जी की बहन बेबे नानकी जी के हाथों बनाया गया था। बेबे नानकी जी के हाथों से बना ऐतिहासिक रुमाल आजकल होशियारपुर के गुरुद्वारे में संग्रहित है। लंदन स्थित विक्टोरिया अल्बर्ट म्यूज़ियम में भी चंबा रुमाल है, जो 1883 में राजा गोपाल सिंह द्वारा अंग्रेजों को तोहफे के तौर पर दिया गया था। इसके ऊपर महाकाव्य महाभारत के कुरुक्षेत्र युद्ध की कढ़ाइदार छवि अंकित है। चम्बा रुमालों के बनने- बनाने के सिलसिले का श्रीगणेश 1965 में जानी- मानी कलाकार माहेश्वरी देवी के हाथों हुआ बताया जाता है।

### इतिहास

चम्बा 996 मीटर की ऊंचाई पर बसा है। आबादी करीब 50 हजार है। इसका इतिहास 1000 साल से ज्यादा पुराना है। साल 500 के आसपास मारू वंश का शासन था। तब राजधानी भरमौर थी, जो चम्बा से करीब 75 किलोमीटर दूर है। फिर साल 920 में राजा साहिल वर्मन ने अपनी प्यारी बेटी चंपावती की फरमाइश पर राजधानी चम्बा शिफ्ट कर ली। वर्ष 1846 आते-आते चम्बा रियासत पर अंग्रेजी हुकूमत ने कब्जा जमा लिया। अप्रैल, 1948 में यह आजाद भारत में सम्मलित हो गया।

चम्बा का नामकरण राजकुमारी चंपावती के नाम पर हुआ बताते हैं। राजकुमारी चंपावती रोज ध्यान के लिए एक साधु के आश्रम में जाने लगी। संदेह के चलते एक रोज राजा उसके पीछे-पीछे आश्रम जा धमका। वहां कोई नहीं मिला और संदेह की वजह से उसकी बेटी छीनी गई। फिर दैवीय आकाशवाणी ने राजा को राजकुमारी की याद में मन्दिर बनाने का आदेश दिया। देव आज्ञा का पालन करते हुए राजा ने चौगान मैदान के नजदीक चंपावती मन्दिर का निर्माण करवाया।

# आम खाये वजन घटायें

**अगर** आप के शौकीन हैं लेकिन आम को खाने से इसलिए दूर भाग रहे हैं क्योंकि आपको लगता है आम खाने से वजन बढ़ता है। अगर आपके मन में भी ये सवाल रह रहकर तैर रहा है तो जानिए इस सवाल का जवाब।

गर्मी के मौसम में बाजार में सबसे ज्यादा आम मिलता है। आम ना केवल बाकी फलों से देखने में अलग होता है बल्कि इसका स्वाद भी एकदम अलग होता है। खास बात है कि आम की कई वैरायटी बाजार में आती है और हर एक वैरायटी के आम का स्वाद एक दूसरे से अलग होता है।

आम का इस्तेमाल ना केवल फल के तौर पर बल्कि इसका इस्तेमाल चटनी, आम पना और शेक के रूप में भी किया जाता है। इसमें प्रुचर मात्रा में विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन ई और कैल्शियम होता है।

कई लोगों को लगता है कि आम खाने से वजन बढ़ने लगता है। अगर आपको भी ये लगता है तो आपके लिए ये जानना जरूरी है कि आम को खाने से वजन बिल्कुल नहीं बढ़ता है। आम वसा, सोडियम और कोलेस्ट्रोल फ्री होता है। यानी कि इसमें फैट और कोलेस्ट्रॉल बिल्कुल भी नहीं होता है, लिहाजा इसका सेवन करने से वजन नहीं बढ़ता है।

आम में प्रचुर मात्रा में विटामिन ए होता है। इस वजह से ये आंखों के लिए फायदेमंद रहता है। इसलिए अगर आप अपनी आंखों की रोशनी बढ़ाना चाहते हैं तो आम जरूर खाएं 2. स्वाद में लजीज होने के अलावा आम बैड़ कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद करता है। इसमें फाइबर और विटामिन सी प्रचुर मात्रा में होता है। 3.आम में कई तरह के एंजाइम्स होते हैं। ये एंजाइम्स भोजन को तोड़ने का काम करते हैं जिसकी वजह से खाना डाइजेस्ट होने में सहायता मिलती है। 4. ये बात जानकर आपको हैरानी होगी की आम का सेवन करने से वजन को भी घटाया जा सकता है। दरअसल, आम की गुठली में मौजूद रेशे शरीर में जमा अतिरिक्त चर्बी को कम करने में असरदार हैं। इसके साथ ही आम का सेवन करने से भूख भी कम लगती है क्योंकि इससे काफी देर तक पेट भरा रहता है। 5. अगर आम बहुत गला हुआ है तो उसके गुदे को भी आप चेहरे पर लगा सकते हैं। इससे चेहरे पर निखार आता है। 6. क्या आप जानते हैं आम याद्दाश्त को भी बढ़ाने में मददगार है। इसमें ग्लूटामिन एसिड नाम का तत्व पाया जाता है। ये तत्व याद्दाश्त को बढ़ाने का काम करता है। 7. आम लू से बचाव करता है। अगर आप एक गिलास आम का पना पीकर घर से बाहर निकले तो आपको लू से बचाने में मदद करेगा।

# योग से अपने तन-मन को करें स्वस्थ्य और प्रसन्न



**स्वामी मुक्तरथ**

21 जून को हर साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। योग दिवस मनाने की शुरूआत भारत में हुई और धीरे-धीरे इसे कई देशों ने अपनाया। योग तन और मन दोनों को सेहतमंद रखता है। कुछ योगासन ऐसे भी होते हैं जो पीरियड्स के दौरान होने वाले दर्द से राहत दिलाते हैं। योग को अपने दैनिक अभ्यास में शामिल करें तभी इसका फायदा मिल सकता है। आज हम आपको बताएंगे महिलाओं के लिए कुछ खास आसन जो आपको पीरियड के दर्द में आराम देंगे।

**बटरफ्लाई आसनः** बटरफ्लाई आसन को तितली आसन भी कहते हैं। महिलाओं के लिए ये आसन विशेष रूप से लाभकारी है। बटरफ्लाई आसन करने के लिए पैरों को सामने की ओर फैलाते हुए बैठ जाएं,रीढ़ की हड्डी सीधी रखें। घुटनो को मोड़ें और दोनों पैरों को योन की ओर लाएं। दोनों हाथों से अपने दोनों पांव को कस कर पकड़ लें. सहारे के लिए अपने हाथों को पांव के नीचे रख सकते हैं। लंबी,गहरी सांस लें, सांस छोड़ते हुए घटनों एवं जांघो को जमीन की तरफ दबाव डालें। तितली के पंखों की तरह दोनों पैरों को ऊपर नीचे हिलाना शुरू करें. धीरे धीरे तेज करें। सांसें लें और सांसे छोड़ें. शुरूआत में इसे जितना हो सके उतना ही करें। धीरे-धीरे अभ्यास बढ़ाएं। उष्ट्रासनः इस आसन को करने ले लिएअपने योग मैट पर घुटने के सहारे बैठ जाएं और कुल्हे पर दोनों हाथों को रखें. घुटने कंधो के समानांतर हो तथा पैरों के तलवे आसमान की तरफ हो. सांस लेते हुए मेरुदंड को खींचे जैसे कि नाभि से खींचा जा रहा है. गर्दन पर बिना दबाव डालें बैठे रहें. इसी स्थिति में कुछ सांसे लेते रहे. सांस छोड़ते हुए अपने प्रारंभिक स्थिति में आ जाएं. हाथों को वापस अपनी कमर पर लाएं और सीधे हो जाएं



**.उष्ट्रासनः** इस आसन को करने ले लिएअपने योग मैट पर घुटने के सहारे बैठ जाएं और कुल्हे पर दोनों हाथों को रखें. घुटने कंधो के समानांतर हो तथा पैरों के तलवे आसमान की तरफ हो. सांस लेते हुए मेरुदंड को खींचे जैसे कि नाभि से खींचा जा रहा है. गर्दन पर बिना दबाव डालें बैठे रहें. इसी स्थिति में कुछ सांसे लेते रहे. सांस छोड़ते हुए अपने प्रारंभिक स्थिति में आ जाएं. हाथों को वापस अपनी कमर पर लाएं और सीधे हो जाएं.

**माजारीं आसनः** मार्जरी आसन एक आगे की ओर झुकने और पीछे मुड़ने वाला योग आसन है. कैट वॉक दुनिया भर में प्रसिद्ध है, लेकिन हम योग आसन वर्ग में कैट पोज के बारे में चर्चा करते हैं. यह आसन आपके शरीर के लिए अनके प्रकार से लाभदायक है. यह आसन रीढ़ की हड्डी को एक अच्छा खिंचाव देता है. इसके साथ यह पीठ दर्द, कमर दर्द और गर्दन दर्द में राहत दिलाता है.

**पश्चिमोत्तानासन** – सबसे पहले जमीन पर बैठ जाएं. अब दोनों पैरों को सामने फैलाएं. पीठ की मांसपेशियों को ढीला छोड़ दें. सांस लेते हुए अपने दोनों हाथों को ऊपर लेकर जाएं. फिर सांस छोड़ते हुए आगे की ओर झुकें और नाक को घुटने से सटाने की कोशिश करें. धीरे धीरे सांस लें और छोड़ें. फिर पुरानी अवस्था में लौट आएं।

**विश्व को खाता ...**



साभार कॉटून मूवमेंट

# रामगढ़ में दो अपराधी गिरफ्तार

**▸▸ चितरपुर में चार घरों व जल मीनार से सोलर प्लेट करने वाले चोर गिरोह का रामगढ़ पुलिस ने किया पर्दाफाश**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** रजरप्पा थाना क्षेत्र में चोरी करने वाले एक गिरोह दो सदस्यों को पुलिस ने पकड़ा है। इसमें एक नाबालिक भी शामिल है। एसपी डॉ बिमल कुमार ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि रजरप्पा थाना क्षेत्र में चार घरों और स्कूल के जल मीनार से सोलर प्लेट करने वाले चोर गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। इस मामले में गिरोह के दो सदस्यों को पकड़ा गया है। इनमें रजरप्पा थाना क्षेत्र के मायल गांव निवासी खुर्शीद आलम उर्फ बाबू और सोनार मोहल्ला निवासी पवन कुमार के अलावा एक नाबालिग शामिल हैं। एसपी ने बताया कि चितरपुर प्रखंड के चार घरों में वेंटीलेटर के सहारे घर में घुसकर पीतल के बर्तन, पूजा के बर्तन और मोबाइल की चोरी की गई थी। इसके अलावा चितरपुर में राजकीय बुनियादी विद्यालय के जलमीनार में लगे सोलर प्लेट की चोरी भी हुई थी। इन दोनों मामलों में थाने में प्राथमिक की दर्ज हुई थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो संदिग्धों को पकड़ा गया। जब उनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने चोरी की वारदातों में संलिप्तता स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर घटना में चोरी किए गए सामानों को बरामद किया गया। साथ ही चोरी किए गए सामानों के खरीदार पवन कुमार को भी चितरपुर के सोनार मुहल्ले से ही गिरफ्तार किया गया। इस मामले में शामिल दो अन्य चोरों की पहचान हो चुकी है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। बिमल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार चोरों की निशानदेही पर 5 केवीए के सोलर प्लेट तीन पीस, जिसका बाजार मूल्य लगभग 75 हजार है बरामद किया गया है। इसके अलावा वीवो कंपनी का एक मोबाइल, लेनेवो कंपनी का एक मोबाइल, ओप्पो कंपनी का एक मोबाइल, एक टुल्लू पंप और चोरी हुए पीतल के बर्तन भी बरामद हुए हैं। छापेमारी में एसडीपीओ परमेश्वर, रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पाण्डेय, पुअनि अशोक कुमार, पुअनि रंजीत कुमार महतो, पुअनि निरंजन कुमार सिंह, आरक्षी श्याम सुनदर कुजूर, फुलचन्द महतो, प्रेमचन्द यादव, भानु प्रताप रजक शामिल थे ।

## पतरातू पेट्रोल पंप गोली कांड का आरोपी धराया

**रामगढ़।** पतरातू प्रखंड अंतर्गत तालाटांड पेट्रोल पंप में गोली कांड का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। रामगढ़ एसपी डॉ बिमल कुमार ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि जिन अपराधियों ने पेट्रोल पंप पर गोलीबारी की थी, उनमें से एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी ने बताया कि 6 जून को अपराधियों ने लगभग रात 8:00 बजे पेट्रोल पंप में एक गोलीबारी की थी। उसमें कई शातिर अपराधी शामिल थे। उनमें से एक अपराधी पतरातु थाना क्षेत्र के रोचाप निवासी चांद खान को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ के क्रम में अपना अपराध स्वीकार किया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल जेएच 24 सी 3143 को बरामद कर लिया गया। एसपी ने बताया कि इस मामले में फरार चल रहे अन्य तीन अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है।

## पांडे गिरोह के लिए रंगदारी वसूलने वाला गिरफ्तार

रामगढ़। पतरातू प्रखंड क्षेत्र में पांडे गिरोह के लोगों के जरिए लगातार व्यवसायियों से रंगदारी मांगी जा रही है। बीते नौ जून को पतरातू थाना क्षेत्र के जयनगर निवासी प्रेम पांडे से भी रंगदारी मांगी गई थी। पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। विकास तिवारी गिरोह के सदस्यों के द्वारा फोन पर रंगदारी की मांग की जा रही है। इस कांड के उद्भेदन के लिए एसपी डॉ बिमल कुमार ने पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र राम के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने छापेमारी करते हुए कई साक्ष्य जुटाए और कुजू ओपी क्षेत्र के दिग्वार निवासी सूरज साहू को गिरफ्तार किया।

स्पीड न्यूज

## दारु में सेवा सहयोग समिति का खुला ऑफिस

दारु । हर्ष अजमेरा की संस्था सेवा सहयोग समिति का प्रखंड कार्यालय का उद्घाटन शनिवार को अरविंद सहाय और पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी पुष्पा सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया। सहाय ने कहा कि इस समिति के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा का यह सपना है कि सुदूर गांवों तक भी जो समस्या है उसका समाधान किया जा किया जायेगा। यह समस्या स्वास्थ्य , पेयजल , चपाकाल की हो इसका त्वरित समाधान किया जायेगा। मौके पर ओम प्रकाश कुशवाहा, इंद्रदेव कुशवाहा ,प्रमोद पासवान, नागेश्वर कुशवाहा, हृदय सिन्हा, शीला देवी आदि मौजूद थे।

## बरही में बकरीद को ले शांति समिति की बैठक

**बरही।** बकरीद शांतिपूर्वक मनाने को लेकर बरही थाना में शनिवार को शांति समिति की बैठक की हुई। बैठक में कई गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक में हर साल की तरह इस साल भी शांतिपूर्ण माहौल में बकरीद मनाने की लोगों से अपील की गयी। सीओ रामनारायण खलखो ने कहा कि यह पर्व आपसी भाईचारा है। बकरीद त्योहार में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था ना फैले जिससे की शांति और सौहार्द बिगड़े ऐसा सभी लोग ध्यान दें। थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि बकरीद को लेकर पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। सभी लोग आपसी भाईचारा के साथ त्योहार मनायें।

## बरही में 19 से सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता

बरही। 63वीं सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता 19 जून से 20 जून तक प्रखण्ड स्तरीय खेल का आयोजन होगा। 19 जून से प्रातः 05 बजे से प्रखण्ड मैदान बरही में खेला जाएगा। सभी उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को अपने विद्यालय के चयनित खिलाड़ियों का विहित प्रपत्र में सूचना बीआरसी बरही में 18 जून को 12 बजे अपराह्न तक हर हाल में जमा करेंगे तथा प्रत्येक फॉर्म में प्रधानाध्यापक का हस्ताक्षर एवं मुहर होना अनिवार्य है।

## कुजू में सूर्यदेव सिंह की पूण्य तिथि मनी

कुजू। जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय कार्यालय में जनता मजदूर संघ के संस्थापक स्व. सूर्यदेव सिंह के 33वां पुण्य तिथि शनिवार को मनाया गया। संघ के क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया। महतो ने कहा कि सूर्यदेव सिंह ने जनता मजदूर संघ को स्थापित कर मजदूरों के हक व अधिकारी को उठाने का काम किया था। जो आज भी हम सभी लोगों के बदौलत जारी है।

# बिजली कटौती और लो-वोल्टेज से जल्द निजात दिलाये विभाग : सांसद



**हजारीबाग।** लोकसभा क्षेत्र में प्रचंड गर्मी के बावजूद व्याप्त बिजली की आंख- मिचौली और अव्यवस्था को लेकर सांसद मनीष जायसवाल ने हुए शनिवार को हजारीबाग और रामगढ़ बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों के साथ सांसद सेवा कार्यालय सभागार में बैठक की और क्षेत्र में बिजली कटौती की समस्या और बिजली से संबंधित अव्यवस्था के त्वरित समाधान का दिशा- निर्देश दिया ।

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने बिजली विभाग के अधिकारियों से संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती, शहरी क्षेत्र में लॉ- वोल्टेज, विद्युत व्यवस्था के सुधार हेतु अतिरिक्त ग्रीड निर्माण की दिशा में पहल करने, विभिन्न क्षेत्र में जले हुए ट्रांसफार्मर को अविलंब बदले जाने, नए बस्तियों में तत्काल विद्युतीकरण कराने, आवश्यकता अथवा उपभोक्ता की की व्यवस्था के अनुसार क्षेत्र में ट्रांसफार्मर को अपग्रेड करने जैसी समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए इसे गंभीरता से लेकर पहल करने का निर्देश दिया। मौके पर विभाग के जीएम दिनेश सिंह, इएसई अशोक कुमार उपाध्याय, इएसई रामगढ़ संतोष सिन्हा, ईई अंगेश कुमार, ईई रामगढ़ देश राज, ईई कुजू नवलेश कुमार, एसडीओ सौरभ लिंडा, एसडीओ रूरल अरविंद कुमार, एसडीओ महेश प्रजापति सहित अधिकारी शामिल हुए ।

## जेएसपी फाउंडेशन ने मनाया रक्त दिवस




**भुरकुंडा (रामगढ़)** ।जेएसपी फाउंडेशन के सीएसआर विभाग द्वारा शुक्रवार ओपीजेसीसी उचरिंगा के सभागार में विश्व रक्तदाता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीएसआर प्रमुख रवि निवास, डॉ मंजू मिश्रा, ओपीजेसीसी के प्राचार्य एस साहू एवं गजाला मैडम द्वारा किया गया। मौके पर रवि निवास ने कहा कि आज के परिवेश में रक्तदान करने वाले से महान कोई नहीं है। एक यूनिट रक्त किसी की जान बचा सकता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने वाले व्यक्ति को समाज की ओर से प्रोरत्साहित करना चाहिए। उन्होंने रक्तदान महादान का नारा बुंलद करते हुए अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करने की अपील की। ताकि समाज में किसी भी व्यक्ति का रक्त के अभाव में मृत्यु ना हो सके। इस अवसर पर पूर्व में रक्तदान किए हुए 40 रक्तदाताओं को सम्मानित किया। साथ ही आने वाले समय में अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करने की लिए प्रेरित करने की बात कही गई। डॉ. मंजू मिश्रा ने कहा कि आपका दिया हुआ रक्त किसी की जान बचा सकता है। मौके पर जेएसपी के दर्जनों अधिकारी, कर्मचारी व शिक्षकगण मौजूद थे।

## विभाग की लापरवाही से बिजली मिस्त्री की मौत पत्नी को मिलेगा पेंशन

**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र के बानादाग निवासी किशोर कुमार पोल पर 11 हजार बिजली तार तार को ठीक करने के लिए चढ़े हुए थे, इसी क्रम में बिजली विभाग के द्वारा पावर ऑन कर दिया गया और मौके पर ही किशोर कुमार की मौत हो गई जिसके बाद परिजनों ने मंगलवार को देर शाम जुलू पार्क स्थित जीएम कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया इस धरना प्रदर्शन में बानादाग के सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों को हक दिलाने के लिए मंगलवार को देर शाम धरना स्थल पर समाजसेवी हर्ष अजमेरा देर रात तक डटे रहे ग्रामीणों से बात की। उन्होंने विभाग के अधिकारियों पर दबाव बनाया। देर रात में मृतक की पत्नी सरिता देवी को 60 वर्ष तक पेंशन मिलता रहेगा और 10 लाख रुपए का मुआवजा मिलेगा। अजमेरा ने कहा कि जनता की सेवा में लगा हुआ हूं।

# बकरीद पर सतर्क रहे पुलिस

**रामगढ़ जिला शांति समिति की बैठक में डीसी ने दिया निर्देश**



रामगढ़। बकरीद पर्व को लेकर शनिवार को डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार की उपस्थिति में जिला समाहरणालय के सभागार में बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम डीसी एवं एसपी ने सभी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों से पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन करने एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर की गई तैयारियों की जानकारी ली। साथ ही सभी को पर्व के दौरान सतर्क रहकर अपने-अपने क्षेत्रों में हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। उन्होंने पीसीआर एवं पैंथर की टीम को संवेदनशील क्षेत्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं किसी भी प्रकार की अफवाह सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी कंट्रोल रूम को देने एवं अफवाहों को दूर करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। डीसी ने सभी अधिकारियों को पर्व के दौरान अलर्ट रहने का निर्देश दिया।

प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी पर रखें विशेष ध्यान : डीसी एवं एसपी ने प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी, उपयोग आदि पर विशेष ध्यान देने सहित इस संबंध में किए जाने वाले कार्यों को लेकर निर्देश दिए। जिला पशुपालन पदाधिकारी ने भी प्रतिबंधित पशुओं के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों को लेकर आवश्यक जानकारियां दी।

## झारखण्ड सरकार
## राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
## (जिला भू-अर्जन कार्यालय, राँची)

### अधिघोषणा

**(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)**

**"बुढ़मू (पिठौरिया–बुढ़मू–राय खलारी पथ पर) उमेडण्डा–हेन्दगीर पथ (कुल लंबाई–20.380 कि0मी0) परियोजना"**

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–उमेडण्डा शीट सं०–5 एवं 6, सोसई शीट सं०–1 एवं 3, हेन्दाग शीट सं०–1 एवं 2, कंडेर, बड़कामुरू, बुढ़मू, आरा एवं चकमें थाना–बुढ़मू, थाना संख्या–43,45,31,28,44,67,68 एवं 69, अंचल–बुडमू, जिला–राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन यथा–बुढ़मू (पिठौरिया–बुढ़मू–राय खलारी पथ पर) उमेडण्डा–हेन्दगीर पथ (कुल लंबाई–20.380 कि0मी0) परियोजना हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुर्नवासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासन के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–उमेडण्डा शीट सं०–5 एवं 6, सोसई शीट सं०–1 एवं 3, हेन्दाग शीट सं०–1 एवं 2, कंडेर, बडकामुरू, बुढ़मू, आरा एवं चकमें, थाना–बुढ़मू, थाना संख्या–43,45,31,28,44,67,68 एवं 69, अंचल–बुढ़मू, जिला–राँची में उपर्युक्त अंकित परियोजना के लिए कमोवेश–27.635 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

**मौजा– उमेडण्डा शीट सं०–5**

| क0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्व व्यक्ति का नाम व पता | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1 | 934 | टॉड़–II | 0.01 | ( मझीहस ) धर्मनाथ साहु वगैरह पिता–छटु साहू वगैरह | रास्ता | 934 अंष | 937 | 935 |
| | | 935 | टॉड़–II | 0.02 | अजीत कुमार साहु, पिता–मणिनाथ साहु वगैरह | रास्ता | 935 अंश | 931 | 933 |
| | | 936 | टॉड़–II | 0.01 | कुमार राज किशोर नाथ साहदेव, पिता–महाराजा प्रताप उरय नाथ साहदेव, अबूल हसन, पिता–भुगतन खलिया, शेख अजमत अंसारी पिता–स्व0 शेख सहादत वगैरह | रास्ता | 936 अंश | 939 | 937 |
| | | 937 | टॉड़–II | 0.01 | ग्यास आलम पिता–शमसुद्दीन आलम वगैरह | रास्ता | 937 अंश | 936 | 934 |
| | | 939 | टॉड़–II | 0.04 | ग्यास आलम पिता–शमसुद्दीन आलम, रोहित उरांव पिता–स्व0 बंधन उरांव, बिजय सिंह वगैरह, पिता–स्व0 दिगम्बर सिंह वगैरह | रास्ता | 939 अंश | 940 | 936 |
| | | 938 | मकान सहन | 0.01 | कुमार राज किशोर नाथ साहदेव, पिता–महाराजा प्रताप नाथ साहदेव वगैरह | रास्ता | 939 अंश | 940 | 936 |
| | | 940 | टॉड़–II | 0.03 | कुमार राज किशोर नाथ साहदेव, पिता–महाराजा प्रताप नाथ साहदेव, मधुराणा, पति–स्व0 दमडी राणा,, विद्या देवी पति–जसपाल साहु, शीतल प्रसाद जयसवाल पिता–रामलगन साहु, रीता देवी, पिता–बिनोद गुप्ता वगैरह | रास्ता | 940 अंश | 2639 | 938 |
| 2. | 4 | 778 | टॉड़–II | 0.06 | रतनो देवी, पति–दुर्गा साहु, श्रीमती नीमा देवी पति–ब्रज किशोर साहु वगैरह | 779 | रास्ता | रास्ता | 886 |
| 3. | 5 | 2640 | टॉड़–II | 0.02 | अज्ञात | 886 | रास्ता | 886 | 886 |
| 4. | 46 | 894 | टॉड़–II | 0.01 | देव नन्दन सिंह पे0 रामजीत सिंह, हबीब अंसारी पिता–कमरूद्दीन अंसारी वगैरह | 897 | रास्ता | 893 | 895 |
| | | 895 | मकान–सहन 1–1 | 0.01 | | 894 | रास्ता | 894 | 896 |
| | | 887 | टॉड़–I | 0.01 | देव नन्दन सिंह पे0 रामजीत सिंह तस्लीम अंसारी पिता–शेख मो0 अंसारी वगैरह | 884 | रास्ता | 886 | 890 |
| | | 886 | टॉड़–II | 0.02 | देव नन्दन सिंह पे0 रामजीत सिंह, बिन्दुल कुमार मुण्डा पिता–श्याम लाला मुण्डा वगैरह | 885 | रास्ता | 778 | 887 |
| 5. | 56 | 896 | टॉड़–I | 0.02 | इस्मत आरा वगै0, पति–अबीद अंसारी वगैरह | 897 | रास्ता | 895 | 899 |
| | | 926 | टॉड़–II | 0.03 | देवदूत प्र0 जयसवाल वगै0 पिता–महेश्वरी प्र0 वगै0, श्रीमती पेरो देवी, पिता–शंकर साहु वगै0, | रास्ता | 962 | 927 | 925 |
| 6. | 57 | 933 | टॉड़–II | 0.03 | नथुनी साहु वल्द मोहन साहु वगै० | रास्ता | 932 | 933 | 930 |
| 7. | 92 | 925 | मकान–सहन 1–1 | 0.03 | अमीन अंसारी पिता–शेख उद्दीन अंसारी वगै० | रास्ता | 925 | 926 | 923 |
| 8. | 93 | 890 | टॉड–I | 0.02 | करमुद्दीन अंसारी, पिता–शेख सोहवत | 891 | रास्ता | 889 | 893 |
| | | 893 | टॉड–I | 0.02 | | 892 | रास्ता | 890 | 894 |
| 9. | 104 | 927 | मकान–सहन 1–1 | 0.01 | महरंग महतो पिता–सुकरा महतो | रास्ता | 928 | 229 | 924 अंश |
| 10. | 126 | 883 | टॉड़–II | 0.14 | देवनन्दन सिंह पिता–रामजीत सिंह वगैरह श्रीमती लीलावती देवी पिता–झलकू साहु वगैरह विष्णु प्रसाद भगत पिता–शिवचरण भगत वगै०, धनानाथ साहु पिता–श्री जीवन साहु, बानेश्वर प्रसाद भगत पिता–शिवशरण भगत वगै०, जनार्दन प्रसाद जैसवाल पिता–स्व० शिवशरण भगत, बानेश्वर प्रसाद भगत पिता–शिवशरण भगत | 870 | 884 | 882 | रास्ता |
| | | 899 | टॉड़–I | 0.05 | | 884 | रास्ता | 896 | रास्ता |
| | | 923 | टॉड़–II | 0.03 | | रास्ता | 923 | 925 | रास्ता |
| | | 840 | टॉड़–II | 0.04 | | 839 | 865 | 849 | रास्ता |
| | | 866 | टॉड़–II | 0.06 | | 865 | 869 | 867 | रास्ता |
| 11. | 149 | 929 | मकान–सहन 1–1 | 0.02 | दिलीप प्रसाद जैसवाल वगैरह पिता–जयसवाल, मो० रिजीक खान, जाहीर अली वगै० पिता–हाजी अली, दिलीप प्रसाद जैसवाल वगै० पिता–जयसवाल | रास्ता | 931 | 930 | 927 अंश |
| | | 930 | टॉड़–I | 0.06 | | रास्ता | 931 | 933 | 929 |
| 12. | 53 | 870/2636 | | 0.06 | धर्मजीत भगत वल्द हरीजीवन भगत, बीरबल साहु पिता–बलदेव साहु, बिष्णु प्रसाद भगत पिता–स्व० शिवशरण भगत | रास्ता | 870 | 3636 | रास्ता |
| कुल | | | | 0.88 | | | | | |

**मौजा–उमेडण्डा शीट सं०–6**

| क0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्व व्यक्ति का नाम व पता | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1 | 941 | टॉड़–II | 0.09 | कुमार राज किशोर नाथ शाहदेव पिता–महाराजा प्रताप उदयनाथ शाहदेव, रघुनाथ नायक वगै० पिता–गिरधारी नायक, अनिल कुमार सिंह वगै० पिता–स्व० राजसेवक सिंह वो देवन्ती देवी पिता–स्व० शिवसेवक सिंह, राम लगन साहु पिता–गोखुल साहु, शंकर साहु पिता–शिवदयाल साव वगै०, मझीहस मालिक | 940 | 943 | रास्ता | 941 अंश |
| | | 982 | | 0.01 | | 940 | 943 | रास्ता | 941 अंश |
| | | 2188 | मकान सहन | 0.06 | | | | रास्ता | 941 अंश |
| | | 2192 | टॉड़–II | 0.10 | | | | | |
| | | 2190 | टॉड़–II | 0.06 | | 2188 | 2172 | रास्ता | 2190 अंश |
| 2. | 7 | 1070 | टॉड़–II | 0.07 | शिवनाथ नायक वगै० पिता–अमदे नायक, सुरेन्द्र कुमार नायक वगै० पिता–स्व० राधानाथ नायक, शिवनाथ नायक वगै० उमेद नायक, सुरेन्द्र कु० नायक वगै० पिता–स्व० राधानाथ नायक | 1069 | 1091 | रास्ता | 1070 अंश |
| | | 2156 | टॉड़–II | 0.06 | | 2148 | 2155 | रास्ता | 2156 |
| | | 2207 | टॉड़–II | 0.02 | | 2208 | 2204 | | |
| | | 2197 | टॉड़–II | 0.02 | | 2198 | 2196 | रास्ता | |
| 3. | 9 | 1069 | टॉड़–II | 0.08 | शिवनाथ नायक वगै० उमेद नायक, सुरेन्द्र कु० नायक वगै० पिता–स्व० राधानाथ नायक, जयन्ती देवी पति–बद्री नारायण नायक | 1067 | 1070 | रास्ता | 1063 |
| 4. | 20 | 2142 | टॉड़–II | 0.02 | रामलगन तेली वगै० पिता–गोकुल तेली | 2143 | 2141 | | |
| 5. | 22 | 1073 | टॉड़–I | 0.10 | कनीनायक नायक वगै० पिता–घाँसी नायक, बासुदेव नायक वगै० पिता–अमीर नायक, श्रीमती कुसुम देवी पिता–बालमुकुन्द नायक, मुनेश्वर नायक पिता–स्व० नारायण नायक वगै० | 1091 | 1074 | रास्ता | 1072 |
| | | 2155 | टॉड़–I | 0.02 | | 2156 | 2157 | रास्ता | 2155 |
| 6. | 25 | 2613 | टॉड़–III | 0.04 | तेजनी मुण्डाईन पिता–चरका मुण्डा | 2611 | 2614 | | |
| | | 2614 | टॉड़–II | 0.04 | | 2613 | 2616 | | |
| | | 2616 | टॉड़–I | 0.02 | | 2614 | 2615 | | |
| 7. | 30 | 2199 | टॉड़–III | 0.005 | मृत्युंजय नायक पिता–रघुनन्दन नायक | 2200 | 2198 | | |
| 8. | 32 | 2487 | टॉड़–III | 0.03 | कोल्हा महतो पिता–चैता महतो | 2486 | 2488 | रास्ता | 2168 |
| | | 2488 | टॉड़–III | 0.02 | | 2487 | 2489 | रास्ता | 2488 |
| | | 2489 | टॉड़–III | 0.03 | | 2488 | 2167 | रास्ता | 2489 अंश |
| 9. | 33 | 2132 | टॉड़–III | 0.03 | बोहरन महतो वगै० पिता–चोरटा महतो, जितु साहु पिता–भोला साहु, | 2140 | 2129 | | |
| 10. | 45 | 1066 | टॉड़–III | 0.12 | विशेष्वर नायक वल्द गणेष नायक, दलु सिंह, देवलाल सिंह, अनहच नायक वल्द बेचु नायक, देव नन्दन सिंह पिता–रामजीत सिंह वगै०, संध्या देवी पति–भुनेश्वर सिंह नायक, सुकरा मुण्डा पिता–विझमरवा मुण्डा, हरिहर नायक वगै०पिता–रघुनाथ नायक वगै० | रास्ता | 1067 | रास्ता | 1063 |
| | | 2092 | प0 क0 | 0.12 | | 2097 | 2095 | | |
| | | 2210 | दोन–II | 0.06 | | 2212 | 2209 | | |
| | | 2212 | प0 क0 | 0.02 | | 2211 | 2210 | | |
| | | 2096 | टॉड़–II | 0.19 | | 2095 | 2615 | 2615 | 2095 |
| 11. | 47 | 2095 | दोन–II | 0.10 | अनहच नायक वल्द बेचु नायक | 2092 | 2095 | | |
| 12. | 49 | 2201 | टॉड़–II | 0.01 | शिवनाथ नायक वगै० पिता–उमेद नायक, सुरेन्द्र कुमार नायक वगै० पिता–रामनाथ नायक लेगा पाहन वगै० पिता–दलु पाहन | 2202 | 2200 | | |
| | | 2202 | टॉड़–II | 0.02 | | 2203 | 2202 | | |
| | | 2203 | टॉड़–II | 0.03 | | 2204 | 2202 | | |
| 13. | 52 | 2167 | टॉड़–II | 0.02 | किसुन साहु वगै० पिता–देवनारायण साहु, सेख नजरली पिता–सेख सबुर, विकास कुमार नायक पिता–बद्री नारायण नायक, सुरेन्द्र साव वगै० पिता–फुटकन साव, बद्री नारायण नायक पिता–स्व० अनहच नायक | 2489 | 2166 | रास्ता | 2167 अंश |
| 14. | 56 | 2200 | टॉड़–II | 0.01 | नथुनी साहु वल्द सोहन साहु बनेश्वर नायक वगै० पिता–स्व० अर्जुन नायक | 2101 | 2199 | | |
| 15. | 58 | 2159 | टॉड़–II | 0.01 | नागेश्वर साहु पिता–नन्दु साहु, कमरुन निशा पिता–जहील निशा | 2160 | 2148 | रास्ता | 2159 |
| | | 2160 | टॉड़–II | 0.02 | | 2165 | 2159 | रास्ता | 2662 |
| 16. | 60 | 2523 | टॉड़–II | 0.01 | रामलगन महतो पिता–गोखुल महतो, श्रीमती जसोदा देवी पिता–अनुराधा साहु | 2518 | 2524 | | |
| 17. | 62 | 2129 | टॉड़–II | 0.17 | शिवनारायण नायक वगै० पिता–प्रयाग नायक, मदन महतो वगै० पिता–अहलाद महतो श्रीमती प्रभा देवी पति–बानेश्वर नायक, शिवचरण नायक वगै० पिता–प्रयाग नायक | 2132 | 2128 | | |
| | | 2194 | टॉड़–II | 0.03 | | 2195 | 2193 | | |
| | | 2593 | टॉड़–II | 0.02 | | 2526 | 2600 | | |
| | | 2603 | टॉड़–II | 0.06 | | 2601 | 2604 | | |
| | | 2604 | टॉड़–II | 0.02 | | 2603 | 2611 | | |
| 18. | 64 | 2511 | टॉड़–II | 0.01 | विरेन्द्र नायक वगै० पिता–प्रसाद नायक वगै० | 2509 | 2516 | | |
| | | 2516 | टॉड़–II | 0.02 | | 2511 | 2517 | | |
| | | 2517 | दोन–III | 0.02 | | 2516 | 2518 | | |
| | | 2518 | दोन–III | 0.01 | | 2517 | 2523 | | |
| 19. | 69 | 2150 | टॉड़–II | 0.02 | बुकना मुण्डा पिता–पुना मुण्डा, रामप्रसाद नायक वगै० पिता–परमेश्वर नायक, बुकना मुण्डा पिता–पुना मुण्डा | 2151 | 2149 | रास्ता | 2150 अंश |
| | | 2193 | टॉड़–II | 0.04 | | 2194 | 2192 | | |
| | | 2499 | टॉड़–II | 0.04 | | 2491 | 2500 | | |
| | | 2600 | टॉड़–II | 0.02 | | 2593 | 2601 | | |
| 20. | 80 | 2165 | टॉड़–II | 0.03 | बालगोविन्द नायक वगै० पिता–जिवलाल नायक, सेख नजरली पिता–सेख सबुर | 2166 | 2160 | | |
| 21. | 89 | 2524 | टॉड़–II | 0.02 | सेख रहीम वगै० पिता–सेख सहीम | 2523 | 2525 | | |
| | | 2526 | टॉड़–II | 0.03 | | 2525 | 2593 | | |
| 22. | 97 | 2486 | टॉड़–II | 0.10 | मथुरा महतो वल्द धना महतो, सुशीला देवी पति–दिगम्बर साहु | रास्ता | 2487 | रास्ता | 2168 |
| | | 2143 | टॉड़–II | 0.02 | | 2144 | 2142 | | |
| | | 2144 | टॉड़–II | 0.04 | | 2147 | 2143 | | |
| 23. | 100 | 2141 | टॉड़–II | 0.02 | भुनेश्वर साहु पिता–मथुरा साहु, कबुतरी देवी वगै० पति–स्व० भुनेश्वर साहु | 2124 | 2140 | | |
| | | 2140 | टॉड़–II | 0.01 | | 2139 | 2129 | | |
| 24. | 108 | 2106 | टॉड़–II | 0.10 | सेख रहीम पिता–सेख सहीम, मुस्लिम अंजुमन कमिटि जामा मस्जिद द्वारा सज्जाद अहमद अंसारी | 2107 | 2105 | | |
| 25. | 109 | 2147 | टॉड़–II | 0.02 | अलीमुद्दीन अंसारी वगै० पिता–मोहब्बत अंसारी | 2148 | 2144 | | |
| | | 2151 | टॉड़–II | 0.02 | | 2155 | 2150 | रास्ता | 2151 |
| 26. | 119 | 1067 | टॉड़–I | 0.09 | लालदेव नायक वगै० पिता–रामेश्वर नायक | | | | |
| 27. | 120 | 2491 | टॉड़–II | 0.14 | मुरली मनोहर प्र० जयसवाल पिता–सीता प्र०, श्रीमती निर्मला देवी पति–शीतल प्र० जयसवाल, सेख जिरली वगै० पिता–सेख सबुर, बुकना मुण्डा पिता–पुना मुण्डा, दिगम्बर सिंह वगै० पिता–देवनारायण सिंह, सेख फरचन्द वगै० पिता–सेख जंगली, कमरुद्दीन अंसारी पिता–सेख जंगल अंसारी | 2485 | 2499 | | |
| | | 2500 | टॉड़–II | 0.05 | | 2499 | 2501 | | |
| | | 2501 | टॉड़–II | 0.14 | | 2500 | 2509 | | |
| 28. | 121 | 2148 | टॉड़–II | 0.02 | बालकिशुन महतो, गणेश नायक वगै० पिता–रामजन्म नायक | 2149 | 2147 | | |
| | | 2158 | टॉड़–II | 0.04 | | 2159 | 2156 | रास्ता | 2148 |
| | | 2509 | टॉड़–II | 0.01 | | 2508 | 2511 | | |
| 29. | 122 | 1074 | टॉड़–II | 0.12 | रामनन्दन नायक वल्द भगवान नायक, कमलेश्वर नायक पिता–स्व० रामनन्दन नायक | 1073 | 1075 | रास्ता | 1076 |
| | | 2128 | टॉड़–II | 0.06 | | 2129 | 2127 | | |
| | | 2208 | टॉड़–II | 0.03 | | 2209 | 2207 | | |
| | | 2198 | टॉड़–II | 0.02 | | 2199 | 2197 | | |
| 30. | 124 | 2107 | टॉड़–II | 0.01 | कमलेश्वर नायक पिता–स्व० रामनन्दन नायक | 2127 | 2106 | | |
| 31. | 133 | 2195 | टॉड़–II | 0.04 | भोला साहु पिता–शनिचरवा साहु | 2196 | 2194 | | |
| 32. | 138 | 2209 | दोन–II | 0.08 | गोपाल साहु वगै० पिता–सागर साहु भुनेश्वरी देवी वगै० पति–अर्जुन नायक | 2210 | 2208 | | |
| 33. | 144 | 2611 | टॉड़–II | 0.09 | शिवा महतो वगै० पिता–विगन महतो | 2604 | 2613 | | |
| 34 | 150 | 2485 | टॉड़–II | 0.20 | गणेश नायक वगै० पिता–रामजन्म नायक | 2192 | 2491 | | |
| | | 2149 | | 0.01 | | | | | |
| 35. | 152 | 2196 | टॉड़–II | 0.04 | हरीवंश नायक पे० गुरुदयाल नायक, राधानाथ नायक वगै० पिता–रामनाथ नायक, चुन्नु साहु पिता–भोला साहु, सुरेन्द्र कुमार नायक पिता–स्व० रामनाथ नायक, विनोद साहु पिता–स्व० जितु साहु, मुनु देवी पिता–दुबराज साहु सज्जाद अहमद अंसारी वगै० पिता–स्व० दिलावर अंसारी, शिवचरण नायक पिता–प्रयाग नायक, शरीफ अंसारी वगै० पिता–स्व० सेख दिलावर | 2192 | 2491 | | |
| | | 2127 | टॉड़–II | 0.06 | | | | | |
| | | 2166 | दोन–III | 0.10 | | | | | |
| 36. | 174 | 2525 | टॉड़–II | 0.01 | नवल किशोर मिश्र पिता–देवनारायण मिश्र, सरयु मिश्र पिता–देवनारायण मिश्र | 2524 | 2526 | | |
| 37 | | 2601 | टॉड़–II | 0.03 | प्रयास नायक, तीरवेनी नायक | 2600 | 2603 | | |
| 38 | | 2604 | टॉड़–II | 0.02 | अज्ञात | 2603 | 2611 | | |
| कुल | | | | 3.965 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है :–

ग्राम–XXX, थाना संख्या–XXX, अंचल–XXX, जिला–XXX, क्षेत्रफल–XXX एकड़, जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

PR 326608 Land Reforms(24-25).D

अमीन, जि0भू0अ0का0,राँची। | कानूनगो, जि0भू0अ0का0,राँची। | जि0 भू0 अ0 पदा0, राँची। | अपर समाहर्त्ता, राँची। | उपायुक्त, राँची।

## स्पीड न्यूज

### बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**गिद्धौर।** थाना परिसर में बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अनिता यादव ने की और संचालन थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि बकरीद पर्व हर साल की तरह इस साल भी शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया जाएगा। थाना प्रभारी ने कहा कि हुड़दंगियों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी और असामाजिक पोस्ट करने वालों पर भी विशेष नजर रखी जाएगी। बैठक में उपप्रमुख पिरतम यादव, जिला परिषद प्रतिनिधि बालेश्वर यादव, मुकेश साव, प्रखंड प्रशासन और दोनों समुदायों के बुद्धिजीवी और समाजसेवी लोग मौजूद थे।

### गिद्धौर में पंचायत समिति की समीक्षा बैठक

**गिद्धौर।** शनिवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में पंचायत समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अनीता यादव ने की और संचालन बीडीओ राहुल देव ने किया। बैठक में उपस्थित विभागों के कर्मियों के साथ समिति सड़कों पर विभागवार समीक्षा की गई। बैठक में नदी घाट से अवैध बालू उठाव और अबूआ आवास का मुद्दा प्रमुख रूप से उठा। स्वास्थ्य विभाग में एक्स-रे मशीन नहीं लगाए जाने का विषय भी उठाया गया। शिक्षा विभाग के प्रति प्रमुख ने नाराजगी जताई और कई विभागों से कार्यों की सूची मांगी। बैठक में थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, उप प्रमुख प्रीतम यादव, स्वास्थ्य विभाग, बीपीओ, पंचायत सचिव, आवास समन्वयक सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### कंप्यूटर ऑपरेटर के नाम पर हो रही साइबर ठगी

**सिमरिया।** सिमरिया प्रखंड कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर मो बदरुद्दीन के नाम पर साइबर ठगी हो रही है। ठगी करने वाले लोग लोगों को फोन करके उनके नाम से योजना का लाभ देने का झांसा देते हैं और उनसे ओटीपी मांगते हैं। ओटीपी मिलने के बाद वे लोगों के खाते से पैसे निकाल लेते हैं। मो बदरुद्दीन ने लोगों से अपील की है कि अगर कोई भी उनके नाम से किसी भी तरह का योजना का लाभ बता कर उनका ओटीपी या अन्य कागजात मांगे तो वे तुरंत सिमरिया थाना को सूचित करें। ठगी के शिकार लोगों ने बताया कि उन्हें 7026811469 और 9589953299 नंबर से फोन किया जाता है। मो बदरुद्दीन ने सिमरिया थाना में लिखित शिकायत दर्ज करा दी है।

### 21 जून को झुमरीतिलैया ब्लॉक मैदान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**कोडरमा।** पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वाधान में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम झुमरीतिलैया ब्लॉक मैदान कोडरमा में योगाचार्य सुषमा सुमन की अध्यक्षता में किया जायेगा। वहीं सुषमा सुमन ने बताई की यह दसवां अंतरराष्ट्रीय योग शिविर है और 21 जून को पूरा विश्व योग दिवस मनाएंगे। योग को पूरा विश्व स्तर पर पहुंचने का जो काम हुआ इसका श्रेय भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। इसलिए पतंजलि परिवार की ओर से प्रधानमंत्री को बहुत-बहुत बधाई देते हैं, योग को जमीनी पर उतरने का काम स्वामी रामदेव महाराज ने जो किए हैं, योग के माध्यम से सभी लोग स्वस्थ हो रहे हैं और आगे योग करेंगे तो स्वस्थ रहेंगे। वहीं पतंजलि परिवार की ओर से योग शिविर का समय सुबह 4:45 से 6:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस कार्यक्रम में सहयोग करने वाले पतंजलि परिवार के संरक्षक सुभाष बर्णवाल, डॉ. जेपीएन बर्णवाल, दिलीप मोदी, पूर्व अर्जुन मोदी, आलोक कुमार सिन्हा, उपेंद्र भदानी, डॉ.मनोज भदानी, अविनाश सेठ, उपेंद्र कुमार दुबे, सुभाष गुप्ता, विजय बर्णवाल, चंदन चक्रवर्ती, विवेक कुमार सिन्हा, गोपाल शर्मा, राजेंद्र कुमार बर्णवाल, सुरेश सिंह, कैलाश राणा, सुरेश यादव, राजेंद्र यादव, रामचंद्र यादव आदि के नाम शामिल हैं।

### खेल संघों ने नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण सिंह का अभिनंदन किया

# चतरा में मेडिकल कॉलेज और चंदवा में फ्लाईओवर की जल्द मिलेगी सौगात: सांसद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** चतरा लोकसभा सांसद काली चरण सिंह का शहर के गंदौरी मंदिर समीप सामुदायिक जिम परिसर में जिला ताइक्वांडो संघ, क्रीड़ा भारती चतरा इकाई और पतंजलि योग समिति सहित अन्य खेल संघों द्वारा अभिनंदन समारोह किया गया। अभिनंदन समारोह में जिला के कई गणमान्य लोगों के साथ जिला के सभी खेल प्रेमी और खेल संगठन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। चतरा जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव विकास केशरी ने अभिनंदन समारोह का संचालन करते हुए कहा कि चतरा के लोगों को लोकप्रिय सांसद काली चरण सिंह से काफी उम्मीदें हैं और हर पल हर समय खरा उतरने की चतरा लोक सभा के लोगों की अपेक्षा है। श्री विकास ने आगे कहा कि लोकसभा के कलंक को धोने वाले सांसद काली चरण सिंह चतरा के लिए एक नया इतिहास लिखना प्रारंभ कर दिए हैं और जिला के लोगों को कई अनूठे विकास देखने को मिलेंगे। काली चरण सिंह ने कहा कि उन्हें उन लोगों से पीड़ा होती है जिन्होंने उन्हें भूमिहार, हिंदू और भाजपाई बना दिया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले वह चतरा लोकसभा के एक व्यक्ति हैं और उसके बाद वह लोगों के सेवक हैं। उन्होंने कहा कि चतरा लोकसभा के लोगों ने बहुत बड़ी उपलब्धि पाई है और जब उन्होंने टिकट मांगा था तो उन्होंने लोगों के भरोसे और उनके दम पर पार्टी को वादा किया था कि वह पांच लाख से चुनाव जीतकर आएंगे। उसी समय केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें कहा था कि अगर वह पांच लाख से जीतेंगे तो उन्हें झारखंड सरकार में मंत्री बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह तो जीत गए हैं लेकिन चतरा लोकसभा की जनता हार गई और अगर वह मंत्री नहीं बन पाए तो उसमें कहीं न कहीं लोगों का भी दोष है।उन्होंने कहा कि वह महज एक सांसद बनकर 60 वर्षों में जितना विकास नहीं हो पाया है, वह उसे करने का वादा करते हैं और महज 100 घंटे में लोकसभा में निवास करने वाले सभी जाति धर्म हिंदू मुस्लिम सिख इसाई के लिए दो बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्रियों से मिलकर उन्होंने चतरा में एक मेडिकल कॉलेज और चंदवा में फ्लाईओवर का अनुमति पर मुहर लगवा कर दिल्ली से लौटे हैं। चतरा में बिजली की संकट की समस्या पर सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की निरंकुशता के कारण वन विभाग में मात्र पांच पोल नहीं गाड़े जा सके, जिसके कारण बिजली पानी की संकट गहरा गया है। उन्होंने कहा कि कल ही उनके संज्ञान में यह बात आई है और इससे जल्द ही निष्पादन किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, उज्जवल दास पंकज दुबे, भाजपा पूर्व अध्यक्ष विनय सिंह, सनू अग्रवाल, राजीव मित्तल, फजलू रहमान, मो जमाल, बबलू सिन्हा, देवनंदन सोनी, जितेंद्र जैन, आनंद तांबी, मो जसीम, विकास कुमार केशरी, सूरज कुमार, सुनीता कुमारी, शैलेन्द्र सिंह, अभिजीत सिन्हा, रीना दुबे, मदन साह, सूर्यप्रकाश सिन्हा, जुगल कुमार, देवानंद कुमार, आदित्य, शुभम, दिलीप, वर्षा, प्रगति अनु, कृतिका, मान्या, वैष्णवी, दीपक सहित जिला के सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद थे।

### कोडरमा से वाहन चोरी कर बिहार के मुजफ्फरपुर स्थित गैराज में बेचते थे आरोपी

# कोडरमा पुलिस द्वारा पेशेवर अन्तर्राज्यीय चोर गिरोह का किया पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कोडरमा थाना कांड संख्या 122/2024 मामले में पुलिस ने चार अन्तर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश किया। जिसको लेकर एसपी अनुदीप सिंह ने प्रेस वार्ता कर बताया कि बीते दिनों 11 जून की रात विधायक आवास के समीप से एक स्कॉर्पियो की चोरी अज्ञात चोरों के द्वारा कर ली गई थी। जिसके बाद एसडीपीओ जीतवाहन उरांव व कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर उक्त मामले में छापेमारी की गई। जहां बिहार के वैशाली जिले के महुआ थानान्तर्गत इस काण्ड के चार अभियुक्तों को इस काण्ड में प्रयुक्त स्वीफ्ट कार के साथ गिरफ्तार किया गया। जिनके निशानदेही के आधार पर बिहार राज्य के मुजफ्फरपुर जिला के मिठनपुरा थाना अन्तर्गत एक गैरेज से काण्ड में चोरी किये गये स्कोर्पियों का कुछ पार्टस पूर्जा बरामद किया गया। इस प्रकार कोडरमा पुलिस द्वारा एक पेशेवर अन्तर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश किया गया। इस संबंध में विधि सम्मत आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

**गिरफार अभियुक्त में ये हैं शामिल :** 32 वर्षीय रमेश कुमार पिता स्व. पल्लू राय वार्ड नम्बर-7 थाना-महुआ जिला वैशाली बिहार, 34 वर्षीय ओम प्रकाश पासवान पिता राजेन्द्र पासवान छतवारा कपुर थाना महुआ जिला वैशाली (बिहार), 24 वर्षीय अविनाश कुमार पिता हरिचन्द्र राय महुआ सिंगराय, थाना महुआ जिला वैशाली (बिहार), 33 वर्षीय विकाश कुमार उम्र करीब 33 वर्ष पिता राजेन्द्र दास साभागवतपुर तरौरा थाना महुआ जिला वैशाली (बिहार) को गिरफ्तार किया है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी कोडरमा पुनि.सुजीत कुमार, पुअनि शशिभूषण कुमार, कोडरमा थाना तकनिकी शाखा के कर्मी एवं थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

**बरामद पार्ट्स :** चारों चक्का का व्हील कैप, काले रंग का स्टेरिंग कवर, रियर बम्पर सफेद रंग का जैक एवं रड काले रंग का फ्रंट ग्रिल अपर कवर, सफेद रंग का जालीनूमा फंट लोवर कभर, उजला रंग का रूफ स्पॉयलर, सफेद रंग का रूफ हैण्डल, चोरी हुए स्कार्पियों का जीपीएस सिस्टम।

**छापेमारी दल में :** थाना प्रभारी सुजीत कुमार, एसआई शशिभूषण कुमार, तकनिकी शाखा के कर्मी एवं थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

### आर्टिगा वाहन ओमनी सहित दो मोटरसाइकिल व एक स्कूटी को लिया चपेट में

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बगड़ो-पिपचो मार्ग के रघुनियाडीह में एक आर्टिगा कार ने ओमनी वाहन समेत दो मोटरसाइकिल व एक स्कूटी को अपने चपेट में ले लिया। जिससे एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घायल युवक की पहचान राकेश मोदी डोमचांच ढाब रोड निवासी के रूप में की गई है। वहीं घटना की सूचना पाकर डोमचांच थाना पुलिस घटना स्थल पर पंहुचकर आर्टिगा वाहन को जप्त कर थाने ले आयी। घटना को लेकर थाना पुलिस अग्रेत्तर कार्रवाई कर रही है। आर्टिगा कार जेएच02बीसी/ 3044 अत्यधिक तेज गति से पहले ओमनी के पीछे खड़ी दो मोटरसाइकिल में टक्कर मारा, उसके बाद ओमनी में और फिर स्कूटी में टक्कर मारा, जिससे स्कूटी पर सवार राकेश मोदी कालीमंडा निवासी घायल हो गया।

### जिला परिषद के कार्यकाल का दो वर्ष पूर्ण होने पर

# जिप अध्यक्ष ने की प्रेसवार्ता, दी योजनाओं की जानकारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** वर्तमान जिला परिषद के कार्यकाल का दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव द्वारा जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेन्स का आयोजन किया गया। वहीं डीडीसी ऋतुराज द्वारा 15वें वित् मद अंतर्गत आबद्ध और अनाबद्ध निधि से संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अलावा अन्य योजनाएं परिसंपत्ति निर्माण/मरम्मती करण के अंतर्गत हाट बाजार, सचिवालय की मरम्मती के साथ चारदीवारी का निर्माण, 15वें के अंतर्गत स्वास्थ्य मद में चलायी जा रही योजनाएं, स्व आय के लिए किये जा रहे कार्यो, पंचायत ज्ञान केंद्र मद के तहत चलाये जा रहे योजनाएं की विस्तृत जानकारी दी गयी। वहीं जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि जिला परिषद के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत योजनाओं को लेते हुए विकास कार्य किये जायेंगे। मौके पर सभी जिला परिषद् सदस्य समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# प्रदेश जिला परिषद संघ का प्रतिनिधिमंडल सीएम चंपई सोरेन से मिला

### डीआरडीए प्रशासन योजना बंद होने के उपरांत, विसंगतियों को दूर करने की रखी मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** जिला परिषद संघ, झारखण्ड के अध्यक्ष जॉयस बेसरा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल में कोडरमा जिप अध्यक्ष रामधन यादव, उमेश प्रसाद मेहता, शारदा सिंह, देवनारायण यादव शामिल थे। वहीं कोडरमा जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से कोडरमा जिले में लंबित योजनाओं और विकास योजनाओं को लेकर वार्ता हुई, साथ ही जिला परिषद के जनकल्याणकारी योजनाओं में विभागीय स्तर से आ रही तकनीकी समस्याओं को दूर करने की मांग की गई। वहीं सीएम ने मांगो पर गंभीरता से समस्या का समाधान कराने का आश्वाशन दिया है। वहीं उन्होंने बताया कि प्रदेश जिला परिषद अध्यक्ष संघ ने सीएम से डीआरडीए कर्मियों के जिला परिषद में समायोजन का फार्मूला न्यायसंगत नही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निकाले गए संकल्प में कई विसंगती है। जिसमें सरकार स्तर से प्रावधान करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि डीआरडीए कर्मियों को दूसरे राज्यों में जिला परिषद में विलय हुआ है और राज्य सरकार कर्मी के रूप में समायोजन किया गया। लेकिन झारखण्ड में नजरअंदाज किया गया है। प्रदेश जिला परिषद संघ ने सीएम से मिलकर केंद्र प्रायोजित डीआरडीए प्रशासन योजना बंद होने के उपरांत ग्रामीण विकास विभाग के संकल्प पत्र 11/01/2021/2078 में झारखण्ड पंचायती राज्य अधिनियम की धारा 77(ख) का पूर्ण रूप से अनुपालन नही करने और विसंगतियों को अविलंब दूर करने की मांग की है। वहीं सीएम ने संघ के आवेदन पर शीघ्र ही सकारात्मक पहल करने की बात कही है।

## एक नजर में

### ईद उल अजहा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** बकरीद पर्व को लेकर शनिवार को तिलैया थाना परिसर में थाना प्रभारी विनय कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक में थाना प्रभारी श्री कुमार ने समिति सदस्यों से कहा कि पर्व में सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी व्यक्तियों की सहभागिता काफी महत्वपूर्ण है। क्षेत्र में कहीं से किसी प्रकार की कोई हिंसक या अप्रिय घटना ना हो इसके लिए सभी लोगों का सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण वातावरण को बिगड़ने का अगर कोई असामाजिक तत्वों द्वारा प्रयास किया गया तो प्रशासन ऐसे तत्वों के साथ सख्ती से पेश आएगी। वहीं समिति सदस्यों ने कहा कि बैठक में नगर परिषद, बिजली विभाग एवं अंचल कार्यालय के भी लोग उपस्थित हो, ताकि शांति समिति की बैठक और भी अच्छी तरह से हो और हर तरह की समस्याओं से अवगत कराया जा सके। वहीं निवर्तमान वार्ड पार्षद बालगोबिन मोदी, शमीम आलम ने भी अपने सुझाव देते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर भी नजर बनाए रखने की जरूरत है।

### ईद उल अजहा (बकरीद) को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना परिसर में ईद उल अजहा (बकरीद) को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में थाना प्रभारी प्रेम कुमार ने कहा कि सभी समुदाय के लोग आपसी भाईचारा के साथ बकरीद त्योहार मनाएं। साथ ही कोई भी ऐसा काम नहीं करे जिससे दूसरे समुदायों के लोगों को ठेस पहुंचे। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जायेगी। सोशल मीडिया पर अफवाह न फैलाएं और यदि कोई अफवाह फैलाता है उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। पुलिस प्रशासन की ओर से विशेष पुलिस बल की व्यवस्था की जाएगी। वहीं उन्होंने कहा कि सभी समाज के लोग उपस्थित होकर आपसी भाईचारे के साथ बकरीद त्योहार मनायें। मौके पर शांति प्रिया, महेंद्र प्रसाद वर्मा, प्रदीप सिंह, देवंती देवी, केप़ी.चौधरी, मुकेश राम, हाजी मुस्लिम अंसारी, शकील अहमद, सलीम अंसारी, शिव कुमार मेहता, एस.आई.अजीत कुमार महतो, रामबच्चन राम, सुबोध यादव, मुंशी मेहता, दिन्दर उरांव आदि मौजूद थे।

### बकरीद पर्व शांति पूर्ण मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में शनिवार को मुस्लिमों का पवित्र पर्व बकरीद (कुर्बानी) को शांति पूर्ण माहौल में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक में प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष रवि शंकर सिंह रिंकू, एसआई विशाल कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिह ने की, जबकि संचालन एसआई विशाल कुमार सिंह ने किया। बैठक में प्रखंड में बकरीद शांति पूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही जनप्रतिनिधियों ने पेयजल मरकच्चो दक्षिणी पंचायत व मध्य पंचायत में नियमित और सुचारू रूप से नही पहुंचने पर आवाज उठाई गई। वही बीस सूत्री अयक्ष रविशंकर सिंह रिंकू ने हाइवा के परिचालन के समय में फेर बदल व मरकच्चो में बिजली की अनियमित आपूर्ति को लेकर आवाज उठाई गई। बैठक में सीआई दिनेश राम, पंचायत सचिव सियाराम सिंह, मुखिया सुनील यादव, सुरेन्द्र यादव, पंसस धनेश्वर यादव, दीपक राम, तौकीर आलम, शिव शंकर यादव, मो. नूर आलम, सरफराज नवाज खान, मो.शाकिर अहमद समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### निर्बाध बिजली की मांग को लेकर भाजपाइयों का आर्थिक नाकाबंदी की चेतावनी

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड में बिजली संकट को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता के नेतृत्व में भाजपाइयों ने ऐतिहासिक आंदोलन की रणनीति बनाई है। टंडवा में एनटीपीसी की पावर प्लांट स्थापित होने के बावजूद भीषण गर्मी में बिजली की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। टंडवा के सब स्टेशन को भी एनटीपीसी से बिजली आपूर्ति की जाती तो निर्बाध बिजली मिल सकती है। ग्रामीणों द्वारा बिजली आपूर्ति नहीं होने से काफी आक्रोशित हैं और जनप्रतिनिधियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। अगर एक सप्ताह के अंदर टंडवा में बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं किया गया तो वृहद आंदोलन किया जाएगा, जिसमें माननीय चतरा सांसद एवं माननीय सिमरिया विधायक भी शामिल रहेंगे। टंडवा प्रखंड में ही एशिया का सबसे बड़ा कोल माइंस जैसे मगध अम्रपाली पिपरवार एवं अशोका कोल परियोजना संचालित है, जिससे प्रतिमा करोड़ की राशि रॉयल्टी के तौर पर राज्य एवं केंद्र सरकार को जाती है, इसके बावजूद भी टंडवा प्रखंड के लोग बिजली एवं पानी के बिना बदहाली के जीवन जी रहे हैं। यदि एनटीपीसी एक सप्ताह के अंदर निर्बाध बिजली आपूर्ति नहीं करती है तो आगामी 23 जून से पूरे प्रखंड क्षेत्र में नाकाबंदी कर जोरदार आंदोलन किया जाएगा।

### मनरेगा कुंआ में कार्य करते मजदूर कुआं में गिरा, घायल

**सिमरिया।** प्रखंड क्षेत्र के एदला गांव में मनरेगा योजना के तहत कुआं निर्माण के दौरान एक मजदूर, कोमाली महतो, कुएं में गिर गया और घायल हो गया। उसे रेफरल अस्पताल लाया गया, जहाँ डॉक्टर एस आलम ने प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टर आलम ने बताया कि मजदूर की रीढ़ की हड्डी में चोटें आई हैं और आगे की जांच के बिना कुछ नहीं कहा जा सकता। घायल मजदूर बबलू कुमार के मनरेगा कुएं में काम कर रहा था। मजदूर के परिजनों ने बताया कि निमार्णाधीन कुएं के पास कोई मेठ या मेडिकल किट नहीं थी, न ही समुचित छाया या पीने का पानी था। उन्होंने मनरेगा योजना को मनमानी योजना बताया। एदला पंचायत के उपमुखिया और वार्ड सदस्यों ने शिकायत की है कि मनरेगा योजना के तहत प्रत्येक कुएं में पांच प्रतिशत कमीशन लिया गया है और बाकी लोगों से मांगा जा रहा है। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी को लिखित शिकायत की है।

# एसडीओ सन्नी राज ने किया रेफरल अस्पताल का औचक निरीक्षण

### हॉस्पिटल के बदहाली पर कर्मियों को लगाया फटकार, दी हिदायत, बेहतर कार्य नहीं करने वालों को किया जाएगा पदमुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया।** अनुमंडल क्षेत्र के एक मात्र रेफरल अस्पताल में अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज ने औचक निरीक्षण किया। जहां हॉस्पिटल की बदहाली पर मौजूद स्वास्थ कर्मियों को खरी खोटी सुनाया और आगे हिदायत दिया कि आने वाला कल को हॉस्पिटल बिल्कुल साफ सुथरा एवं सुविधाएं से लैस रहना चाहिए। चुकी मरीज हॉस्पिटल में ठीक होने के लिए आते हैं ना कि बीमार होने के लिए। वहीं एसडीओ ने बारीकी से पूरे हॉस्पिटल को लगभग 3 घंटे तक निरीक्षण किया। दवा स्टॉक से लेकर हॉस्पिटल व्यवस्था एवं हॉस्पिटल कर्मियों की उपस्थिति तक बारीकी से जांच किया । हालांकि जांच के दौरान कई अनुबंध कर्मी और कमांडो द्वारा बहाल बगैर प्रशिक्षण प्राप्त महिला एवं पुरुष कर्मियों को गैरहाजिर पाया गया। वहीं वैसे कमांडो से बहाल कर्मियों को डिग्री और प्रशिक्षण की जांच किया जाएगा। साथ हीं जांचोपरांत पदमुक्त किया जाएगा। अस्पताल के चारो ओर पड़े गंदगी लगे मकड़ी के जाल को देख एसडीओ आग बबूला हो गए और प्रभारी डॉक्टर अशोक करमाली से कहा की अदि कर्मी साफ सफाई नही करते है तो उन्हें हटाइए। वहीं लैब टेक्नीशियन रूम



में पड़े कूड़े फाइल को कहीं दूसरे जगह रखना और लैब को साफ सुथरा रखने का निर्देश दिया। अस्पताल में चिकित्सकों और कर्मियों के रोस्टर को अनुमंडल पदाधिकारी ने अपने ऑफिस में 5 घंटे के अंदर लाकर जमा करने का निर्देश दिया। रेफरल अस्पताल के चिकित्सक सप्ताह के सभी दिनों अस्पताल में नही रहते है उसकी रोस्टर,दैनिक उपस्थिति पंजी और बायोमेट्रिक से बनाने वाले उपस्थिथि की सूची अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा अनुमंडल कार्यालय में जमा कर देने का निर्देश दिया गया।

जांच के दौरान प्रमुख ने अनुमंडल पदाधिकारी को अवगत कराया की अस्पताल में रिपेयरिंग का कार्य करना था संवेदक/एजेंसी के द्वारा मात्र रंग रौगन करके खानापूर्ति कर दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने किए गए कार्य का एस्टीमेट भी मांग किया है। जांच के दौरान उन्होंने वर्षो से लगे पोस्टर और पूर्व से लगे झारखंड सरकार के पुराने लोगो वाला पोस्टर को हटाकर नए पोस्टर लगाने का निर्देश दिए। वहीं कई कमरे को साफ सफाई कर अस्पताल के सभी उपकरणों को व्यवस्थित ढंग से लगाने और सही उपकरणों को लोगो को हित में सुविधा देने का निर्देश दिया। वहीं वाटर फ्रीज को बाहर में लगाने का निर्देश दिया ताकि अस्पताल में पहुंचने वाले सभी मरीज पानी पी सके तथा खराब पड़े आरओ को सही तरीके से बनाने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कहा की प्रभारी आप अस्पताल को सही तरीके से चलाइए न आपके अंदर अस्पताल है और ना हीं कोई कर्मी सभी अपने मन के मर्जी है। ना डॉक्टर समय पर आते है और ना हीं कर्मि ।उन्होंने कहा की अदि आप से पद नही संभलता है तो आप प्रभारी पद से इस्तीफा दे अन्यथा में करवाई के लिए बाध्य हो जाऊंगा। अंत में एसडीओ ने अस्पताल परिसर में पंहुचे और अस्पताल को किए गए अतिक्रमण को मुक्त कराने को लेकर सभी के दरवाजे पर पंहुचकर खाली करने का निर्देश दिए वहीं उन्होंने अवैध तरीके से रह रहें लोगों को दो दिन के अंदर खाली करने का निर्देश दिए।वहीं एसडीओ ने अंचला अधिकारी को नोटिस देने का निर्देश दिए।

## स्पीड न्यूज

### डीएवी स्कूल में आयोजित पांच दिवसीय समर कैंप संपन्न



गुमला। डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में आयोजित पांच दिवसीय योग तथा आर्ट एंड क्राफ़्ट कैंप शनिवार को संपन्न हो गया। पतंजलि योग समिति गुमला के जिला प्रभारी भोला प्रसाद के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने योगाभ्यास किया एवं योग के गुर सीखे। प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने समर कैंप में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के बीच सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। इसके पूर्व प्रधानाचार्य ने योग प्रशिक्षक को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा विद्यार्थियों को रोज योगाभ्यास की सलाह दी। उन्होंने कहा कि योग शारीरिक और मानसिक लचीलेपन को प्राप्त करने की एक अनुशासित विधि है। भोला प्रसाद ने कहा कि योग हमारी सांस्कृतिक विरासत है। योग विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए ही महत्वपूर्ण नहीं है अपितु योग करने से चेहरे पर कांति एवं तेज आता है। सीसीए इंचार्ज संजुक्ता खटुआ ने बताया कि योग की गुरुता एवं महत्ता को दशार्ने तथा आर्ट एवं क्राफ़्ट के माध्यम से सीखने के अवसर प्रदान करने के लिए इस कैम्प का आयोजन किया गया। कैंप कोआर्डिनेटर अभिजीत झा ने कहा कि रोज सुबह जल्दी उठ कर योगाभ्यास करना हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभ दायक होता है। योग शिविर के अंतिम दिन विद्यार्थियों के द्वारा बनाए गए आर्ट एंड क्राफ़्ट्स की प्रदर्शनी लगाई गई।

### कुआं सफाई के दौरान दम घुटने से मौत



चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र के कुरूमगढ़ रोड स्थित एक नीजी कुएं की सफाई करने उतरे युवक को बचाने के क्रम में कुएं के अंदर दम घुटने से चैनपुर निवासी विनय टोप्पो पिता भिन्सेन्ट टोप्पो बेहोश हो गया। जिसकी बाद में मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चांदसी दवाखाना के लगभग 25 फीट के नीजी कुएं की सफाई के लिए एक मजदूर अशोक लकड़ा कुएं में उतर कर सफाई कर रहा था। तभी उसका दम घुटने लगा। जिसे देख विनय टोप्पो उसे बचाने के लिए कुएं में उतरा और उसका भी दम घुटने लगा। अशोक तो किसी तरह बाहर आ गया, लेकिन विनय टोप्पो कुएं के अंदर ही बेहोश हो गया। जिसके बाद मालिक द्वारा आसपास के लोगों को सूचना दी गई। वहीं चैनपुर पुलिस भी मौके पर पंहुच कर उसे कुएं से निकालने की कोशिश की। काफी मशक्कत करने के एक घंटे बाद उसे बाहर निकाला गया। गुमला सदर अस्पताल में जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर एसडीपीओ अमिता लकड़ा, थाना प्रभारी अजय यादव, ज़िला परिषद मेरी लकड़ा, मुखिया शोभा देवी ने घटनास्थल पर पंहुच कर मामले की जानकारी ली।

### मस्जिद गौसुल वरा में बकरीद की नमाज सुबह सवा छः बजे

गुमला। बकरीद पर्व को लेकर मस्जिद गौसुल वरा आजाद बस्ती गुमला की कमिटी की बैठक मस्जिद कमिटी के अध्यक्ष हाजी खलील अशर्फी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें निर्णय हुआ कि मस्जिद गौसुल वरा में बकरीद की नमाज सुबह 6 :15 बजे होगी। नमाज की इमामत हाफिज सद्दाम साहब करेंगे। इसकी जानकारी कमिटी के सचिव खुरशीद आलम ने दी।

### आम बागवानी को बढ़ावा देने के लिए किसानों के बीच कैरेट का वितरण



गुमला। कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशनपुर के द्वारा शनिवार को रायडीह प्रखंड के 50 किसानों के बीच 50 कैरेट का वितरण किया गया। मौके पर मौजूद विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत, कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डॉक्टर संजय कुमार, वैज्ञानिक सुनील कुमार के द्वारा सर्वप्रथम प्रशिक्षण दिया गया। वैज्ञानिक डॉक्टर संजय कुमार ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र गुमला के द्वारा पूरे जिले में 500 हेक्टेयर भूमि पर आम बागवानी की जा रही है। जिसके तहत रायडीह प्रखंड में फल उत्पादक सहयोग समिति के माध्यम से आम बागवानी की गई है। बागवानी के बाद आम के रख रखाव की परेशानी होती है। कैसे फलों को सुरक्षित रखा जाए और बाजार तक पहुंचाया जाए। इसका प्रशिक्षण दिया गया और कैरेट का वितरण किया गया। मौके पर मांझा, कटकाया, सिलम, रायडीह, केवाडीह के किसान मौजूद थे।

### जाने मारने की नीयत से फायरिंग करने का लगाया आरोप, शिकायत दर्ज

गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के टैंसेरा गांव निवासी अक्षय साहु ने गुमला थाना में आवेदन देकर फायरिंग करने व जान से मारने की धमकी देने की शिकायत की है। अक्षय साहु ने बताया कि टैंसेरा में वह ढाबा चलाता है। जहां रात्रि करीब 2 बजे पालकोट थाना क्षेत्र के नाथपुर गांव निवासी परमेश्वर गोप उर्फ प्रेम गोप आया और ढाबा खोलने के लिए आवाज दिया। जिसके बाद मैंने देर रात होने के कारण ढाबा खोलने से इंकार कर दिया। जिसके बाद परमेश्वर ने बिना कुछ कहे मेरी खिड़की की ओर पिस्तौली निकालकर जान मारने के उद्देश्य से फायरिंग कर दिया। वहीं अक्षय ने थाना में एक खोखा भी जमा करते हुए आरोपी के खिलाफ थाना प्रभारी से कार्रवाई की मांग की।

### ईद उल अहजा का मुख्य नमाज ईदगाह में सुबह 8 बजे होगी अदा

गुमला। ईद उल अजहा का मुख्य नमाज सिसई रोड स्थित ईदगाह में 17 जून को सुबह 8 बजे अदा की जाएगी। नमाज मौलाना इनाम रब्बानी साहब के नेतृत्व में ईदगाह में अदा की जाएगी। वहीं जस्जिद फैजान एक रजा में 5 :45 बजे मौलाना अशरफ रजा साहब, मस्जिद रजा ए मुस्तफा में 6 बजे साकीर रजा नूरी साहब, मदरसा फैज एक आम में सुबह 6 बजे कारी आफताब साहब, मस्जिद रजा एक हबीब में 6 :15 बजे तनवीरूल हसन साहब, मजिस्द गौशुलवरा में 6 :15 बजे अदा की जायेगी।

## शहीद जवान का पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही हर आंख हुई नम

### चुनाव कराकर ट्रेन से वापस बंगाल लौट रहा था जवान, हार्ट अटैक से हुई मौत

**खबर मंत्र संवाददाता**



शहीद जवान को अंतिम सलामी देते पुलिस अधिकारी।

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के फुलवार टोली गांव में शहीद जवान का पार्थिव शरीर पहुंचने से परिजनों में कोहराम मच गया। सीआरपीएफ 243 बटालियन के सब इंस्पेक्टर चोंहस प्रकाश खलखो चुनाव ड्यूटी कराकर स्पेशल ट्रेन से बंगाल लौट रहे थे। इसी क्रम में हार्ट अटैक के कारण उनकी मौत हो गई। शहीद जवान का पार्थिव शरीर शुक्रवार की रात जैसे ही उनके पैतृक गांव फुलवार टोली पहुंचा पूरा माहौल गमगीन हो गया। सैकड़ो की संख्या में लोगों ने तिरंगे के साथ शहीद की शव यात्रा निकाली। इस दौरान भारत माता के जय के नारे लगाये। मौके पर सीआरपीएफ 218 बटालियन के कई जवान भी मौजूद रहे। गांव के ही कब्रिस्तान में राजकीय सम्मान के साथ शहीद जवान का अंतिम संस्कार किया गया। शहीद के सम्मान में 24 राउंड फायरिंग कर सलामी देते हुए अंतिम विदाई दी गई। चैनपुर के पुलिस पदाधिकारी के द्वारा भी पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया। कमांडेंट आलोक कुमार ने बताया कि शहीद जवान चोंहस प्रकाश खलखो चुनाव ड्यूटी कराकर स्पेशल ट्रेन से बंगाल लौट रहे थे। इस दौरान रास्ते में हार्ट अटैक से उनकी मृत्यु हो गई। परिजनों ने बताया कि एक वर्ष बाद ही रिटायर करने वाले थे। जैसे ही शहीद जवान का शव घर पहुंचा पत्नी, तीन बेटी व एक बेटा की चीखों से माहौत गमगीन हो गया। बेटी रो रो कर बार बार बेहोश हो रही थी। यही नहीं पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल था। जबकि पूरे गांव में मातम सा पसर गया। कुछ ही देर में आदिवासी रीति रिवाज के साथ राजकीय सम्मान से जवान को अंतिम विदाई दी गई।

## सीआरपीएफ 158 बटालियन का 21वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया

### हमने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया : कमाण्डेन्ट

**खबर मंत्र संवाददाता**



स्थापना दिवस मनाते सीआरपीएफ अधिकारी।

**लोहरदगा।** सीआरपीएफ 158 बटालियन का 21वां स्थापना दिवस बटालियन मुख्यालय, लोहरदगा में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर 158 बटालियन के कमाण्डेन्ट राहुल कुमार द्वारा क्वार्टर गार्ड पर तैनात स्पेशल गार्ड से सलामी ली गई। सलामी लेने के पश्चात कमाण्डेन्ट ने गार्ड के जवानों व उपस्थित सभी अधिकारियों /कार्मिको को बटालियन के 21वें स्थापना दिवस की बधाई दी। कमाण्डेन्ट राहुल कुमार ने बताया कि इस वाहिनी का गठन 15 जून 2004 को कादरपुर गुड़गांव में हुआ था। साथ ही कमाण्डेन्ट ने 158 बटालियन के गौरवशाली इतिहास व उपलब्धियों के बारे में बताया कि वर्ष 2013 से 158 बटालियन लोहरदगा जिले में तैनात है। इसके अतिरिक्त बटालियन झारखण्ड एवं अन्य राज्यो के विभिन्न भागों में नक्सलवाद, कानून व्यवस्था, चुनाव एवं अन्य आंतरिक सुरक्षा तथा शांति से संबंधित मामलो के संदर्भ में कर्तव्यनिष्ठा तथा अदम्य साहस का परिचय देते हुए सफलतापूर्वक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। कमाण्डेन्ट ने बटालियन द्वारा किए जा रहे अच्छे कार्यों को भविष्य में भी जारी रखने की हार्दिक कामना की। जवानों के बीच बॉलीबाल एवं अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजयी टीम को उपहार स्वरूप पारितोषित प्रदान किये गए।

## प्रखंड का सर्वांगीण विकास अच्छे गुणवत्ता युक्त कार्य से करें : डीसी

**खबर मंत्र संवाददाता**



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय स्थित सभागार में आकांक्षी प्रखंड डुमरी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आकांक्षी प्रखंड डुमरी के अंतर्गत अलग-अलग विभागों द्वारा किए जाने वाले ग्रामीण विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने डुमरी के लिए सरकार द्वारा निर्धारित विभिन्न संकेतकों की स्थिति की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में बिजली कनेक्शन, पेयजल सुविधा, शौचालयों की स्थिति तथा छात्रावास की स्थिति की समीक्षा की। इसी प्रकार डुमरी में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की अलग-अलग संकेतकों के अनुसार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कृषि तथा पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए खाद एवं बीज की उपलब्धता, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के वितरण, खरीफ तथा रबी फसलों की उत्पादकता, सिंचित क्षेत्र, पशु टीकाकरण आदि की भी समीक्षा की। उपायुक्त ने आंगनवाड़ी एवं अन्य संकेतक बिन्दुओं के बारे में चर्चा की। आकांक्षी प्रखंड में कौशल विकास एवं रोजगार तथा सामाजिक एवं वित्तीय समावेशन के संबंध में बैठक में समीक्षा की गई। उपायुक्त ने आगामी कार्ययोजना के अंतर्गत उक्त विभागों को आवश्यक निर्देश भी दिए। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों से कहा की प्रखंड का सर्वांगीण विकास अच्छे गुणवत्ता युक्त कार्य से करें। केवल रिपोर्ट में नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर विकास कार्य किया जाना चाहिए, जिसका औचक निरीक्षण अगले सप्ताह से प्रारंभ कर दिया जाएगा।

## लोहरदगा : गांवों तक सरकार करा रही है विकास का कार्य : डॉ रामेश्वर उरांव

वित मंत्री ने पेशरार प्रखंड के विभिन्न गांवों का किया दौर कर ग्रामीणों से हुए रूबरू, सुनी जनता की समस्याएं

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** विधायक लोहरदगा सह वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव शनिवार को पेशरार प्रखंड के सुदूरवर्ती गांवों का दौरा कर जनता के जनसमस्याओं से हुए रूबरू। क्षेत्र भ्रमण कार्यकम पेशरार प्रखंड के सीरम पंचायत अंतर्गत ग्राम मक्का बाजार टांड़ एवं सेंभुवा में किया गया। मौके पर डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा सरकार की योजना गांव-गांव तक किया जा रहा। जिससे जनता को हो रहा है लाभ। सबसे पहले हरा राशन कार्ड गरीबों के लिए सभी राशन कार्ड से वंचित को हरा राशन कार्ड से जोड़ा गया। पिला कार्ड के माध्यम से चीनी देने का भी काम किया जा रहा है। ये सभी कार्य मेरे विभाग और गठबंधन सरकार के द्वारा कार्य किया जा रहा। पेयजल हेतु सभी पंचायत में 10-10 चापाकल का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही अबूवा आवास गरीबों को प्राथमिकता देते हुए दिया जा रहा है। ऐसे ही कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है हमारे सरकार के द्वारा। आदिवासी बहुल क्षेत्रों में अखड़ा का निर्माण के साथ स्ट्रीट लाइट का भी निर्माण किया जा रहा है। मेरे विधायक मद से धुमकुड़िया निर्माण, पड़हा भवन, सामुदायिक भवन, पीसीसी पथ निर्माण जैसे मूलभूत कार्य प्राथमिक के आधार पर किया जा रहा है। कार्यक्रम में ग्रामीणों के द्वारा आवेदन के माध्यम से जो भी समस्या है आवेदन के माध्यम से रखा गया। जिसके निदान के लिए मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा संबंधित विभागीय के पदाधिकारियों से बात कर त्वरित कार्रवाई करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विनोद सिंह खेरवार, 20सूत्री अध्यक्ष रविंदर सिंह, सामूल अंसारी, विशाल डुंगडुंग, पंकज तिवारी, दिनू महली, भगवान दास, राजेंद्र यादव, जय प्रकाश कु गुप्ता युवा प्रखंड अध्यक्ष, सानू भुइयां, जाहिद अंसारी, जयु तुरी, पवन यादव, वकील अंसारी, राहुल कुमार, रामधनि राम, नागेश्वर उरांव, विनय उरांव, शरीफ यादव,जशवंत तुरी, शिव उरांव, मुमताज अंसारी, विशेसर सिंह एवं पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

### मनरेगा मजदूर व किसानों की बैठक 16 जून को गुमला में

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल गुमला के तत्वाधान में 16 जून 2024 को जिले में मनरेगा की योजनाओं में हो रही घपले, घोटाले, काम नहीं मिलने तथा किसानों को बरसाती खेती के पहले खाद-बीज इत्यादि सामग्री उपलब्ध कराने, राज्य सरकार द्वारा घोषित 2 लाख तक का कृषि लोन माफी कर लोन माफी का किसानों का प्रमाण-पत्र देने, इत्यादि महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर गुमला कचहरी में दिन के 11 से बैठक आयोजित की गई है। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह तथा प्रगतिशील मनरेगा मजदूर यूनियन के केंद्रीय प्रभारी नील जस्टिन बेक मुख्य रूप से उपस्थित होंगे।

## गुमला की बेटी आरोही ने अपने नाम दर्ज कराया 12वां वर्ल्ड रिकॉर्ड

शिव रूद्राष्टकम में एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कराया अपना नाम, एक मिनट 7 सेंकेंड में किया मंत्रोच्चार

**खबर मंत्र संवाददाता**



**गुमला।** अदभूत प्रतिभा की धनी गुमला के सिसई रोड निवासी रूपेश खंडेलवाल और सीमा खंडेलवाल की 10 वर्षीय पुत्री आरोही खंडेलवाल ने एक और विश्व रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किया है। आरोही ने शिव रूद्राष्टकम में एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। उसने एक मिनट सात सेकेंड में शिव रूद्राष्टकम मंत्र का उच्चारण कर नया रिकार्ड बनाया है। जिसके लिए एशिया बुक ऑफ रिकार्ड ने उसे प्रमाण पत्र प्रदान किया है। शनिवार को डीडीसी दिलेश्वर महतो ने आरोह को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। आरोही नोट्रेडम स्कूल गुमला में चौंथी कक्षा की छात्रा है। हुला हुप स्पिन इन वन मिनट चैलेंज में आरोही ने 1 मिनट में कुल 208 मूव घूटने से पूरे किये। जिसको लेकर उसे हावर्ड बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड से उसे नवाजा गया। इससे पूर्व कमर से 211 मूव कर वर्ल्ड रिकार्ड बनायी थी जो 1 मिनट में 182 मूव का रिकॉर्ड को तोड़ी थी। इससे पूर्व 1 मिनट 58 सेकंड में हनुमान चालीसा का पाठ पूरा करने के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, इंडिया बुक ऑफ रिकाड्र्स और एशिया बुक ऑफ रिकाड्र्स से सम्मानित आरोही को किया जा चुका है। वहीं वर्ष 2022 में इंडिया स्टार आइकॉन किड्स अवार्ड प्रतियोगिता में भी अपनी छाप छोड़ी। इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में 40 में 36 अंक प्राप्त कर जिला स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा भाषण कला, कहानियां, गायत्री मंत्र, दशावतार पुस्तक सहित अन्य विषयों पर 11 रिकॉर्डस अपने नाम कर चुकी है। वर्ष 2022 में गुमला के पूर्व उपायुक्त सुशांत गौरव के द्वारा आरोही को पुरस्कृत किया जा चुका है। आरोही अपनी पढ़ाई पूरी कर आईएएस अफसर बनने की दिली ख्वाहिश रखती है। परिजनों ने कहा कि आरोही लगातार मेहनत करती है और हम उसके हर सपने को पूरा करने का प्रयास वे कर रहे हैं।

### स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद ठाकुर जयनाथ शाहदेव का जन्मदिवस मनाया गया



लोहरदगा। जिले के स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद ठाकुर जयनाथ शाहदेव का जन्मदिवस मनाया गया। शहर के ब्लॉक मोड़ स्थित अमर शहीद ठाकुर जयनाथ शाहदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। विदित हो की शहीद ठाकुर जयनाथ शाहदेव का जन्म किसको प्रखंड के हेसापिड़ी गांव में सन 1795 में हुआ था। अग्रेंजो के बढ़ते अत्याचार को देखते हुए उन्होंने जमीदारी त्याग स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े। उन्होंने अग्रेजो के खिलाफ लड़ाई में अपने जान की भी परवाह नहीं की। मौके पर पर लाल रांजेद्र प्रताप देव, लाल नर्मदेश्वर नाथ शाहदेव, लाल ओंकार शाहदेव, लेड्डा सिंह, जकू उरांव, नेहा शाहदेव, आकृति शाहदेव, गुलाम अंसारी, प्रतिक मिश्रा, प्रेरणा मिंज, खुशबू कुमारी, अल्ताफ अंसारी, शिवा उरांव, आनंद उरांव, जय यादव, उदय प्रजापति आदि मौजूद थे।

### आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन आज

लोहरदगा। 16 जून को पतंजलि स्वदेशी वितरक इंटरप्राइजेज एवं पतंजलि आरोग्य केंद्र ब्लॉक मोड के द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें अर्थराइटिस, शुगर, ब्लड प्रेशर, अनिद्रा, थकान, स्त्री रोग, गठिया, बाबासीर, पथरी एवं अनेक व्याधि का उपचार आयुर्वेद चिकित्सा, अकू प्रेशर एवं प्राकृतिक चिकित्सा के द्वारा किया जाएगा। इस उपलक्ष में आयुष विभाग के चिकित्सक सुबह 11 :00 बजे से दोपहर 2 :00 बजे तक उपस्थित रहेंगे। व्याधि के अनुसार आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं प्राकृतिक चिकित्सा के द्वारा उपचार करेंगे।

### मातृत्व वंदना शिविर में महिलाओं ने जमा किया आवेदन



भंडरा। प्रखंड अंतर्गत गडरपो पंचायत के गडरपो में शनिवार को बाल विकास परियोजना कार्यालय भंडरा द्वारा पीएम मातृत्व वंदना शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सीडीपीओ नंदी रानी कच्छप द्वारा गर्भवती व धातृ महिलाओं को मातृत्व वंदना योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। साथ ही मातृत्व वंदना योजना से छूटे हुए 25 गर्भवती व धातृ महिलाओं का आवेदन जमा लिया गया। इस दौरान आयोजित मातृत्व वंदना शिविर में गर्भवती व धातृ महिलाओं को योजना से जोड़ने के लिए इंडियन पोस्ट बैंक ऑफ इंडिया के कर्मियों द्वारा खाता खोला गया। मौके पर सीडीपीओ नंदी रानी कच्छप ने कहा कि सरकार गर्भवती व धातृ महिलाओं को गर्भवस्था के दौरान पौष्टिक आहार के लिए तीन किस्त में पांच हजार की सहयोग राशि दे रही है। इस योजना का लाभ लेने के लिए मातृत्व वंदना का आवेदन करना जरुरी है। उन्होंने कहा कि गुरुवार को प्रखंड के उदरंगी, शुक्रवार को आकाशी पंचायत तथा 15 जून को कैरो प्रखंड के गजनी पंचायत, 18 जून को नरौली पंचायत व 19 जून को भंडरा के जमगाई पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** बकरीद को लेकर शनिवार को जिला परिषद कार्यालय स्थित सभाकक्ष में महत्वपूर्ण बैठक शांति समिति के सदस्यों के साथ आयोजित हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि बकरीद का त्यौहार सदियों से मनाया जा रहा है। लोग इस त्यौहार में छिपा मूल उद्देश्य जो कि कुबार्नी है, उसे भूलते जा रहे हैं। इसकी मूल भावना को लोगों को बताये जाने की आवश्यकता है। इस त्यौहार को इस तरह मनायें कि किसी की भी भावना को ठेस ना पहुंचे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कुबार्नी का कार्यक्रम किसी भी परिस्थिति में सार्वजनिक स्थल पर नहीं होना चाहिए। इसे लोग अपने घर के परिसर में ही करें। नगर परिषद इस दिशा में बेहतर व्यवस्था करे। सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क रहें, किसी भी प्रकार से शांति-व्यवस्था भंग नहीं होनी चाहिए।

**किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीडीसी**

डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिनियुक्त और सतर्क रहेंगे। कुबार्नी का अवशेष सही तरीके से हटवा देंगे। बकरीद का त्यौहार में शांति व्यवस्था बनाये रखने में सभी का योगदान जरूरी है।

## अंचल के द्वारा तीन महीने में भी नही दी गई आरटीआई से मांगी जानकारी

**खबर मंत्र संवाददाता**

**कुडू, लोहरदगा।** अंचल कार्यालय कुडू के द्वारा तीन महीने से ज्यादा होने पर भी आरटीआई में पूछे गए सवाल का जवाब नहीं दिया गया। विगत फरवरी महीने की 23 तारीख को हैंजला एनएच 75 पर अनावाद बिहार सरकार की जमीन खाता संख्या 497 प्लॉट संख्या 1525 रकबा 21 डिसमिल में से 13 डिसमिल के गलत ढंग से मोटेशन एवम ऑनलाइन करने के मामले को लेकर आरटीआई के माध्यम से जानकारी मांगी गई थी। मामले को लेकर तीन महीने बीतने के बाद भी अब तक कोई भी जानकारी नहीं दी जा रही। जानकारी के स्थान पर कर्मचारियों एवम पदाधिकारियों के द्वारा बहाना कर मामले को दबाया जा रहा है। जहां अनावाद बिहार सरकार की जमीन लोकहित भूमि कही जाती है। गरीबों को जिन्होंने इस जमीन पर घर बना कर रह रहे है उन्हे जमीन खाली करने का नोटिस कर दबाव भी दिया गया है वही एन एच 75 हेंजल चौक पर सड़क किनारे की जमीन अंचल के द्वारा ऑनलाइन कर मोटेशन कर दिया गया है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## आमजनों की शिकायत का निवारण कर अधिकारी जीतें विश्वासः डीसी

**खबर मंत्र संवाददाता**



**गुमला।** जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं अथवा निर्माण कार्यों की पारदर्शिता को बनाए रखने के उद्देश्य से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल से ग्राम संपत्ति नामक ऑनलाइन पोर्टल की शुरूआत की गई है। जिसमें विभिन्न विभागों अंतर्गत जिले में किए जाने वाले निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति, पूर्व में हुए निर्माण कार्यों की जानकारी सहित एजेंसी एवं किस वर्ष में कौनसे निर्माण कार्यों को पूर्ण किया गया है से संबंधित सभी जानकारी उपलब्ध होगी। जिसे आम नागरिक भी देख सकते हैं एवं अपना फीडबैक भी दे सकेंगे। इसके अलावा विभागों द्वारा अपडेटेड डाटा अनुसार किसी भी निर्माण कार्य में डुप्लीकेसी की संभावना भी खत्म हो सकेगी। साथ ही पोर्टल में अपडेटेड डाटा के अनुसार निमार्णाधीन कार्यों की स्थिति को भी मॉनिटर किया जा सकेगा। इसी क्रम में आज शनिवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में ग्राम संपत्ति योजना से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित सभी इंजीनियरिंग विभागों को उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ग्राम संपत्ति पोर्टल पर नियमित रूप से अपलोड करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने अच्छी क्वालिटी के फोटोग्राफ्स के साथ सभी डिटेल जानकारी के साथ पोर्टल पर अपलोड करने की बात कही। उपायुक्त ने सभी निर्माण कार्यों, भवनों व योजनाओं के बाहर शत प्रतिशत रूप से क्यू आर कोड लगाने का निर्देश दिया एवं अगले 2 दिनों के अंदर सभी संबंधित विभागों को क्यूआर कोड लगाए जाने से संबंधित रिपोर्ट की मांग की। उपायुक्त ने सभी वैसे अचल संपत्ति जो किसी विभाग द्वारा बनाया गया है परंतु वर्तमान में उसका उपयोग नहीं हो रहा है या ऐसे भवन जिसका 80 से 90 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण है एवं शेष कार्य काफी वर्षों से अधूरा है या ऐसे भवन जिनका निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है परंतु उक्त भवन का वर्तमान में कोई उपयोग नहीं हो रहा है। जैसे संपत्तियों की सूची संबंधित विभागों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने अब तक अपलोड हुए डाटा की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर आने वाले समय में जिले के नागरिकों के द्वारा लगातार समस्याओं को अपलोड किया जाता रहेगा। उक्त शिकायतों को सभी अधिकरण सकारात्मक रूप से लेंगे। उन्होंने कहा कि यह एक मौका है जिले के नागरिकों को सरकारी तंत्र के प्रति विश्वास दिलाने का। जितनी जल्दी समस्याओं का निवारण होगा उतना ही अधिक विभागों को नागरिकों से जुड़ने का मौका मिलेगा। बैठक में मुख्य रूप से डीडीसी गुमला, जिला योजना पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

## वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना अंतर्गत एक सप्ताह में भूमि चिन्हित करने का दिया गया निर्देश

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा विभिन्न विभागों को दिये गये निदेशों की ब्रीफिंग शनिवार को उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा जिला परिषद कार्यालय स्थित सभाकक्ष में पदाधिकारियों के बीच की गई। बैठक में ग्रामीण विकास अंतर्गत वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना अंतर्गत एक सप्ताह में भूमि चिन्हित करने का निर्देश सभी अंचलाधिकारियों को दिया गया। बिरसा सिंचाई कूप अंतर्गत जिन लाभुकों का भुगतान लंबित है उनका भुगतान किये जाने का निर्देश दिया गया। मनरेगा अंतर्गत प्रत्येक गांव औसतन पांच योजनाएं संचालित किये जाने का निर्देश दिया गया। मनरेगा योजनाओं का भौतिक निरीक्षण अवश्य करें। योजना की समीक्षा अवश्य करें। प्रधानमंत्री आवास योजना में किस्को और सेन्हा प्रखण्ड में आवास की पूर्णता में कमी पर रोष व्यक्त किया गया और योजना की पूर्णता में तेजी लाये जाने का निर्देश दिया गया। कल्याण विभाग अंतर्गत आवासीय विद्यालये जीर्णोद्वार का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग को आयुष्मान कार्ड योजना अंतर्गत प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सावित्रीबाई फुले योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, दाखिल खारिज, जल जीवन मिशन, वनाधिकार पट्टा, एससी-एससी एक्ट, खनन विभाग, विधि-व्यवस्था, तंबाकू निषेध अभियान आदि की समीक्षा की गई और निदेश दिये गये। बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा समेत सभी जिला व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# देवनद दामोदर की पुकार, मेरे अस्तित्व को बचा लो सरकार

## चंदवा में बालू व जल विहीन होता जा रहा है दामोदर , प्रशासन से लेकर सामाजिक चिंतक मौन, गंगा दशहरा तक सिमट कर रह गया है दामोदर बचाव आंदोलन

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** भारत में नदियों की पूजा की जाती है, पूजा-पाठ में नदियों के जल की अहम भूमिका होती है। सभी धर्मों में नदी की महत्ता बतायी गयी है। पर्यावरण संतुलन को बनाये रखने के लिए नदी जरूरी हैं, लेकिन अपनी सुख-सुविधाओं के लिए, पैसे कमाने की लालच में लोग नदियों को प्रदूषित कर रहे हैं। इस प्राकृतिक संपदा के अस्तित्व को जाने-अनजाने मिटाने पर तुले हैं।

**नदियों को तरह-तरह से पहुंचा रहे नुकसान :** हम बात कर रहे हैं चंदवा व लोहरदगा के सीमने पर स्थित चुल्हापानी से उद्गम होने वाली देवनद दमदार नदी की, जिसे वर्तमान समय मे तरह-तरह से नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उद्गम स्थल से महज 15 किमी दूरी पर चंदवा शहर के समीप स्थित देवनद तट पर नदी की स्थिति अब चिंताजनक हो गयी है। शहरीकरण ने नदी को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है, एक ओर नदियों का अत्यधिक दोहन हो रहा है, तो दूसरी ओर राज्य सरकारों ने नदियों के प्रबंधन की कोई उचित व्यवस्था नहीं की है।



देवनद दामोदर नदी

**कचरों से प्रदूषित हो रहा नदी का पानी :** शहर का कचरा ठोस हो या तरल नदी में ही प्रवाहित कर दिया जाता है। इसकी वजह से नदी की दशा बुरी हो गयी है। नदी का जल इस कदर प्रदूषित हो गया है कि अब हम नदी के पानी का इस्तेमाल तक करने से कतराने लगे हैं।प्लास्टिक और मेडिकल वेस्टेज व छोटी बड़ी गाड़ियों को नदी में साफ किये जाने से नदी को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाया है।

**पानी में उत्पन्न होते हैं कई तरह के कीटाणु :** पर्यावरण विद कहते हैं कि कचरा, शहर की गंदगी, अंधाधुंध बालू के उठाव के वजह से कई तरह के कीटाणु उत्पन्न हो गया है। कई वर्ष पूर्व उक्त नदी बालू विहीन हो चुकी है अब जल विहीन होने के कगार पर पहुंच गया जो मानव जीवन के बड़ी चिंता का विषय है।

### प्रशासन व जनप्रतिनिधियों का नही है ध्यान

पवित्र नदी के रूप में विख्यात देवनद दामोदर के इस दयनीय स्थिति के लिए आमलोगों के साथ प्रशासन के स्थानीय जनप्रतिनिधि भी बराबर के हिस्सेदार है। इस नदी के अस्तित्व को बचाने की दिशा में न ही प्रशासन पहल कर रही है और न ही स्थानीय जनप्रतिनिधि। वर्ष में एक बार गंगा दशहरा के दिन नदी का पूजन कर सभी अपने दायित्वों से पल्ला झाड़ ले रहे हैं।

**एक दशक पूर्व चला था दामोदर बचाव आंदोलन, आज नही है किसी का ध्यान :** बता दें कि लगभग एक दशक पूर्व देवनद दामोदर नदी के अस्तित्व को बचाने के लिए दामोदर बचाव आंदोलन चलाया गया था, लेकिन वर्तमान में उक्त आंदोलन कागजो में ही सिमट कर रह गया है।

# बकरीद को लेकर चंदवा थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न



बैठक करते पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** आगामी बकरीद त्योहार को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शनिवार को चंदवा थाना में शांति समिति की बैठक एसडीपीओ अरविंद कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सीओ जयशंकर पाठक व बीडीओ चंदन प्रसाद ने बकरीद को लेकर प्रशासन द्वारा जारी किये गए दिशा निदेर्शों की जानकारी दी व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार को मनाने की अपील की। इस दौरान एसडीपीओ व अन्य अधिकारियों ने प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी न देने,सोशल मीडिया व धार्मिक भेद भाव व भड़काऊ संदेश भेजने से बचने की बात कही। चंदवा के प्रबुद्धजनों ने यहां की शांति व्यवस्था को जिले के लिए मिसाल बताया और इसे आगे भी कायम रखने को लेकर प्रतिबद्धता जताई। बैठक में अन्य लोगो ने भी अपने अपने विचार रखे। मौके पर एसआई शशि कुमार,एसआई पूरन सिंह,समाजसेवी रामयश पाठक,पंसस नीलम देवी,मुखिया फुलजेन्सिया टोप्पो,अनिता भगत,पूर्व उपप्रमुख हाजी फिरोज अहमद, मो अब्दाल,इंदुभूषण पाठक,राजेश चन्द्र पांडेय,राजद जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव,दीपू कुमार सिन्हा,सतेंद्र यादव,संजीव आजाद,बबलू गिरी, बिनोद कुमार गुड्डु,रवि डे,अनिल साहू,पंसस निलम देवी,निर्मल भारती,रामप्रसाद साव समेत कई प्रबुद्धजन मौजूद थे।

# तालाब में बने चुआड़ी का दूषित पानी पीते हैं साहब, गांव में नहीं हैं पेयजल की सुविधा

मो. इमरान

**सरयू।** आजादी के 75 वर्ष बाद भी ग्रामीण चुआड़ी के दूषित पानी पीकर बुझा रहे हैं प्यास, सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन योजना के तहत नहीं मिला लाभ।

**क्या है मामला :** लातेहार जिले के तरवाडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम ओरैया गांव के जामुन टोला में 10 से 12 घर का आदिवासी परिवार निवास करते हैं। परन्तु इस टोला में प्यास बुझाने के लिए ना तो चापानल है ना ही सिंचाई कुआं है। प्रचंड गर्मी में प्यास बुझाने के लिए तालाब में बने चुआड़ी ही एक सहारा है।

**क्या कहते है स्थानीय ग्रामीण :** सुरजीत सिंह, सोमनाथ सिंह, महेश सिंह, सोहन सिंह, कुवर सिंह, परमेश्वर सिंह, वीरू सिंह व रिंकी देवी, मालो देवी, चिंता देवी, दशमी देवी, पनपती देवी, संगति देवी, सागो देवी, मनिता देवी, समेत आदि ग्रामीणों ने बताया कि ओरैया गांव के जामुन टोला में प्यास बुझाने के लिए सरकार के द्वारा कोई सुविधा मुहैया नहीं कराया गया है, जिसके कारण हम लोग आज भी पूर्वजों की तरह चुआड़ी कोड़कर जीवन व्याप्त करने पर विवश हैं। ग्रामीणों ने बताया कि प्रचंड गर्मी में जब चुआड़ी का पानी सुख जाता है तो तब हम लोगों को प्यास बुझाने के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। वहीं जामुन टोला से कोसो दूर जाकर पानी पीने के लिए लाते हैं तब जाकर अपना प्यास बुझा पाते हैं। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि बरसात के दिनों में तालाब में पानी भर जाने के कारण तालाब के किनारे बने चुआड़ी भी डूब जाता है। जिसके कारण हम लोग तालाब का दूषित पानी को कपड़ा से छानकर सेवन करते है। जिससे हम लोगो को तरह-तरह की बिमारियों का सामना करना पड़ता है। वहीं ग्रामीण सुरजीत सिंह और महेश सिंह ने बताया कि इस समस्या से निजात पाने के लिए एक वर्ष पहले हमलोग जिले के पेयजल आपूर्ति विभाग को लिखित रूप से आवेदन भी दिए हैं, उसके बावजूद भी कोई पहल नहीं किया गया हैं। केवल विभाग की ओर से आश्वासन देखकर टाल मटोल किया गया है, जिसके कारण आज भी हमलोग जामुन टोला के 10 से 12 घर का परिवार तालाब के किनारे बने चुआड़ी का दूषित



चुआंड़ी से पानी निकालते लोग



पानी घर ले जाते ग्रामीण

पानी पीने को विवश हैं। वहीं ओरैया गांव के जामुन टोला के ग्रामीणों ने जिले उपायुक्त महोदय से पेयजल आपूर्ति सेवा बहाल कराने को लेकर मदद की गुहार लगाई है, ताकि प्रचंड गर्मी के साथ साथ बरसात दिनो में गेंद पानी पीने के जगह शुद्ध पेयजल से अपनी प्यास बुझा सके।

## एक नजर में

### भाजपा कार्यालय लातेहार में चतरा लोकसभा स्तरीय समीक्षात्मक बैठक हुआ सम्पन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय लातेहार में शनिवार को चतरा लोक सभा स्तरीय समीक्षात्मक बैठक के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद एवं चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह के मार्गदर्शन में बैठक संपन्न हुई। लातेहार जिला अध्यक्ष पंकज सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला के महामंत्री बंसी यादव और धन्यवाद ज्ञापन जिला के उपाध्यक्ष राकेश दुबे ने किया। उक्त बैठक में चतरा लोकसभा क्षेत्र के लातेहार, मनिका, चतरा, सिमरिया एवं पांकी विधानसभा के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे। लोकसभा के संयोजक राजधानी प्रसाद यादव, पूर्व सांसद घूरन राम, भाजपा के वरीय नेता प्रेम सिंह, लातेहार जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, लोकसभा सह संयोजक अशोक शर्मा, सिमरिया विधायक किसुन दास, पूर्व विधायक हरे कृष्णा सिंह, जनार्दन पासवान, जयप्रकाश भोक्ता, पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, चतरा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, प्रदेश का समिति सदस्य अवधेश सिंह चेरो,लातेहार विधानसभा प्रभारी रामदेव सिंह, चतरा जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी,चतरा की जिला परिषद सदस्य निशा देवी,पलामू पूर्व जिला परिषद सदस्य लवली गुप्ता, एक मोर्चा के प्रदेश कर समिति सदस्य कामेश्वर भोक्ता, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे,चतरा जिला के जिला महामंत्री मिथिलेश गुप्ता मृत्युंजय सिंह,मोर्चा अध्यक्ष- उमेश सिंह,छोटू राजा, शीला देवी, त्रिवेणी साहू,महताब आलम, मंगल उरांव,बबन पासवान, युवा मोर्चा प्रदेश का समिति सदस्य मुकेश पांडे, चतरा लोकसभा के सभी मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे।

# छिपादोहर थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

**बरवाडीह।** छिपादोहर थाना परिसर में शनिवार को बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बरवाडीह सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार गुप्ता ने किया। श्री गुप्ता ने कहा कि बकरीद पर्व शांति और अमन का पर्व है, जिसे हर समुदाय के लोगो को आपसी भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बकरीद पर्व को लेकर सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। अफवाह फैलाने वाले या उपद्रव करने वालो लोगो को पुलिस चिन्हित कर कड़ी करवाई करेगी। बैठक में थाना प्रभारी धीरज सिंह ने कहा कि बकरीद पर्व के दौरान विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। पर्व के दौरान पुलिस अलर्ट मोड पर रहेगी।थानेदार ने किसी भी अफवाह की सूचना तुरंत पुलिस को देकर सहयोग करने की अपील की है। मौके पर एएसआई राजेश कुमार, सचिदानंद सिंह, केड मुखिया लालमन उरांव, शेर अली, दिलीप सिंह और नागेंद्र यादव समेत कई पुलिस अधिकारी और स्थानीय लोग मौजूद थे।

# कार्य के क्रम में हिंडालको के दो मजदूर चोट लगने से जख्मी



ईलाजरत घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** स्थानीय हिंडालको टोरी साइडिंग में शुक्रवार की संध्या दो हिंडालको मजदूर की कार्य करने के दौरान गंभीर चोट आई है। प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं कि हिंडालको साइडिंग के अंदर ही एक शेड का निर्माण किया जा रहा है। शेड निर्माण कार्य में ही टैरेक्स के माध्यम से लगभग 30 फीट ऊपर दोनों मजदूर के द्वारा टॉवर में तार बांधा जा रहा था। उसी दौरान दोनों मजदूर नीचे रखे हुए बॉक्साइट पत्थर पर आ गिरे उसके बाद अफरा तफरी मच गयी। बताया जाता है कि परमानेंट मजदूर धनेश प्रजापति पिता स्वगीय झुचा प्रजापति और महेश उरांव पिता स्वर्गीय एतवा उरांव दोनों मजदूर घायल है। घटना के बाद हिंडालको कंपनी साथी मजदूरों के द्वारा उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहाँ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर नीलिमा कुमारी के प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया है। डॉक्टर नीलिमा कुमारी ने बताया कि दोनों मजदूरों को गंभीर चोट आयी है। वहीं इस संबंध में टोरी साइडिंग के प्रभारी रविंद्र नाथ पांडे ने ने बताया कि शेड निर्माण का कार्य चल रहा था।

# अबुआ आवास में फर्जी समिति बनाने का आरोप, आठ पर केस

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** बीडीओ अमरेन डांग ने महुआडांड़ थाना में अबुआ आवास मामले को लेकर फर्जी समिति गठित कर धोखाधड़ी करने का आरोप लगा आठ लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई है। इस संबंध में थाना में दिए गए आवेदन में बीडीओ अमरेन डांग ने बताया कि अबुवा आवास में अफसाना खातुन, प्रशांता किण्डो, कुन्ती देवी, सरस्वती देवी महिला, दोलोरोसा मिंज, अनुप कुमार, रीना देवी वार्ड सदस्य और विकास उरांव के द्वारा फर्जी समिति गठित धोखाधड़ी किया गया। वहीं मामले को लेकर महुआडांड़ थाना कांड संख्या 28/24 धारा 419/420/34 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

**क्या है पूरा मामला :** महुआडांड़ पंचायत में अफसाना खातुन, प्रशांता किण्डो, कुन्ती देवी, सरस्वती देवी, दोलोरोसा मिंज, अनुप कुमार, रीना देवी और विकास उरांव ने कुछ दिनों पूर्व



मौके पर उपस्थित समिति के लोग

अबुआ आवास के लाभुकों के स्थिति का भौतिक जांच किया था जिसके बाद इन्होंने महुआडांड़ पंचायत में नियमों की अनदेखी कर कुछ संपन्न तो किसी को दूसरी बार व नौकरी पेशा परिवार को अबुआ आवास आवंटित करने का आरोप लगाया था। वहीं इस संबंध में अफसाना खातून ने कहा कि यह कैसा न्याय प्रणाली है, कि हमलोग अबुआ आवास में हुए भ्रष्टाचार को उजागर किए और हमलोग पर ही एफआईआर दर्ज कर दिया गया।इस संबंध में बीडीओ अमरेन डांग ने बताया कि इनलोगों ने अवैध उगाही और धोखाधड़ी की नियत से फर्जी समिति गठित किया।समिति बनाकर इस तरह से हुड़दंग मचाना न्याय संगत प्रतीत नही होता है, जिसे लेकर एफआईआर दर्ज कराई है।

# अनियंत्रित बोलेरो घर में घुसी एक की मौत, चार घायल

## गुस्साए ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



सड़क जाम करते ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** सदर थाना अंतर्गत तरवाडीह पंचायत के ग्राम कोने में एक बोलेरो गाड़ी नंबर सीजी 15डीपी 5743 जो सरजू की ओर से आ रही थी। जो नियंत्रित होकर राजदेव लोहार के घर में शुक्रवार को रात्रि करीब 2 बजे घुस गई। जिससे राजदेव लोहरा कि घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि आरती कुमारी, शकुंती देवी साथ में और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों के ईलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक के इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। यह सभी लोग एक ही परिवार के हैं। घटना से आक्रोशित होकर ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर शनिवार की सुबह 7:00 बजे नवरंग चौक के पास सड़क जाम कर दिया। जहां सुचना पाते ही प्रशासन मौके पर पहुंच घटना की जानकारी लेकर ग्रामीणों को समझा बुझा कर शांत कराया व सड़क जाम हटवाया एवं सरकारी प्रधान के अनुसार सहायता देने की बात कही गई। दोषियों पर कार्रवाई करने के भी बात प्रशासन के द्वारा कहे गए तब जाकर ग्रामीणों ने सड़क जाम को हटाया।

## अवैध बालू भंडारण करने के लिए रोका तो बालू माफियाओं ने

# प्रभारी फारेस्टर के सामने ही वन समिति सचिव की कर दी पिटाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के गोनिया पंचायत अंतर्गत बालू माफियाओं ने गड़गोमा के पास मंजुरिया मे ट्रेक्टर से अवैध बालू भंडारण कर रहे थे। अवैध बालू भंडारण करने के लिए वन सचिव द्वारिका यादव ने रोका तो प्रभारी फारेस्टर दिलीप उरांव के सामने ही उसकी पिटाई कर दी। जानकारी देते हुए भुक्तभोगी द्वारिका यादव पिता स्व नेमा यादव ने बताया की 10 जून से बालू उठाव मे रोक लगा दी गई है। मै गांव के वन समिति सचिव और वाचर हूँ। गांव के मंजुरिया के पास बुधवार 12 जून से लगातार लगभग 20 ट्रेक्टर अवैध बालू का भंडारण किया जा रहा था। जिसका हम विरोध किए। बालू भंडारण करने वाले माफिया सूरज सिंह पिता प्रकाश सिंह ने दबंगई दिखाते हुए हाथापाई कर मार पीट करने लगे और कहने लगे की हम कई साल से बालू करोबार कर रहे हैं। बालू ढोते ट्रेक्टर पकड़ाता है तो दरोगा खुद मेरा घर आकर चाभी देकर जाता है। तुम्हारा औकात क्या है। तुम अवैध बालू भंडारण करने से क्यों रोकते हो, बोला और धमकी भी दिया गया। गड़गोमा नदी से बालू भंडारण कर रहे रमेश सिंह, उमेश राणा व संतोष राणा बालू गिराकर चले गए। बालू भंडारण किए जाने के सम्बन्ध मे वनरक्षी दिलीप उरांव ने कहा की प्रत्येक दिन की तरह हम गस्ती मे आए थे। गस्ती के दौरान साथ मे (वाचर )वन समिति सचिव द्वारिका यादव की हाथपाई मार पीट




जानकारी देता वनरक्षी व भंडारण किए गए अवैध बालू

की गई है। अवैध बालू भंडारण करने वाले ट्रेक्टर किसका है इसकी पहचान कर ली गई है। आगे उन्होंने ने कहा की अवैध बालू भंडारण करने से सम्बंधित अंचलाधिकारी व थाना को सूचित कर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। कई ग्रामीणों नाम नहीं छापने के सर्त पर बताया की गड़गोमा नदी से बालू भंडारण कर सड़क निर्माण कार्य मे गड़गोमा बस्ती मे पीसीसी पथ निर्माण कार्य मे लगाया जायेगा। सड़क निर्माण कार्य करवा रहे लोगों द्वारा मामला मैनेज करने के लिए जदोजहाद से लगे हुए थे। देखने वाली बात यह होगी की बालूमाफियाओ और अवैध बालू भंडारण करवाने वाले पर कार्रवाई होती है या मैनेज खबर लिखें जाने तक अवैध बालू जब्त नहीं की गई थी। घटना स्थल पर प्रभारी फारेस्टर दिलीप उरांव पहुँचे हुए थे।

# मोटरसाइकिल से गिरकर दो युवक घायल एक रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ-लातेहार मुख्य पथ पर शनिवार को ओलहेपाट ग्राम के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र उरांव 20 वर्ष पिता बुद्धमान उरांव,रमेश उरांव 22 वर्ष पिता फूलचंद उरांव दोनों ग्राम इचाक थाना बालूमाथ निवासी अपने रिश्तेदार के यहां से लातेहार के मंगरा गांव से बालूमाथ की ओर आ रहे थे। इसी दौरान ओलहेपाट ग्राम के समीप एक तीखे मोड़ में अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए मघटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायल युवकों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

# प्रह्लाद प्रसाद उर्फ लादू बाबू को दी गयी श्रद्धांजलि,जुटे कई लोग



मौके पर मौजूद लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा के प्रसिद्ध समाजसेवी रहे प्रह्लाद प्रसाद उर्फ लादू बाबू को उनकी 9वीं पुण्यतिथि पर शनिवार को चंदवावासियों ने श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन स्थानीय प्रह्लाद बैंकट हॉल के प्रांगण में आयोजित की गई थी। जिसकी अध्यक्षता निर्मल कुमार शर्मा ने की तथा संचालन रमेश प्रसाद ने किया। सर्वप्रथम स्व लादू बाबू के चित्र पर माल्यार्पण कर तत्पश्चात बारी-बारी से पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर सभा को संबोधित करते हुए पूर्व जिपस अनिता देवी,पंसस निलम देवी, महेंद्र साहू, राजेश चंद्र पांडेय, निर्मल शर्मा, सौंडिक जयसवाल समाज के अध्यक्ष प्रमोद साहू समेत अन्य वक्ताओं ने कहा कि लादू बाबू किसी जाति धर्म के नही अपितु पूरे चंदवा समाज के लिए कार्य करते थे।

# नालंदा में हथियार के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



एजेंसी

**बिहारशरीफ।** नालंदा में सेमी ऑटोमेटिक जैसे घातक हथियार को लोड कर बाइक ड्राइव कर रहे दो बदमाश को पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से एक मैगजीन दो एंड्राइड मोबाइल बरामद किया गया है। यह जानकारी एसडीपीओ-2 संजय कुमार जायसवाल ने शनिवार को दी।

हथियार कारतूस के साथ गिरफ्तार होने वालों में पटना जिले के बाढ़ थाना क्षेत्र के रहीम गांव निवासी अजीत कुमार एवं पटना जिले के बेलछी थाना क्षेत्र के रासबाग गांव निवासी पंकज कुमार शामिल है। एसडीपीओ ने बताया कि भागन बीघा ओपी अध्यक्ष पंकज कुमार नियमित वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा खड़ेकर पकड़ा गया।

शक के आधार पर बाइक सवार दो युवकों की तलाशी ली गई। तलाशी में पुलिस को एक लोडेड सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल, एक मैगजीन एवं 15 जिंदा कारतूस मिले। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस गिरफ्तार दोनों युवकों से हथियार के संबंध में जानकारी जुटाना में लगी है। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि दोनों हथियार तस्कर हैं या किसी बड़ी घटना को अंजाम देने कहीं जा रहे थे। पुलिस यह मान कर चल रही है की सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल को लोड करके कमर में रखकर नहीं जाने की मंशा कई संदेह को जन्म देती है।

## जिला जज, डीएम व एसपी ने किया मोतिहारी पर्यवेक्षण गृह का संयुक्त निरीक्षण

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिला जज,डीएम व एसपी ने विधि विवादित किशोरों के आवासन स्थल मोतिहारी पर्यवेक्षण गृह का संयुक्त निरीक्षण किया । इस दौरान इनलोगो ने विधि विवादित किशोरों हेतु उपलब्ध करायी जाने वाली सभी सुविधाओं का जायजा लिया। संयुक्त निरीक्षण के दौरान गृह में उपलब्ध कराये जाने वाले भोजन के गुणवता इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही गर्मी के मौसम को देखते गृह के साफ- सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा प्रधान दंडाधिकारी, किशोर न्याय परिषद को निदेश दिया कि मामलों को अविलंब निष्पादन करना सुनिश्चित करे। इन्होने संयुक्त रूप से आवासित किशोरों को जीवन में पूर्व की गलतियों को भूलाकर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान गृह में कुल 67 किशोर आवासित थे। इस अवसर पर बाल संरक्षण पदाधिकारी, प्रधान दंडाधिकारी, किशोर न्याय परिषद एवं अन्य पदाधिकारीगण एवं कर्मी उपस्थित थे।

# गंडक नहर में छोड़ा पानी किसानों को मिली राहत

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** तेज धूप से तपती धरती से चितिंत किसानो के लिए राहत की खबर है। गंडक विभाग ने रोस्टर के दो दिन बाद गंडक नहर में पानी छोड़ दिया है। शुरूआती दौर में वाल्मीकी नगर बैराज से मुख्य पूर्वी कैनाल में 15 सौ क्यूसेक पानी छोड़ा गया। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आने वाले दो-तीन मे दिन में गंडक के सभी नहरों के हेड से टेल तक पानी पहुंचा दिया जायेगा।

उल्लेखनीय है,कि नहर में पानी छोड़े जाने से पिछड़ रहे खरीफ की खेती विशेषकर धान का बिचड़ा गिराने और रोपाई करने में किसानो को काफी राहत मिलेगी। वहीं नहर का पानी पाकर किसान गदगद हो गए हैं।

किसानों का कहना है कि नहर में कुछ देरी से पानी छोड़ा गया लेकिन पानी मिलने से खेती काम रफ्तार पकड़ेगी। बताते चले कि अधीक्षण अभियंता कार्यालय ने 1 जून को नहर में पानी छोड़ने का रोस्टर जारी किया था। हालांकि




बैराज व नहरों का निरीक्षण नही हो पाने के कारण पानी बिलंब से छोड़ा गया है। गंडक विभाग के जेई राकेश कुमार ने बताया कि घोड़ासहन नहर में 1 हजार क्यूसेक पानी का डिमांड की गई है। अभी शुरूआती दौर में 650 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। धीरे-धीरे अन्य सभी नहरों में पानी प्रवाह की क्षमता बढ़ायी जायेगी।

## खबर एक नजर में

### कार में अचानक लगी आग, पति के सामने पत्नी जिंदा जल मरी

**पटना।** बिहार में सारण जिले के तरैया थाना क्षेत्र के एसएच 104 स्थित बगही गांव के पास पति के सामने ही पत्नी की जिंदा जलकर मौत हो गई। दम्पति अयोध्या से रामलला के दर्शन कर कार से लौट रहा था। रास्ते में कार में आग लग गई और पत्नी की जिंदा जलकर मौत हो गई जबकि पति की किसी तरह से जान बच गई। मृतका की पहचान अवतार नगर के पकवलिया गांव निवासी दीपक राय की पत्नी सोनी देवी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दीपक राय और उनकी पत्नी सोनी देवी अयोध्या गए थे। अयोध्या में रामलला के दर्शन करने के बाद दोनों घर लौट रहे थे। इसी दौरान बगही गांव के पास स्विफ्ट डिजायर कार में आग लग गई। कार में आग लगने के बाद दीपक तो किसी तरह से कार से बाहर निकल गया लेकिन पिछली सीट पर सो रही सोनी देवी अंदर ही फंस गई। आग लगने के बाद कार का दरवाजा लॉक हो गया था। लाख कोशिश के बाद भी दीपक पत्नी सोनी को कार से बाहर नहीं निकाल पाया और उसके सामने ही उसकी जलकर मौत हो गई।

### बस स्टैंड का जायजा लेने के बाद बिफरे सांसद पप्पू यादव, कहा- जल्द हो सुधार

**पूर्णिया।** पूर्णिया के वर्तमान सांसद पप्पू यादव लगातार कई जगह औचक निरीक्षण कर रहे हैं तथा किसी न किसी विभाग में जाकर वहां की स्थितियों का जायजा ले रहे हैं। इसी क्रम में सांसद पप्पू यादव आज पूर्णिया बस स्टैंड के अंदर पहुंच गए।सोशल मीडिया पर पूर्णिया बस स्टैंड की खराब तथा जर्जर एवं जलजमाव वाली स्थिति की तस्वीरें देखकर सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव सतर्क हो गए। आज उन्होंने स्वयं बस स्टैंड का दौरा किया और वहां की हालात का जायजा लिया। बारिश के मौसम में जलभराव और गंदगी से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सांसद ने इस समस्या को गंभीरता से लिया और तत्काल सुधार के निर्देश दिए ताकि यात्रियों को असुविधा न हो। अपने दौरे के दौरान उन्होंने कहा कि हमें यात्रियों की सुविधा सर्वोपरि रखनी चाहिए।

### राजद के टिकट पर ही चुनाव लड़ूंगी: बीमा भारती

**पूर्णिया।** मैं राजद की प्रत्याशी के रूप में रूपौली विधासभा उपचुनाव लड़ूंगी। लोगों की बातों पर जाना बेकार है। उक्त बातें क्षेत्र में उठ रहे अटकलों को समाप्त करते हुए पूर्व मंत्री सह पूर्व विधायक बीमा भारती ने शनिवार को यहां कही। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में क्या-क्या अटकलें लगाई जा रही हैं उससे उन्हें कोई मतलब नहीं है। वह राजद की सिपाही हैं। राजद के टिकट पर ही रूपौली विधानसभा से उपचुनाव लड़ेंगी । यह पूछने पर कि यह सीट पिछले विधानसभा चुनाव में सीपीआई के पास थी, सीपीआई के कार्यकर्ता कह रहे हैं कि यहां महागठबंधन से सीपीआई का ही प्रत्याशी चुनाव लड़ेगा । इस बात पर उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है। यहां राजद का ही प्रत्याशी होगा तथा राजद के प्रत्याशी के रूप में वह चुनाव लड़ेंगी। यह भी पूछने पर कि चर्चा है कि राजद के सीट नहीं होने तथा सीपीआई के सीट हो जाने पर यहां से उनके पति अवधेश मंडल या उनकी पुत्री रानी भारती स्वतंत्र रूप से चुनावी मैदान में उतरेंगे। उन्होंने इन सभी बातों को खारिज करते हुए कहा कि कौन क्या बोलता है उससे मतलब नहीं है। वह कहती हैं कि ऐसी कोई बात नहीं है।

### पुलिस लाइन में स्थानीय लोगों और सिपाही के बीच जमकर मारपीट

**किशनगंज।** नगर परिषद क्षेत्र के घोड़ामारा में एक स्थानीय युवक से पुलिस लाइन में सिपाही पूछताछ कर रहे थे। इस बीच युवक के परिजन सिपाहियों के साथ भीड़ गए और दोनों के बीच जमकर मारपीट हो गई। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें लोग लाठी डंडे से मारपीट करते हुए नजर आ रहे है। युवक घोड़ामारा पुलिस लाईन निवासी अमरजीत कुमार दास है। मामले को लेकर युवक ने बताया कि वह कोचिंग से पढ़ कर घर लौट रहा था, जहां पुलिस ने उसे पुलिस लाइन के पास रोका और कागजात की जांच की। वहीं उसके बाइक और मोबाइल को जब्त कर लिया गया। जिसके बाद उसने अपने परिजन को मामले की जानकारी दी, जब वे लोग पुलिस लाइन पहुंचे तो उसकी मां मधु देवी के साथ मारपीट की गई। जिसके बाद पीड़ित युवक के परिजनों ने एसडीपीओ गौतम कुमार को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना को लेकर शनिवार को एसपी सागर कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

### अज्ञात बदमाशों ने की युवक की हत्या, छानबीन में जुटी पुलिस

**भागलपुर।** जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र के मुरारपुर जख बाबा स्थान के समीप जंगल में शनिवार को एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। शव मिलने की बात पूरे इलाके में आग की तरह फैल गई। उधर घटना की सूचना मिलने पर सिटी एसपी श्रीराज और स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। छानबीन के दौरान सिटी एसपी ने बताया कि अज्ञात बदमाशों ने एक युवक की हत्या कर दी है। इस हत्या का क्या कारण है इसका अभी पता नहीं चल पाया है। जल्द ही दोषियों को पड़कर उसके खिलाफ विधि संवत कार्रवाई की जाएगी। शव की पहचान पासी टोला के रहने वाले नीरज चौधरी के रूप में हुई है। शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजन का रो-रो कर बुरा हाल है।

### तालाब में बदमाशों ने दिया जहर, सारी मछलियां मरी

**भागलपुर।** जिले में लोदीपुर थाना क्षेत्र के गुहारिये गांव स्थित चमरिया तालाब में बदमाशों ने जहर दे दिया। जिससे तालाब की सारी मछलियां मर गई। यह तालाब 1 एकड़ 40 डिसमिल में फैला हुआ है। इस तालाब में छोटे लाल मंडल पिता स्व कंचन मंडल मछली पालन करते हैं। पीड़ित कहते हैं कि विगत 13 जून को रात्रि के करीब 11 बजे मेरे गांव के ही चंदन मंडल, तिरंगा मंडल और इन्द्रदेव मंडल ने मेरे पोखर में जहर दे दिया और भाग गया। देखते ही देखते करीब पांच क्विंटल मछली मर कर किनारे आ गया। वहीं अभी मछली छोटी है तो करीब 2 लाख का नुकसान हुआ है। लेकिन आंकड़ा करीब 10 लाख के पार है। पीड़ित छोटे लाल मंडल ने इसकी लिखित शिकायत लोदीपुर थाना में किया है।

## कार्यक्रम में बीडीओ ने जिपस को नहीं किया आमंत्रित, डीसी से शिकायत

**गढ़वा।** मझिआंव प्रखंड परिसर में गत 14 जून को आयोजित छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण कार्यक्रम में बीडीओ ने जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र कुमार सिंह को आमंत्रित नहीं किया। इस संबंध में जिपस श्री सिंह ने डीसी शेखर जमुआर को आवेदन सौंपकर मझिआंव बीडीओ को आवश्यक दिशा निर्देश देने का आग्रह किया है।

## रंका राज क्रिकेट क्लब टूर्नामेंट में लीजेंड 11 एवं बिश्रामपुर की जीत

**रंका।** स्थानीय रंका हाई स्कूल के मैदान में रंका राज क्रिकेट क्लब सीजन 4 के तहत खेले जा रहे कॉस्को क्रिकेट टूनार्मेंट के आठवें दिन लीजेंड 11 ने लगान को 38 रनों से हरा दिया। टॉस जीतकर लीजेंड 11 ने बैटिंग करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 138 रन 5 विकेट खोकर बनाए। जवाबी पारी में खेलने उतरी लगान की टीम सभी विकेट खोकर मात्र 100 रन ही बना सकी। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार रविंद्र कुमार ने लीजेंड 11 के खिलाड़ी पीयूष कुमार को दिया। वहीं दूसरा मैच बिश्रामपुर बनाम फ्लॉप 11 के बीच में खेला गया। बिश्रामपुर ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 107 रन बनाए। जिसके जवाब में उतरी फ्लॉप 11 की टीम 85 रन ही बना सकी। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार चंदन कुमार को बिश्रामपुर पंचायत के समाजसेवी सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता विवेक कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह ने दिया। बता दें कि रंका राज क्रिकेट क्लब टूनार्मेंट में चार टीमें बिश्रामपुर रंका, रेहला पलामू, स्टार क्रिकेट क्लब रंका तथा आरसीबी क्रिकेट क्लब रंका की टीमें क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर चुकी है।

# बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक



बैठक करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** 17 जून को बकरीद शांतिपूर्वक मनाने को लेकर थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक कि गई। शांति समिति की बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने की। बैठक में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी शांतिपूर्ण माहौल में बकरीद मनाने की अपील की गयी।बैठक में मौजूद विभिन्न हिंदू संगठन और मुस्लिम समाज के लोगों ने अपने-अपने विचार रखे। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने कहा कि हमें एक दूसरे के पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाना चाहिए। बकरीद पर और असामाजिक तत्वों पर पूरी तरह निगरानी रखी जाएगी। बकरीद को लेकर पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। लगातार लोगों से बातचीत कर शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की जा रही है। सभी लोग आपसी भाईचारा के साथ त्योहार मनायें। किसी भी सूरत में अफवाह फैलाने वाले लोगों को बख्शा नहीं जायेगा। बैठक में एसआई प्रदीप उरांव, एएसआई निरंजन शर्मा, नारायण प्रसाद यादव, संतोष सिंह, भवनाथपुर पंचायत मुखिया बेबी देवी, अनिल चौबे, समाजसेवी महेंद्र पासवान, पूर्व मुखिया अब्दुल अंसारी, वरुण बिहारी यादव, जमरूद्दीनअंसारी, अख्तर अंसारी, हरिकृष्ण साह, प्यारे मोहम्मद अंसारी, शमशाद अंसारी, रहीम शेख, इंद्रजीत गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

## गढ़वा वासियों की समस्या मेरी अपनी समस्या है : संध्या सोनी

**गढ़वा।** गढ़वा नगर परिषद अध्यक्ष पद की भावी प्रत्याशी संध्या सोनी पूरे शहर में टैंकर के माध्यम से पेयजलापूर्ति करायेंगी। संध्या सोनी एवं उनके पति युवा समाजसेवी दौलत सोनी ने पेयजलापूर्ति के लिए टैंकर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। टैंकरों के माध्यम से गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डां में घूम-घूम कर पेयजलापूर्ति कराया जाएगा। लगातार तीसरे साल इस कार्यक्रम की उन्होंने शुरूआत की है। मौके पर श्रीमती सोनी ने कहा कि इस भीषण गर्मी में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल की काफी समस्या है। लोगों की समस्या को देखते हुए उन्होंने लगातार तीसरे वर्ष पेयजलापूर्ति कार्यक्रम शुरू की है। श्रीमती सोनी ने कहा कि लोगों के बीच पेयजलापूर्ति बहुत पहले शुरू कर दी जाती, परंतु आदर्श आचार संहिता के कारण इस वर्ष जलापूर्ति प्रारंभ करने में देर हुई है। उन्होंने कहा कि शहर के किसी भी वार्ड का कोई भी क्षेत्र, गली, मुहल्ला अछुता नहीं रहेगा। सभी गली, मुहल्लों में नियमित रूप से पेयजलापूर्ति करायी जाएगी। उन्होंने कहा कि गढ़वा वासियों की समस्या मेरी अपनी समस्या है। शहर के लोगों की समस्याओं को वे अपनी समस्या समझते हुए निदान करने की दिशा में हमेशा तत्पर रहती हैं।

# पप्पू मांझी हत्याकांड के खिलाफ माले का आक्रोश मार्च

## हत्यारे को गिरफ्तार करने की मांग



खबर मन्त्र संवाददाता

**नवादा।** नवादा जिले के बुधौली के चर्चित मुखिया पप्पू मांझी हत्या कांड के खिलाफ भाकपा माले ने शनिवार को पकरीवरावां प्रखंड मुख्यालय में आक्रोश मार्च निकालकर हत्यारे को गिरफ्तार करने की मांग की। आक्रोश मार्च डाक बंगला मैदान से निकलकर मेन बाजार होते हुए वारिसलीगंज मोड पर सभा में तब्दील हो गई। सरकार विरोधी जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने पप्पू मांझी पीड़ित परिवार को पचास लाख रुपया मुआवजा देने , परिवार को सुरक्षा की गारंटी देने , सामंती सांप्रदायिक ताकतो को ध्वस्त करने की मांग की। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले वारिसलीगंज विधान सभा प्रभारी कॉ. अजीत कुमार मेहता ने कहा बुधौली पंचायत के मुखिया पप्पु मांझी की गोली मारकर की गई निर्मम हत्या राजनीतिक द्वेश से की गई है । तथाकथित कानून की राग अलापने वाली नीतिश कुमार की सरकार में कोई सुरक्षित नही है । चौतरफा लूट , हत्या बलात्कार की घटनाएं बेरोक -टोक जारी है । गरीबों -दलितों पर सामंती अपराधियों का मनोबल बढा है, यही कारण है कि अपराधियों में कानून का डर नहीं है। उन्होने सरकार से मांग किया कि पप्पू मांझी हत्याकांड में शामिल अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार कर स्पीडी ट्रायल चलाकर कड़ी से कड़ी सजा दी जाये, सरकार घटना की उच्चस्तरीय जांच कराए। हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो सड़क से सदन तक हम सब इस लड़ाई को लड़ेंगे। मौके पर जिला कमिटी सदस्य कॉ. महावीर मांझी, प्रखंड कमिटी सदस्य कॉ. रामनंदन मांझी सहित बड़ी संख्या में महिला शामिल थे ।

# अग्रवाल परिवार ने किया भोजन का वितरण

**गढ़वा।** अग्रवाल परिवार गढ़वा के तत्वावधान में रंका मोड़ स्थित संकट मोचन के समीप लगातार 39वें सप्ताह जरुरतमंदो के बीच भोजन का वितरण किया गया। शनिवार को इस कार्यक्रम में 200 लोगों के बीच भोजन वितरण किया गया। मौके पर हर्ष अग्रवाल ने बताया कि जन सेवा ही प्रभु सेवा है। लोगों को प्रसाद रूपी भोजन प्रदान कर बहुत तसल्ली मिलती है। मौके पर पुरुषोत्तम अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, मानस अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# सेना के हवलदार पवन कुमार के शहीद होने पर सीएम नीतीश ने जताया शोक

एजेंसी

**पटना।** जम्मू-कश्मीर के नौशेरा में बिहार में मधेपुरा जिले के पथराहा गांव के रहने वाले सेना के हवलदार पवन कुमार के शहीद होने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदन व्यक्त की है। नीतीश ने शोक संदेश में कहा है कि उनकी शहादत को देश हमेशा याद रखेगा। वे इस घटना से काफी मर्माहत हैं।

मुख्यमंत्री ने वीर सपूत की शहादत पर उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। सीएम ने कहा कि शहीद जवान के निकटतम आश्रित को राज्य सरकार की ओर से अनुमान्य अनुग्रह अनुदान दिया जायेगा। साथ ही शहीद जवान पवन कुमार का राज्य सरकार की ओर से पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जायेगा।

# इनहाउस टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का दूसरा चरण संपन्न




निदेशक के साथ शिक्षक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल में सीबीएसई गाइडलाइन के आलोक में इन हाउस टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का दूसरा चरण संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी, सचिव सुषमा केशरी तथा उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं रिसोर्स पर्सन को सम्मानित किया गया। मौके पर निदेशक ने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम एक ऐसा कार्यक्रम है जो शिक्षकों को ऐसी तकनीक और आधुनिक शिक्षा रणनीतियों से लैश करता है जो उन्हें अपने छात्रों से बेहतर तरीके से जुड़ने उन्हें प्रबंधित करने और उन्हें पढ़ाने में मदद करती है। जिससे यह सुनिश्चित होता है कि सभी छात्र सीख रहे हैं और लाभान्वित हो रहे हैं। शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम जब सही तरीके से और सही विषय वस्तु के साथ संचालित किए जाते हैं तो उनमें शिक्षकों को इस हद तक प्रशिक्षित करने की शक्ति होती है कि वे न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि इसके बाहर भी छात्रों पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं व यह प्रशिक्षण छात्रों के जीवन में भी अपना प्रभाव डालते हैं।

# केंद्र की मोदी सरकार में तेजी से हो रहा खेल का विकास : खेल मंत्री

## ताइक्वांडो से जुड़े खिलाड़ियों को भी अब मिलेगा सम्मान निधि का लाभ: मंत्री

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार में खेल का तेजी से विकास हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेल के विकास को लेकर विभाग ने खाका तैयार कर लिया है। वहां से प्रतिभा को निखार कर फलक पर लाया जायेगा। पहले कहा जाता था पढ़ोगे-लिखोगे बनोगे नवाब खेलोगे धूपोगे होगे खराब। अब खेलों में भी अव्वल प्रदर्शन करने वालो के लिए रोजगार के दरवाजे खोल दिए गये हैं। वह शनिवार को खेल भवन में ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ बिहार की ओर से आयोजित दो दिवसीय राज्यस्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शारीरिक सुरक्षा के दृष्टिकोण से ताइक्वांडो खेल को महत्वपूर्ण बताया। कहा कि ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ बिहार से जुड़े खिलाड़ियों को भी सम्मान निधि का लाभ दिया जाएगा। खेल मंत्री की इस घोषणा के बाद खेल भवन तालियों से गूंज उठा। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष ममता राय ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और साकारात्मक रहकर स्वाभाविक खेल खेलने की अपील की। इससे पहले खेल मंत्री, जिप अध्यक्ष ममता राय, समाजसेवी गप्पू राय, वीर कुंवर सिंह महा विद्यालय, आरा के प्राध्यापक प्रो. डॉ. राजीव कुमार, ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ बिहार के अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। चैंपियनशिप में 700 से अधिक खिलाड़ी दम दिखाएंगे। पहले दिन बालक व बालिका दोनों वर्ग से सब जूनियर व कैडेट कैटेगरी से खिलाड़ियों ने दम दिखाया। बालिका वर्ग में लखीसराय की तुलसी कुमारी ने पहला गोल्ड जीता। बेगूसराय की आद्या शक्ति को रजत पदक मिला, जबकि, कटिहार की कुशुम कुमारी को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। मुंगेर की कुमारी सृष्टि ने कैडेट वर्ग में गोल्ड जीता। ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को सीनियर व जूनियर कैटेगरी के मुकाबले होंगे। शनिवार को जूनियर व कैडेट कैटेगरी के मुकाबले संपन्न हो गए। उन्होंने बताया कि निर्णायक की भूमिका में यूपी के दो सहित 12 रेफरी हैं। चैंपियनशिप में बेगूसराय, कटिहार, मुंगेर सहित सूबे के कई जिलों से पहुंचे खिलाड़ियों ने जोरदार दम दिखाया। खिलाड़ियों का प्रदर्शन देखकर मौजूद दर्शकों ने जोरदार उत्साहवर्धन किया। मौके पर ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ बिहार के सह सचिव निखिल कुमार, कोषाध्यक्ष रविरंजन पांडेय, सौरभ कुमार, अजय कुमार सिंह, राजेश कुमार, मनोज सिंह, गोविंद कुमार, निर्भय कुमार, बादल कुमार, मो. मजहर इकबाल आदि उपस्थित थे।

### खेल भवन में दो दिवसीय स्टेट चैंपियनशिप शुरू




## पेज एक का शेष

### झारखंड को एक...

हावड़ा -झारसुगुड़ा चौथी लाइन का काम : जीएम ने कहा कि दक्षिण-पूर्व रेलवे में यात्री ट्रेनें और मालगाड़ियों के परिचालन को सुचारू करने के लिए चौथी लाइन तैयार की जायेगी। हावड़ा से झारसुगुड़ा तक चौथी लाइन का काम शुरू होगा, जो हावड़ा, खड़गपुर से भद्रक तक होगी। चांडिल से आद्रा और आसनसोल तक तीसरी और चौथी लाइन बनेगी। इससे ट्रेनें समय पर चलेंगी और मोबिलिटी में आसानी होगी। उसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि सालगाझुड़ी से आदित्यपुर तक तीसरी लाइन का काम चल रहा है. इस माह के अंत तक आदित्यपुर यार्ड की री-मॉडलिंग का काम पूरा हो जायेगा. सालगाझुड़ी वेस्ट तक के डेवलपमेंट का काम एडवांस स्थिति में है। टाटानगर से खड़गपुर तक तीसरी लाइन का काम 15 अक्तूबर तक पूरा कर लिया जायेगा। जनवरी 2025 तक तीसरी लाइन का काम पूरा हो जायेगा. खड़गपुर से आदित्यपुर होते हुए झारसुगुड़ा तक रेल लाइन बिछाने का काम पूरा हो जायेगा।

# नीट को लेकर सुप्रीम कोर्ट में नयी याचिका दायर

## परीक्षा रद्द करने और कोर्ट की निगरानी में सीबीआई जांच की मांग

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-यूजी 2024 को रद्द करने और पांच मई को आयोजित परीक्षा में कथित अनियमितताओं की शीर्ष अदालत की निगरानी में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआइ) या किसी अन्य स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने अपील की गई है। उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-यूजी 2024 को रद्द करने और पांच मई को आयोजित परीक्षा में कथित अनियमितताओं की शीर्ष अदालत की निगरानी में सीबीआइ या किसी अन्य स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने अपील की गई है। इस परीक्षा में शामिल हुए 20 छात्रों द्वारा दायर याचिका में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और अन्य को परीक्षा नए सिरे से आयोजित करने का निर्देश देने की भी अपील की गई है। राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (स्नातक)-2024 को लेकर सवाल उठाने वाली अलग-अलग याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक और अन्य अनियमितताओं के आरोपों की सीबीआई से जांच के अनुरोध वाली याचिका पर केंद्र और एनटीए से जवाब मांगा था। नयी याचिका में कहा गया है कि व्यापक अनियमितताओं और धांधली को

- 20 छात्रों ने दायर की याचिका नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने की कोर्ट से अपील की
- बिहार में प्रश्नपत्र लीक होने व अनियमितताओं के आरोप



देखते हुए पुनः परीक्षा से केवल योग्य छात्रों को चिकित्सा संस्थानों में प्रवेश पाने में मदद मिलेगी। अधिवक्ता धीरज सिंह के माध्यम से दाखिल की गई याचिका में कहा गया, मीडिया की खबरों के अनुसार प्रश्नपत्र लीक होने के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई और कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है ऐसे में परीक्षा की शुचिता पर सवाल खड़े होते हैं। एनटीए द्वारा घोषित परिणाम से पता चला है कि 67 उम्मीदवारों को 720 में से 720 अंक मिले हैं। इसमें कहा गया कि उपरोक्त अनियमितताओं की सीबीआई या किसी अन्य स्वतंत्र एजेंसी या इस न्यायालय की देखरेख में समिति द्वारा गहन जांच की जानी आवश्यक है, ताकि बड़ी संख्या में मेधावी छात्रों के साथ न्याय हो सके। न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति या किसी अन्य स्वतंत्र एजेंसी को न्यायालय की निगरानी में शैक्षणिक पृष्ठभूमि की पड़ताल, फॉरेंसिक विश्लेषण और 620 तथा उससे अधिक अंक पाने वाले उम्मीदवारों केसंबंध में जांच करने सहित परीक्षा बाद विश्लेषणका निर्देश दिया जाए।

### धांधली के विरोध में 19-20 जून को सड़क पर उतरेंगे छात्र

**नयी दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) के अध्यक्ष धनंजय ने नीट-यूजी में कथित धांधली के विरोध में 19-20 जून को राष्ट्रीयव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है।

जेएनयूएसयू अध्यक्ष ने शनिवार को नीट-यूजी के मुद्दे पर ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि एनटीए के कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार की कहानी कोई नई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े पैमाने पर धांधली उजागर होने के बाद देशभर के छात्रों को एहसास हो गया है कि नीट-यूजी 2024 में जो हुआ वह एक नमूना मात्र है असल बीमारी राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ही है। छात्र नेता ने कहा कि एनटीए ने भ्रष्टाचार को संस्थाबद्ध कर दिया है। हम इसके विरोध में नीट आवेदकों और अभिभावकों के साथ अब सड़कों पर उतरेंगे।

परीक्षा में कथित धांधली के लिए सरकार की ओर से बनाई गई समिति पर सवाल खड़ा करते हुए उन्होंने कहा कि इस मामले में एनटीए का रवैया शर्मनाक है। घोटाले के बाद, घोटाले की जांच भी अब घोटाले के अभियुक्त करेंगे।

### रूस के चार क्षेत्रों से सैनिक हटाने पर होगा संघर्ष विराम : पुतिन

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को कहा कि रूस के चार क्षेत्रों से अगर यूक्रेन सैनिकों को हटाना शुरू करता है जिसे उसने वर्ष 2022 में अपनी सीमा में मिला लिया था और नाटो में शामिल नहीं होने का वादा करता है तो वे तत्काल संघर्ष विराम का आदेश देने के साथ और वार्ता शुरू करेंगे। लेकिन यूक्रेन ने पुतिन के इस प्रस्ताव को बेतुका करार दिया है। वहीं, यूक्रेन ने यह मांग भी की है कि रूस उसके सभी क्षेत्रों से अपने सैनिक हटा ले। पुतिन ने कहा कि उनके प्रस्ताव का उद्देश्य यूक्रेन में संघर्ष का ठोस समाधान निकालना है। उन्होंने कहा कि रूस बिना देरी किये बातचीत शुरू करने को तैयार है। राष्ट्रपति ने शांति के लिए जो मांग पत्र तैयार किया है उसमें यूक्रेन का गैर-परमाणु देश का दर्जा, सैन्य बलों पर पाबंदियां और यूक्रेन में रूसी भाषी लोगों के हितों की रक्षा करना शामिल हैं।

## स्पीड न्यूज

### 23 जून को होगी इग्नू की परीक्षा

**नयी दिल्ली।** इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) की पूरे भारत में जून सत्रांत परीक्षायें अभी चल रही हैं, जो 15 जुलाई तक चलेंगी। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि 18 जून को यूजीसी नेट के एग्जाम के कारण इग्नू का एग्जाम अब 23 जून को कर दिया गया है। इग्नू के अन्य सभी परीक्षायें पहले से निर्धारित डेट शीट के अनुसार ही आयोजित किये जायेंगे। इग्नू ने विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुये एक नोटिफिकेशन जारी कर 18 जून के एग्जाम को 23 जून को री-शेड्यूल करने का निर्णय लिया है।

### येदियुरप्पा सीआइडी के समक्ष कल होंगे पेश

**नयी दिल्ली।** वरिष्ठ भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा ने शनिवार को बताया कि वह उनके खिलाफ दर्ज पॉक्सो मामले में पूछताछ के लिए 17 जून को सीआईडी के सामने पेश होंगे। येदियुरप्पा ने कहा कि उनके खिलाफ साजिश की गई है, जिसका जनता जवाब देगी। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक हाई कोर्ट ने शुक्रवार को सीआईडी को येदियुरप्पा को गिरफ्तार किए जाने पर रोक लगा दी थी। न्यायालय ने कहा था कि वे समान्य व्यक्ति नहीं है, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हैं। साथ ही वे जांच में सहयोग देने के लिए तैयार हैं।

### चंद्रयान-1 के पूर्व निदेशक श्रीनिवास हेगड़े का निधन

बेंगलुरु। प्रथम चंद्रमा मिशन 'चंद्रयान-1' के पूर्व निदेशक श्रीनिवास हेगड़े का शुक्रवार को यहां निधन हो गया। 71 वर्षीय हेगड़े ने एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह कुछ समय से अस्वस्थ थे। उनका इस अस्पताल में इलाज चल रहा था। उनके परिवार में पत्नी और दो पुत्र हैं। हेगड़े तीन दशक से अधिक समय तक इसरो से संबद्ध रहे। उन्होंने अंतरिक्ष एजेंसी के कई ऐतिहासिक मिशन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनमें से सबसे उल्लेखनीय 2008 में लॉन्च किया गया चंद्रयान -1 था। यह भारत का पहला चंद्र मिशन था। इस मिशन ने चंद्रमा पर पानी के अणुओं की अभूतपूर्व खोज की।

### इजराइल पर हिजबुल्ला का ताबड़तोड़ हमला

**यरुशलम।** ईरान समर्थित लेबनान के सशस्त्र संगठन हिजबुल्ला ने शुक्रवार को इजराइल पर लगातार तीसरे दिन राकेटों से ताबड़तोड़ हमला किया। इजराइली एयर डिफेंस सिस्टम ने जवाबी कार्रवाई करते हुए 35 राकेटों में से अधिकांश को मार गिराया। हालांकि कुछ रॉकेट ने इजरायल को नुकसान पहुंचाया है। इसके बाद इजराइली लड़ाकू विमानों और टैंकों ने हिजबुल्ला के कब्जे वाले इलाकों पर हमले किए। इन हमलों में दो लोगों के मारे जाने और कई के घायल होने की सूचना है।

### रामफोसा फिर चुने गये अफ्रीका के राष्ट्रपति

**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका की सत्तारुढ़ अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) के नेता सिरिल रामफोसा को संसद ने अगले पांच साल के लिए शुक्रवार को दोबारा राष्ट्रपति चुन लिया है। मुख्य न्यायाधीश रेमंड जोडो ने नेशनल असेंबली की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए घोषणा की कि राष्ट्रपति चुनाव में श्री रामफोसा को 283 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंदी इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स के उम्मीदवार जूलियस मालेमा को महज 44 वोट मिले।

### कर्नाटक में पेट्रोल डीजल हुआ महंगा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में वाहन चालकों को बड़ा झटका लगा है। राज्य सरकार ने शनिवार को ईंधन पर खुदरा बिक्री कर बढ़ा दिया है। इसके बाद राज्य में पेट्रोल 3 रुपये और डीजल 3.50 रुपये प्रति लीटर महंगा हो गया है। वित्त विभाग के संयुक्त सचिव नीतीश के. ने तत्काल प्रभाव से लागू होने वाली अधिसूचना जारी की है।

# अलकनंदा नदी में गिरा वाहन, 14 लोगों की मौत

## ऋषिकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ हादसा, 12 घायल

एजेंसी

**रुद्रप्रयाग।** ऋषिकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रुद्रप्रयाग से लगभग तीन किमी की दूरी पर रैंतोली के निकट यात्रियों से भरा टेम्पो ट्रेवलर वाहन गहरी खाई में जा गिरा। वाहन में चालक सहित कुल 26 लोग सवार थे। घटना में 14 लोगों की मौत जबकि 12 लोग घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायल सात यात्रियों को हेलीकॉप्टर की मदद ऋषिकेश एम्स भेजा गया, जबकि अन्य घायलों को जिला अस्पताल और कोटेश्वर अस्पताल में इलाज चल रहा है। गुरुग्राम से तुंगनाथ-चोपता 26 लोगों को लेकर जा रहा एक टेम्पो ट्रेवलर वाहन शनिवार को प्रातः 11 बजे के करीब रुद्रप्रयाग मुख्यालय के समीप रैंतोली के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन हाईवे से करीब दो सौ मीटर गहरी खायी में जा गिरा, जिसके चलते दस लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर एसडीआरएफ, पुलिस,



डीडीआरएफ और अन्य रेस्क्यू टीमे मौके पर पहुंची। रेस्क्यू टीमों के साथ स्थानीय लोगों ने सबसे पहले घायल मरीजों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया। घटना में सात गंभीर घायलों की नाजुक स्थिति को देखते हुए हेलीकॉप्टर से ऋषिकेश एम्स के लिए रेफर किया गया जबकि नौ घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर्स ने एक व्यक्ति को मृत्य घोषित कर दिया जबकि एक व्यक्ति की मृत्यु इलाज के दौरान हो गई। एयरलिफ्ट किये गये सात घायलों में दो लोगों की एम्स ऋषिकेश में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार घटना में 14 लोगों की मौत हो गई है जबकि पांच गंभीर घायलों का इलाज ऋषिकेश एम्स और सात घायलों का जिला चिकित्सालय में चल रहा है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि वाहन में कुल 26 लोग सवार थे। घटना में मौके पर ही दस लोगों की मौत हो गई थी जबकि दो यात्रियों की मौत एक्स ऋषिकेश और दो यात्रियों की जिला अस्पताल में हुई है।

### प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने जताया शोक

दुर्घटना पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय ग्रह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुख जताया है। साथ ही प्रधानमंत्री की ओर से सड़क हादसे में मारे गये लोगों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये के मुआवजे का ऐलान किया है।

### पांच साल में 250 से अधिक वंदे भारत, 300 से अधिक अमृत ट्रेनें चलेंगी : वैष्णव

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे पांच साल के भीतर 250 से अधिक वंदे भारत और 300 से अधिक अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चलाएगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि वंदे भारत का स्लीपर का ढांचा बन चुका है और अब साजसज्जा की जा रही है। दो माह के भीतर इसके ट्रायल यानी परीक्षण शुरू हो जाएंगे। अगले छह माह के भीतर ये गाड़ी पटरियों पर दौड़ने लगेगी। उन्होंने कहा कि वंदे भारत के मौजूदा चेयरकार संस्करण के परिचालन के अनुभवों के आधार पर निरंतर सुधार की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि वंदे भारत के स्लीपर संस्करण में गुरुत्वाकर्षण का केन्द्र ऊंचा होने के कारण उसे संतुलित करने के लिए नीचे के बेस को भारी बनाना जरूरी है। वंदे भारत के स्लीपर संस्करण और चेयरकार के नये संस्करण में मोटर की डिजायन और बोगी की डिजायन में सुधार किया गया है। उन्होंने कहा कि वंदे भारत के स्लीपर संस्करण 16, 20 या 24 कोच वाले सेट होंगे। वैष्णव ने कहा कि गैर वातानुकूलित स्लीपर व जनरल कोच वाली अमृत ट्रेन के दो सेट की कामयाबी के बाद उसके निर्माण को गति दी गयी है।

# मोदी किसानों के लिए जारी करेंगे 20 हजार करोड़ रुपये

एजेंसी

**नयी दिल्ली** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पीएम किसान योजना के तहत 20,000 करोड़ रुपये की 17वीं किस्त वाराणसी से 18 जून को जारी करेंगे। इस मौके पर स्वयं सहायता समूहों को प्रमाण पत्र प्रदान करेंगे। यह जानकारी केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में दी। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि कृषि व किसान प्रधानमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद सबसे पहले 9.26 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों को पीएम किसान योजना के तहत 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि की 17वीं किस्त वाराणसी से जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी यहां पर 30,000 से अधिक स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को कृषि सखियों के रूप में प्रमाण पत्र भी प्रदान करेंगे। एक प्रतीक के रूप में प्रधानमंत्री 5 कृषि सखियों को प्रमाण पत्र वितरित करेंगे। कृषि मंत्री ने कहा कि किसान सम्मान निधि 24 फरवरी 2019 को शुरू की गई एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जिसका उद्देश्य भूमि-धारक किसानों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करना है। भारत सरकार ने देश भर में अब तक ऐसे 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.04 लाख करोड़ रुपये से अधिक धनराशि का वितरण किया है। इस बार योजना की शुरूआत से लाभार्थियों को हस्तांतरित कुल राशि 3.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने बताया प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत प्रत्यक्ष लाभ अंतरण मोड (डीबीटी) के माध्यम से देश भर के किसानों के परिवारों के बैंक खातों में हर चार महीने में तीन समान किस्तों में 6,000 रुपये प्रति वर्ष का वित्तीय लाभ हस्तांतरित किया जा रहा है।

**पीएम किसान योजना की 17वीं किस्त की सौगात 18 जून को वाराणसी में देंगे प्रधानमंत्री**



## मध्य प्रदेश में शराब फैक्टरी में छापा, 58 बाल श्रमिक हुये मुक्त

**नयी दिल्ली।** बाल मजदूरी की रोकथाम के लिए सख्त कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन (बचपन बचाओ आंदोलन) के साथ मिलकर मध्यप्रदेश के रायसेन जिले में शराब बनाने की एक फैक्टरी में छापेमारी की और 58 बाल मजदूरों को मुक्त कराया। बचपन बचाओ आंदोलन की सूचना पर एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो की अगुवाई में सोम डिस्टिलरी से मुक्त कराए गए बच्चों में 19 लड़कियां और 39 लड़के हैं। इस मामले में कानूनी कार्रवाई जारी है और बच्चों को सुरक्षित जगह भेज दिया गया है।

**बचपन बचाओ आंदोलन की शिकायत पर एनसीपीसीआर ने सोम डिस्टिलरी में की कार्रवाई**



## भाजपा की चार सदस्यीय समिति करेगी प. बंगाल के हिंसाग्रस्त इलाकों का दौरा

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने पश्चिम बंगाल में हुई राजनीतिक हिंसा पर चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस समिति का संयोजक सांसद बिप्लब कुमार देब को बनाया गया है। इस समिति में सांसद रविशंकर प्रसाद, सांसद बृजलाल, सांसद कविता पाटीदार शामिल हैं। शनिवार को भाजपा की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पश्चिम बंगाल का दौरा कर स्थिति का तत्काल जायजा लेने और वहां की स्थिति की रिपोर्ट पार्टी अध्यक्ष को देने के लिए एक समिति का गठन किया है। भाजपा का आरोप है कि बाकी राज्यों से उलट पश्चिम बंगाल चुनाव के बाद भी हिंसा की चपेट में बना हुआ है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मूकदर्शक बनी हुई हैं, जबकि उनकी पार्टी के अपराधी बेखौफ होकर विपक्ष के कार्यकताओं और मतदाताओं पर हमला करते हैं और उन्हें डराते-धमकाते हैं। यहां तक कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने भी इन परिस्थितियों पर ध्यान दिया है और सुरक्षाबलों की तैनाती 21 जून तक बढ़ा दी है। मामले को 18 जून को आगे की समीक्षा के लिए भी सूचीबद्ध किया है।

## विधानसभा का चुनाव भी मिलकर लड़ेगी महाविकास आघाड़ी : उद्धव

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि महाविकास आघाड़ी के सभी घटक दल लोकसभा चुनाव के जैसे ही विधानसभा का चुनाव भी मिलकर लड़ेंगे। उद्धव ने बताया कि इस संदर्भ में आज सहयोगी दलों की पहली बैठक हुई है। इसमें यह तय किया गया है कि सभी घटक दल राज्य की सभी विधानसभा क्षेत्रों का जायजा लेंगे और उसके बाद उम्मीदवार तय करने पर चर्चा करेंगे। उद्धव ठाकरे मुंबई में महाविकास आघाड़ी की संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर राकांपा के अध्यक्ष शरद पवार, कांग्रेस नेता बालासाहेब थोरात, पूर्व मुख्यमंत्री



पृथ्वीराज चव्हाण और जयंत पाटिल उपस्थित थे। शरद पवार ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र में 18 सभाएं कीं। उन जगहों पर हमारे उम्मीदवारों को फायदा हुआ। पवार ने मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि वह विधानसभा चुनाव में जितनी अधिक सभाएं करेंगे, हमें उतना ही फायदा होगा।

### सनी लियोनी स्कूल में बच्चों के साथ की मस्ती



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस सनी लियोनी कर्नाटक में अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट की शूटिंग में काफी बिजी हैं। हाल ही में उन्होंने शूटिंग से वक्त निकालकर कब्बाली नामक एक छोटे से गांव के स्कूल का दौरा किया। वह क्लास रूम में जाती हैं, गेम्स खेलती हैं और स्टूडेंट्स के साथ तस्वीरें क्लिक कराती हैं।

# मध्य प्रदेश के मदरसों में पढ़ रहे हैं हिंदू बच्चे

एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मदरसों में हिंदू बच्चे भी पढ़ रहे हैं। 9,417 हिंदू बच्चे हैं, जिन्हें मदरसों में उर्दू के साथ इस्लाम की तालीम दी जा रही है। चौकाने वाली बात यह है कि इन मदरसों को प्रदेश सरकार आर्थिक सहायता भी प्रदान कर रही है। मदरसों में न तो सुरक्षा के इंतजाम हैं और न ही एनसीईआरटी की शिक्षा व्यवस्था लागू है।

यह खुलासा शुक्रवार को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने किया है। कानूनगो ने शुक्रवार को भोपाल प्रवास के दौरान मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रदेश में मदरसे अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं, लेकिन इस ओर स्कूल शिक्षा विभाग का कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने प्रदेश सरकार से हिंदू बच्चों को तत्काल मदरसों से बाहर निकालकर स्कूलों में प्रवेश दिलाने की मांग करते हुए कहा कि हम प्रदेश सरकार को पहले भी मदरसों का सर्वे और उनकी मैपिंग कराने की मांग कर चुके है। इसमें यह भी देखा जाना चाहिए कि इन मदरसों में पढ़ाने वाले शिक्षक निर्धारित शैक्षिक योग्यता पूरी करते हैं या नहीं।

**18 जून को मुख्य सचिव को तलब किया :** कानूनगो शुक्रवार को मंत्रालय भी पहुंचे। उन्होंने यहां प्रदेश में बाल संरक्षण की स्थिति जानने के 12 विभागों की समीक्षा की। उनके अनुसार, वक्फ बोर्ड ने जानकारी दी है कि प्रदेश में चार यतीम खाने संचालित हैं, लेकिन यह किशोर न्याय अधिनियम के तहत शासन में पंजीकृत नहीं हैं। ऐसे सभी मुद्दों को लेकर आयोग ने 18 जून को मप्र के मुख्य सचिव को रिपोर्ट के साथ तलब किया है।

आयोग ने प्रदेश के डिंडोरी, दमोह में सरकारी मदद से चल रहे मिशनरी आश्रमों और एनजीओ की जानकारी भी मांगी है। मध्य प्रदेश में ऐसे 56 आश्रम, 30 स्कूल संचालित हैं।

कानूनगो ने बताया कि मध्य प्रदेश में लगभग एक हजार बच्चे एचआईवी से पीड़ित हैं। पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत 2221 मामले दर्ज किए गए हैं लेकिन मध्य प्रदेश में ऐसे मामले अधिक हैं। इसकी हम जांच करेंगे। आयोग ने पुलिस मुख्यालय से ऐसे पीड़ित बच्चों का डाटा और दर्ज प्रकरणों की जानकारी मांगी है।

- राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष कानूनगो ने किया खुलासा
- 9417 बच्चों को उर्दू के साथ दी जा रही इस्लाम की तालीम



वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !